इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित

मूल्य ₹ 3.00

RNI. Reg. MPHIN/2019/78560

दैनिक
# विनय उजाला

अलीराजपुर
रविवार, 13 अप्रैल 2025
वैशाख कृष्ण पक्ष - प्रतिपदा
वर्ष : 06 | अंक : 133
कुल पृष्ठ : 12




पूरन और मार्करम के तूफान में ... 11

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!

## संक्षिप्त समाचार

### सुरक्षाबलों ने जैश के 3 आतंकी मार गिराए, एक जवान शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-जिले के अखनूर में शनिवार को आतंकवादियों से मुठभेड़ में 9 पंजाब रेजिमेंट के जेसीओ कुलदीप चंद शहीद हो गए। अखनूर के केरी बट्टल इलाके में शुक्रवार देर रात एनकाउंटर शुरू हुआ था। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेरा हुआ है। सेना ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। वहीं, शुक्रवार को किश्तवाड़ जिले के घने जंगलों में एनकाउंटर के दौरान सुरक्षाबलों ने शुक्रवार देर रात तक 3 आतंकियों को मार गिराया। ऑपरेशन रात से चल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए तीनों आतंकी जैश-ए-मोहम्मद के हैं। इनमें टॉप कमांडर सैफुल्लाह भी शामिल है।




### मुख्यमंत्री ने महू में हाईटेक सुविधाओं से युक्त कामधेनु गौ-शाला का किया भूमिपूजन

# प्रदेश के सभी बड़े नगर निगम क्षेत्रों में गौशालाएं बनेंगी: सीएम डॉ. यादव

विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में गौ-संरक्षण और संवर्धन की दिशा में राज्य सरकार द्वारा तेजी से संकल्पबद्ध होकर कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में गौ-शालाओं के माध्यम से गौ-सेवा की नई इबारत लिखी जाएगी और प्रदेश में नई दुग्ध क्रांति लाई जाएगी। इससे दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के साथ ही दुग्ध उत्पादकों की आमदनी में भी वृद्धि की जाएगी।**

मुख्यमंत्री इंदौर जिले के महू-मंडलेश्वर मार्ग पर स्थित आशापुरा में प्रदेश में हाईटेक कामधेनु गौ-शाला के भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस गौ-शाला में 10 हजार गायों के पालन की व्यवस्था रहेगी। गौ-शाला लगभग 25 हेक्टेयर क्षेत्र में बनाई जा रही है। इस गौ-शाला का निर्माण इंदौर नगर निगम द्वारा किया जायेगा। इसकी देखरेख की जिम्मेदारी भी नगर निगम ही संभालेंगी। गौ-शाला के संचालन में संत समाज का सहयोग भी लिया जाएगा। गायों के पालन और संरक्षण के लिए सभी जरूरी सुविधाएं गौ-शाला में रहेंगी। गौ-शाला क्षेत्र में सघन पौधरोपण भी किया जाएगा।



**गौ-सेवा कर बछिया को दुलारा**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम के प्रारंभ में गौमाता का पूजन कर गौ-ग्रास भी खिलाया। मुख्यमंत्री ने बछिया को गोद में लेकर स्नेह से दुलार किया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने अपने सम्बोधन में कहा कि मध्यप्रदेश में हर क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में विकास की नयी इबारत लिखी जा रही है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा गौ-वंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये कृत संकल्पित होकर कार्य किये जा रहे हैं। हातोद स्थित गौ-शाला का कायाकल्प किया गया। इसे उच्च सुविधाओं से युक्त किया गया है। इससे गायों की संख्या बढ़कर 650 से 2 हजार हो गयी। इंदौर देश की एकमात्र ऐसी नगर निगम होगी जहाँ गौ-सेवा के लिए सवा सौ बीघा भूमि पर गौ-शालाए होंगी।

### दुग्ध उत्पादकों को मिलें बेहतर दाम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है। किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए राज्य शासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश में निराश्रित गौ-वंश की समस्याओं का समाधान गौ-शालाओं के माध्यम से किया जा रहा है। प्रदेश के सभी बड़े नगरों में हजारों गौ-वंश क्षमता की गौ-शालाएं स्थापित कर उनका बेहतर संचालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

### गौ-माता की सेवा हमारी संस्कृति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गौ-माता की सेवा हमारी संस्कृति एवं संस्कारों का अहम हिस्सा है। गौ-वंश के संरक्षण और संवर्धन के लिये राज्य शासन निरंतर प्रयासरत है। गौ-वंश को बढ़ावा देने के लिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर के नाम से योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना में गौ-वंश पालकों को अनुदान दिया जाएगा। गौ-संरक्षण एवं गौ-संवर्धन के लिए मध्यप्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है।

# बंगाल में हालात बेकाबू, 3 की मौत, सेना होगी तैनात

### वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शनकारियों ने की हिंसा, हाईकोर्ट हुआ सख्त

कोलकाता, एजेंसी



**कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल के हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के आदेश दिए हैं। विधानसभा में नेता विपक्ष सुवेंदु अधिकारी की याचिका पर कोर्ट ने आदेश जारी किया है।**

मुर्शिदाबाद जिले में शनिवार को फिर हिंसा भड़क गई। हिंसक भीड़ ने पीट-पीटकर पिता-बेटे की हत्या कर दी। इनकी पहचान हरगोविंद दास (पिता) और चंदन दास (बेटे) के रूप में हई है। दोनों हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाते थे। वहीं, गोली लगने से एक अन्य घायल हो गया। एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) जावेद शमीम ने कोलकाता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया- आज की घटना का ब्योरा अभी उपलब्ध नहीं है। पुलिस की ओर से गोली नहीं चली है, बीएसएफ की ओर से हो सकता है। ये शुरुआती जानकारी है। घायल खतरे से बाहर है। अब तक 118 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### स्मार्टफोन-लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स टैरिफ के दायरे से रहेंगे बाहर

**नई दिल्ली।** डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने स्मार्टफोन और लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स को रेसिप्रोकल टैरिफ के दायरे से बाहर रखा जाएगा। इस कदम से लोकप्रिय उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों की कीमतों को कम रखने में मदद मिलेगी, जो आमतौर पर अमेरिका में नहीं बनते हैं। शुक्रवार को की गई घोषणा से एप्पल और सैमसंग जैसी बड़ी टेक कंपनियों को भी फायदा होगा। अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा विभाग ने कहा कि स्मार्टफोन, लैपटॉप, सेमीकंडक्टर और फ्लैट-पैनल मॉनिटर बनाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली मशीनों जैसी वस्तुओं को भी छूट दी जाएगी। अमेरिका कस्टम एंड बॉर्डर पेट्रोल ने नोटिस जारी कहा है कि इन उपकरणों को 10 प्रतिशत वैश्विक टैरिफ से बाहर रखा जाएगा।

# नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट में एक जवान शहीद, एक घायल

रांची,(हि.स.)

पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में आईईडी ब्लास्ट में झारखंड जगुआर के कांस्टेबल सुनील धान शहीद हो गए। वहीं मुठभेड़ में कोबरा का एक जवान घायल भी हुआ है। दोनों घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया था, लेकिन राज अस्पातल में इलाज के क्रम में सुनील धान शहीद हो गए।

झारखंड पुलिस मुख्यालय के अनुसार, शनिवार को नक्सलियों के खिलाफ अभियान के दौरान नक्सलियों के जरिये पहले से जमीन के नीचे लगा कर रखे गए आईईडी में ब्लास्ट किया गया। इस हमले में कोबरा 203 बटालियन के हेड कांस्टेबल विष्णु सैनी और झारखंड जगुआर के कांस्टेबल सुनील धान घायल हो गए। दोनों घायल जवानों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से तत्काल एयरलिफ्ट कर रांची भेजा गया। लेकिन इलाज के क्रम में घायल सुनील धान ने दम तोड़ दिया। घटना छोटानागरा और जराईकेला थाना क्षेत्र की सीमा से सटे जंगल में हुई। जब कोबरा 203 बटालियन और झारखंड जगुआर की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान के तहत गश्त पर थी।




# जल की हर बूंद में जीवन, हर स्रोत में भविष्य का आधार : मुख्यमंत्री

## जल गंगा संवर्धन अभियान : जल संरचनाओं के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार में जन-भागीदारी का संकल्प

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आप: सुजिरा अमृत: सुवर्चा: शंभू मयोभू:, अर्थात जल न केवल अमृतस्वरूप है, बल्कि शुभ, पवित्र और जीवनदायक भी है। उन्होंने कहा है कि जल जीवन जीने का संसाधन मात्र नहीं, अपितु हमारा सनातन संस्कार है। हमारे ग्रंथ कहते हैं कि जल की हर बूंद में जीवन है और हर स्रोत में आने वाले कल का भविष्य छिपा है। इसलिए इस अमूल्य धरोहर की किसी भी मूल्य पर रक्षा करना हमारा दायित्व है। इसी दायित्व की पूर्ति के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' संचालित किया जा रहा है। इसमें नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के साथ-साथ पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं का जीर्णोद्धार, जल स्त्रोतों और जल वितरण प्रणालियों की साफ सफाई, जल स्त्रोतों के आस-पास पौध रोपण के कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। जन-जागरुकता अभियानों के माध्यम से प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में इस अभियान में जन-भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।





### बुरहानपुर में जल संरक्षण के साथ पर्यावरण संतुलन का प्रयास

जल गंगा संवर्धन अभियान में वन विभाग द्वारा जिले के वन क्षेत्रों में स्थित जल-स्त्रोतों की सफाई, तालाब, बावड़ियों, स्टॉप डेम का गहरीकरण और पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। सोलाबरडी और गढ़ताल रेंज वन क्षेत्रों समेत जिले के 67 चिन्हित जल-स्त्रोतों की सफाई और गहरीकरण का काम किया जा रहा है। वन विभाग का अमला स्थानीय नागरिकों की भागीदारी से नदी, तालाबों, बावड़ियों में जमा कचरा, सूखे पत्ते, गाद और झाड़ियां को हटा रहा है। अमरावती नदी के तटों पर भी वृहद स्तर पर सफाई अभियान जारी है। इससे मानसून के दौरान इन स्त्रोतों में पानी का भराव आसानी से हो सकेगा। जल संरचनाओं में पानी का भराव होने से वन्य जीवों और पक्षियों को भी राहत मिलेगी और भूजल स्तर बना रहने से पर्यावरण भी संतुलित रहेगा।

### शिवपुरी एवं शहडोल में श्री हनुमान जन्मदिवस पर सामुदायिक श्रमदान

शिवपुरी जिले के विकासखंड शिवपुरी में निवर्तमान नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बूढ़ीबरोद, सेक्टर सुरवाया व ग्राम विकास समिति धुवानी के संयुक्त प्रयास से ग्राम धुवानी तालाब में श्रमदान कर मिट्टी हटाई गई और जल संरक्षण हेतु प्रेरणा दी गई। वहीं, शहडोल जिले में हनुमान जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन एवं नगरपालिका के संयुक्त तत्वावधान में प्राचीन विराटेश्वर मंदिर परिसर में स्थित बाणगंगा कुण्ड में सफाई अभियान चलाया गया। विधायक मनीषा सिंह, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने इस अभियान में भाग लेते हुए जल संरक्षण की शपथ भी ली।

**छिंदवाड़ा जिले में सक्रिय जनसहयोग :** छिंदवाड़ा जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में 30 मार्च से शुरू हुए कार्यों के अंतर्गत कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह ने जनपद पंचायत जुन्नारदेव पहुंच कर बुधवारा गांव में तालाब के गहरीकरण हेतु ग्रामवासियों के साथ मिलकर श्रमदान किया। तालाब के जीर्णोद्धार के साथ ही इसमें जमा गाद निकालकर सफाई की जा रही है। इसी के साथ छिंदवाड़ा जिले की जन अभियान परिषद शाखा ने कन्हांन नदी तट की सफाई करते हुए जल संरक्षण की शपथ दिलाई।

**देवास जिले में नये एवं पुराने जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार :** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों को साकार करने के उद्देश्य से देवास जिले में भी 'जल गंगा संवर्धन अभियान' 30 मार्च से 30 जून तक चल रहा है। कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह एवं जिला पंचायत के सीईओ श्री हिमांशु प्रजापति के मार्गदर्शन में नये तालाबों का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही पुराने तालाबों, बावड़ियों, नदियों एवं कुँओं का जीर्णोद्धार व पौधारोपण के कार्य जन-भागीदारी से किये जा रहे हैं। जिले की जनपद पंचायत खातेगांव में ग्राम पंचायत बछखाल के बोरदा गांव में तालाब का गहरीकरण किया गया है। इसी क्रम में जिला प्रशासन एवं ग्रामीणों के जनसहयोग से जिले की जनपद पंचायत देवास की ग्राम पंचायत गदाईशा पीपल्या में तालाब का गहरीकरण किया जा रहा है। इससे बारिश के दिनों में जल-संचय बढ़ेगा जिससे पेयजल एवं कृषि दोनों के लिए पानी उपलब्ध हो सकेगा।

**अभियान का समग्र उद्देश्य :** इस अभियान के अंतर्गत नई जल संरचनाओं का निर्माण और पुरानी संरचनाओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जल स्त्रोतों और जल वितरण प्रणालियों की सफाई के साथ-साथ उनके आस-पास पौधारोपण को प्राथमिकता दी जा रही है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जन-जागरुकता अभियानों के माध्यम से लोगों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा रही है। 'जल गंगा संवर्धन अभियान' का उद्देश्य न केवल जल संरचनाओं के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार में सहायता प्रदान करना है, बल्कि सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व वाले जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करते हुए वर्तमान एवं भविष्य की पीढ़ियों में भारत के स्वर्णिम अतीत से परिचय एवं प्रेरणा का संचार करना भी है। अभियान में मशीन, सामग्री व श्रम का समुचित नियोजन कर आमजन, स्थानीय समुदाय, जनप्रतिनिधि एवं सरकार का संयुक्त प्रयास सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस महत्त्वपूर्ण अभियान में एकजुटता के साथ भाग लेकर जल संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

# हनुमान जयंती पर दुर्गा हनुमान मंदिर में हुआ भव्य धार्मिक आयोजन



## 1100 हनुमान चालीसा पाठ, महाआरती और भंडारे में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर राजधानी स्थित दुर्गा हनुमान मंदिर में शनिवार को भव्य धार्मिक आयोजन का आयोजन किया गया। श्रद्धा, आस्था और भक्ति से ओतप्रोत इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं का आना आरंभ हो गया था। भक्तों ने हनुमानजी की पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि और मंगल की कामना की। आयोजन की विशेषता रही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं द्वारा किया गया 1100 बार हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ, जिससे संपूर्ण वातावरण रामभक्ति की भावना से सराबोर हो गया।


मंदिर के पुजारी आचार्य केशव शास्त्री ने बताया कि, हनुमान चालीसा पाठ से मानसिक शांति, ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार होता है। इस सामूहिक पाठ ने भक्तों के भीतर भक्ति की एक नई चेतना का संचार किया है।

हनुमान चालीसा पाठ के उपरांत मंदिर समिति द्वारा प्रसाद वितरण और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों ने भंडारे की व्यवस्था को अत्यंत व्यवस्थित और समर्पित भाव से संपन्न किया। सायंकाल मंदिर परिसर में महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें दीपों की आभा, भक्ति गीतों की मधुरता और श्रद्धालुओं की सहभागिता ने आयोजन को दिव्यता से भर दिया। महाआरती के बाद पुन: प्रसाद वितरण किया गया। पूरे दिन चले इस आयोजन में श्रद्धालुओं की उपस्थिति और श्रद्धा ने यह सिद्ध कर दिया कि धार्मिक पर्व केवल अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज में भक्ति, सेवा और सामूहिकता के भाव को मजबूत करने का माध्यम भी हैं। दुर्गा हनुमान मंदिर में संपन्न यह आयोजन न केवल भक्ति का पर्व बना, बल्कि सामाजिक एकता और आध्यात्मिक चेतना का भी प्रतीक रहा।

# एम्स की प्रोफेसर डॉ. तान्या शर्मा ने अमेरिका मे भारत का प्रतिनिधित्व किया

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह संस्थान में शैक्षणिक श्रेष्ठता और ज्ञान के आदान-प्रदान को एक प्रेरक परंपरा के रूप में विकसित कर रहे हैं।**




हाल ही में, पैथोलॉजी और प्रयोगशाला चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. तान्या शर्मा ने 22 से 27 मार्च तक बोस्टन, मैसाचुसेट्स, अमेरिका में आयोजित यूनाइटेड स्टेट्स एंड कैनेडियन एकेडमी ऑफ पैथोलॉजी की 114वीं वार्षिक बैठक में एम्स भोपाल का प्रतिनिधित्व किया।

यह सम्मेलन पैथोलॉजी के क्षेत्र में विश्व के सबसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में से एक है, जिसमें विश्वभर के विशेषज्ञ, शोधकर्ता और चिकित्सक भाग लेते हैं। इस वैश्विक मंच पर डॉ. शर्मा ने इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च द्वारा वित्तपोषित अपने शोध कार्य को प्रस्तुत किया।

यह शोध केंद्रीय भारत के नेफ्रोटिक सिंड्रोम से पीड़ित मरीजों की एंटीजनिक और क्लिनिको-पैथोलॉजिकल प्रोफाइल पर आधारित था, जिसमें मेम्ब्रेनस नेफ्रोपैथी में नये एंटीजन की पहचान पर विशेष बल दिया गया—जो निदान की सटीकता बढ़ाने और मरीजों के लिए व्यक्तिगत उपचार रणनीतियों को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. शर्मा ने अपने शैक्षणिक मार्गदर्शन और निरंतर प्रोत्साहन के लिए प्रो. डॉ. अजय सिंह तथा पैथोलॉजी एवं प्रयोगशाला चिकित्सा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. वैशाली वाल्के के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय अकादमिक कार्यक्रम और उन्नत प्रशिक्षण न केवल व्यक्तिगत विकास में सहायक होते हैं, बल्कि देश में चिकित्सा अनुसंधान और शिक्षा की गुणवत्ता को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाते हैं।

# बुजुर्ग की जहरीला पदार्थ खाने से मौत, बेटी ने लिव-इन पार्टनर पर लगाया हत्या का आरोप

**भोपाल, (हि.स.)।** भोपाल के बाग सेवनिया थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग ने शुक्रवार देर रात जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान शनिवार तड़के उनकी मौत हो गई। मृतक की बेटी ने पिता की लिव इन पार्टनर पर हत्या करने का अरोप लगाया है। फिलहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी अनुसार राजू जाधव (65) अमराई बागसेवनिया में रहते थे। वह प्राइवेट स्कूल की बस में कंडक्टरी करते थे। पहली पत्नी से अलग होने के बाद वह पिछले कुछ समय से एक महिला के साथ लिव-इन में रहते थे। उनकी बेटी आरती राजपूत ने आरोप लगाया कि पिता जिस महिला के साथ रहते थे, वह उन्हें परेशान करती थी। वह पिता पर हमसे नहीं मिलने का दबाव बनाती थी। पिछले दस दिनों से पिता महिला को छोड़कर मेरे साथ रह रहे थे। शुक्रवार को बिन बताए महिला के पास अमराई स्थित उसके निवास गए।

# डॉ. अंबेडकर की जयंती पर प्रदेश भर में कार्यक्रम करेगी भाजपा

**भोपाल, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को प्रदेश भर में उत्साहपूर्वक मनाएगी। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के एक दिन पूर्व रविवार, 13 अप्रैल को उनकी प्रतिमाओं की सफाई कर संध्या के समय दीपोत्सव मनाया जाएगा और कार्यकर्ता 14 अप्रैल को बाबा साहब की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर मिष्ठान्न वितरण के साथ ही संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ भी करेंगे। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ने शनिवार को बताया कि आंगनवाड़ी केन्द्रों और अनुसूचित जाति बस्तियों के स्कूलों में परिसर की सफाई, पेयजल व अन्य सामुदायिक सुविधाओं का रखरखाव किया जाएगा। 15 से 25 अप्रैल के बीच समाज के विभिन्न वर्गों के समाज प्रमुखों के साथ जिला स्तरीय संगोष्ठी आयोजित कर कांग्रेस द्वारा किए गए बाबा साहब के अपमान व भाजपा द्वारा उन्हें दिए जा रहे सम्मान और जिस तरह से कांग्रेस ने संविधान से खिलवाड़ किया।




## मध्यप्रदेश में पोषण पखवाड़ा 2025

# जागरूकता के साथ कुपोषण से जंग, स्वस्थ भविष्य की ओर कदम

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश में 8 से 22 अप्रैल 2025 तक सातवां पोषण पखवाड़ा पूरे जोश और जागरूकता के साथ मनाया जा रहा है। हर वर्ष की तरह इस बार भी राज्य में विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से कुपोषण की रोकथाम और संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। केंद्र सरकार के इस महत्वपूर्ण अभियान का उद्देश्य आमजन, महिलाओं और बच्चों को पोषण के महत्व को समझाकर एक स्वस्थ समाज की नींव रखना है। पोषण पखवाड़ा 2025 में प्रमुखता से 4 विषयों जीवन के पहले 1000 स्वर्णिम दिवसों का महत्व, पोषण ट्रैकर ऐप के हितग्राही मॉड्यूल की जानकारी और उपयोगिता, CMAM प्रोटोकॉल से गंभीर कुपोषित बच्चों का प्रबंधन और 6 वर्ष से कम बच्चों को मोटापे से बचाने पर फोकस किया जा रहा है। प्रदेश में कम्युनिटी मैनेजमेंट ऑफ एक्यूट मॉलन्यूट्रिशन (CMAM) यानी गंभीर कुपोषण का समुदाय स्तर पर प्रबंधन मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम के तहत वर्ष-2020 से प्रारंभ हुआ। पोषण पखवाड़ा में अति गंभीर कुपोषित (SAM), अति कम वजन (SUW) एवं मध्यम गंभीर कुपोषित (MAM) बच्चों का चिन्हांकन कर उनकी स्वास्थ्य जाँच तथा अति गंभीर कुपोषित (SAM) बच्चों की भूख की जाँच कर आवश्यकतानुसार उपचार एवं सामुदायिक स्तर पर परिवार के सहयोग से पोषण प्रबंधन किया जा रहा है। नेशनल फेमिली हेल्थ सर्वे (NFHS) रिपोर्ट के अनुसार बच्चों में मोटापे की दर में वृद्धि चिंताजनक है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा बच्चों को जंक फूड से दूर रखने और पौष्टिक भोजन को बढ़ावा देने की नीति अपनाई गई है।



पोषण पखवाड़ा में बच्चों को पौष्टिक खाना खिलाना और स्कूलों में पौष्टिक भोजन के बढ़ावा देने के लिये पोषण ट्रेकर के माध्यम से मोटापे के जोखिम वाले बच्चों की पहचान कर उनके अभिभावकों को पोषण परामर्श दिया जा रहा है। आंगनवाड़ी केंद्रों पर थीम आधारित गतिविधियों, योग सत्र, खेलकूद, पोषण रैली, साइकिल रैली, एनीमिया जागरूकता शिविर, लंच बॉक्स प्रतियोगिता और समूह चर्चाओं का आयोजन हो रहा है। पोषण ट्रैकर में रजिस्ट्रेशन को प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि माताओं और बच्चों के पोषण स्तर की निगरानी और समस्याओं का समय पर निदान सुनिश्चित किया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### मनोहर राजपूत सांसद लालवानी द्वारा सम्मानित



**इंदौर ( विनय उजाला )।** दैनिक विनय उजाला अख़बार भोपाल के स्थानीय संपादक श्री मनोहर राजपूत को पत्रकारिता के क्षेत्र में सराहनीय व उत्कृष्ट कार्य के लिए भारतीय पत्रकारिता महोत्सव में मोमेंटो देकर सांसद श्री शंकर लालवानी द्वारा सम्मानित किया गया। जाल आडोटोरियम में हुए सम्मान समारोह में स्टेट प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री प्रवीण कुमार खारीवाल, समाजसेवी श्री प्रवीण कक्कड़, वरिष्ठ पत्रकार श्री सुदेश तिवारी, श्री कमल कस्तूरी, बीजेपी नेता चिंटूवर्मा और नरेंद्र सलूजा मौजूद रहे।

### सुश्री राधिका रसिक नियुक्त हुई जिला अध्यक्ष, राष्ट्रीय लोकदल मथुरा



**मथुरा ( विनय उजाला )।** भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी के आदर्शों और सिद्धांतों पर चलने वाले राष्ट्रीय लोकदल के मथुरा जिला संगठन को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष परिणीता सिंह ने सुश्री राधिका रसिक को जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल मथुरा के पद पर नियुक्त किया। पार्टी द्वारा सुश्री राधिका रसिक की सामाजिक प्रतिबद्धता, संगठनात्मक दक्षता और जन सेवा में सक्रिय भूमिका को देखते हुए यह दायित्व सौंपा गया है। उन्हें चौधरी चरण सिंह जी के किसान–मजदूर हितैषी विचारों और महिलाओं की योजनाओं को जन जन तक पहुँचाने तथा मथुरा जिले में पार्टी को अधिक मजबूत करने की जिम्मेदारी दी गई है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जी ने मथुरा में जिले ठाकुर जी की पोशाक, तुलसी माला, सिलाई–कढ़ाई और गोपी ड्रेस के रोजगार से महिलाओं को जोड़ने की बात कही। महिला सुरक्षा, स्वरोजगार के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं पर चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त ब्रज क्षेत्र में दिव्यांगनों के रोजगार, वृक्षारोपण व यमुना शुद्धिकरण पर विचार विमर्श हुआ। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष संजू चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष परिणीता सिंह द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी में सम्मिलित किया गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष सुनीता चौधरी ने प्रदेश अध्यक्ष द्वारा सुनीता सिंह को जिला अध्यक्ष हाथरस और सुनीता शर्मा को जिला अध्यक्ष आगरा, मथुरा से दीपमालिका को ब्रज क्षेत्र सचिव के पद पर नियुक्त करवाया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शशि शर्मा, सीमा चौधरी, जिला सचिव बेबी, रजनी अरोड़ा, सुनीता शर्मा, ममता शर्मा, लक्ष्मी देवी, पिंकी मौर्या, गीता, विमलेश, आदि महिलाएं कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। उसके बाद नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुश्री राधिका रसिक ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे चौधरी चरण सिंह जी के विचारों को आत्मसात करते हुए ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन की सेवा करेंगी और मथुरा की जनता की आवाज बनेगी।

### एक जिला एक औषधि उत्पाद अश्वगंधा पर दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न



**इन्दौर, नप्र।** राज्य औषधी पादप बोर्ड मध्यप्रदेश देवारण्य योजना अंतर्गत एक जिला एक औषधि उत्पाद अश्वगंधा परियोजना के अंतर्गत इंदौर जिले में जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण जिला आयुष अधिकारी द्वारा शासकीय स्वशासी अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय इंदौर में आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में उन्नत कृषि उत्पादन, उत्पाद के संग्रहण, भंडारण, वितरण, विक्रय आदि विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक,तकनीकी अधिकारी कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ.डी.के.मिश्रा,उद्यानिकी विभाग के उप संचालक श्री डी.एस.चौहान,कृषि महाविद्यालय,आत्मा परियोजना शर्ली थॉमस, कृषि विभाग के वरिष्ठ प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। एनजीओ भैयाजी दाणी सेवा न्यास,एन.आई.एम.ए. सदस्यों ने अपने विचार रखते हुए बताया कि अश्वगंधा की खेती से औषधी निर्माताओं की मांग पूरी हो सकती है और विदेश में भी उत्पादों की बहुत मांग है। आयुर्वेद पर जनसामान्य का विश्वास बढ़ेगा और स्थानीय किसानों की आजीविका भी सुनिश्चित होगी। प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षक ब्लॉक स्तर पर कृषकों को स्व–सहायता समूह,वन समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण आगामी सत्रों में करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। संचालन डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. बख्तियार अशरफी ने किया। अतिथि स्वागत डॉ. शीतल कुमार सोलंकी, डॉ.कमलेश पाटील ने अश्वगंधा के पौधे से किया। प्रमाण–पत्र वितरण प्रधानाचार्य डॉ.ए.पी.एस.चौहान एवं सम्भागीय आयुष अधिकारी डॉ.हंसा बारिया ने किया।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर के पितृ पर्वत पर हनुमान जी के दर्शन कर की पूजा–अर्चना



विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हनुमान जयंती पर इंदौर के प्रसिद्ध पितृ पर्वत पर हनुमान जी की विशाल प्रतिमा के दर्शन कर पूजा–अर्चना की। उन्होंने गौ–माता का पूजन भी किया। नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव,विधायकद्वय श्री रमेश मेंदोला तथा श्री मधु वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदिर की परिक्रमा कर हनुमान जी की विशाल मूर्ति के दर्शन किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदा परिक्रमावासी अवधूत दादा गुरु जी के दर्शन भी किये । मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पितृ पर्वत परिसर में श्री जी इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों की भजन मंडली द्वारा किये जा रहे हनुमान चालीसा के पाठ में शामिल विद्यार्थियों से चर्चा कर उनकी सराहना की और हौसला बढ़ाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पितृ पर्वत में अशोक का पौधा भी लगाया।

## स्वास्थ्य रक्षा में भारतीय ज्ञान परंपरा का योगदान विषय पर व्याख्यान

विनय उजाला



महू, निप्र। भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महू के गृह विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला में आज दिनांक 11अप्रैल को स्वास्थ्य रक्षा में भारतीय ज्ञान परंपरा को परिलक्षित करते हुए तीन प्रकार के आयोजन किए गए।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर प्रवीण ओझा एवं कार्यशाला संयोजक डॉक्टर रशीदा कांचवाला ने बताया कि प्रथम आयोजन आयुर्वेद एवं प्रकृति परीक्षण से संबंधित हुआ। इस आयोजन में अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय के डॉ दिनेश मालवीय प्राध्यापक एवं उनकी टीम के द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों का प्रकृति परीक्षण कर उन्हें अपनी प्रकृति के अनुसार आहार विहार की सलाह दी गई।

द्वितीय आयोजन में भारतीय योग जिसका पूरी दुनिया लोहा मानती है उसका स्वास्थ्य रक्षा में योगदान विषय पर महू की जानी–मानी योग विशेषज्ञ श्रीमती राजकुमारी चौरसिया के द्वारा विभिन्न प्रकार के योग की स्वास्थ्य रक्षा में भूमिका विषय पर व्याख्यान देकर यह बताया गया कि किस प्रकार कुछ सरल योग हमें कई जटिल रोगों से बचा सकते हैं।

इसी प्रकार तृतीय आयोजन में महाविद्यालय की भारतीय ज्ञान परंपरा की संयोजक डॉ मनीषा दंडवते के द्वारा किशोरियों को स्वास्थ्य रक्षा हेतु उचित आहार विहार से अवगत करवाया गया।

कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वह प्राचीन भारतीय पद्धतियों एवं नवीन स्वरूप में उपलब्ध ज्ञान का स्वास्थ्य लाभ हेतु भरपूर उपयोग करें,ताकि उन्हें अपनी लक्ष्य प्राप्ति और एकाग्रता में सहायता मिल सके।

जनभागीदारी अध्यक्ष एडवोकेट निलेश पाटीदार द्वारा विद्यार्थियों को ग्रामीण परिवेश में प्राकृतिक तरीकों से स्वास्थ्य संवर्धन के उपाय से अवगत करवाया गया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. सपना मालवीय के द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन डॉ. रशीदा कांचवाला के द्वारा किया गया।

कार्यशाला संयोजक डॉ. रशीदा कांचवाला के द्वारा बताया गया कि दिनांक 12 अप्रैल को पदम श्री जनक पलटा के द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा एवं संपोषित जीवन शैली से स्वास्थ्य रक्षा पर व्याख्यान दिया जाएगा।

## 'वामा साहित्य मंच ' कवयित्री डॉ. जसप्रीत कौर फ़लक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

विनय उजाला



**इंदौर, नप्र।** साहित्यिक संस्था 'वामा साहित्य मंच ' इंदौर (मध्य प्रदेश) की अध्यक्षा श्री मती ज्योति जैन जी द्वारा लुधियाना की चर्चित कवयित्री डॉ जसप्रीत कौर फ़लक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

साहित्य आत्मीयता भरे रिशते बनाता है । इन्दौर यात्रा के दौरान श्रीमती ज्योति जैन जी मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी पुरस्कार (2021) प्राप्त प्रतिष्ठित कवयित्री द्वारा लुधियाना की चर्चित कवयित्री डा जसप्रीत कौर फ़लक जी को अपनी संस्था की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान कर के सम्मानित किया।ज्योति जैन जी ने अपने वक्तव्य में कहा डा जसप्रीत कौर फ़लक से हुई यह भेंट केवल एक उपचारकिता नहीं थी बल्कि एक विचारशील संवाद का आरंभ कहा जा सकता है उन से मिलना मेरे मन मस्तिष्क, आत्मा को समृद्ध कर गया। इस विशेष अवसर पर डॉ जसप्रीत कौर फ़लक ने कहा कि यह सम्मान मेरे लिए केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि उस स्नेह, सहयोग और साहित्यिक सामर्थ्य की स्वीकृति है जो हमारी बातचीत में प्रवाहित हो रही थी। डा जसप्रीत ने कहा कि यह भेंट पंजाब और मध्य प्रदेश के साहित्य के दरमियान एक पुल का काम करेगी और साहित्यिक गतिविधियों को नयी उर्जा प्रदान करेगी। उन्होंने ज्योति जैन जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने मेरे साहित्य का मूल्यांकन करते हुए मुझे यह सम्मान दिया है – यह पल मेरे लिए अविस्मरणीय हैं।

# हनुमान जी सीखाते हैं बल और बुद्धि के बीच हमेशा होना चाहिए संतुलन

विनय उजाला

श्री रामचंद्र जी अगस्तय जी से श्री हनुमान जी के गुणों का वर्णन करते हैं,भगवान जिसके गुणों का वर्णन करते हैं,वह है श्रीहनुमान जी का महत्वपूर्ण जीवन, शूरवीरता की प्रशंसा करते राम जी अघाते नहीं,और बुद्धि की दक्षता ऐसी कि किसी के पक्षपात में ना बह जाना,रामायण के महत्वपूर्ण पात्र श्री हनुमान जी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है,उनके जीवन से हमें सीख मिलती है कि हम चाहे कितने भी शक्तिशाली क्यों ना हो हमें विनम्र रहना चाहिए,भगवान श्रीराम उनकी आत्ममुग्ध अभिव्यक्ति के कायल थे,राम रावण युद्ध में सेना का कुशल संचालन,मित्र के प्रति अपार प्रेम,स्वामी भक्ति व समर्पण हम सभी के लिए आदर्श है,वाल्मीकि कृत रामायण के अनुसार बुद्धिमता में अग्रणी हनुमान जी लंका की यात्रा में मैंनाक पर्वत से बात करने के बाद आगे बढ़े,तब सुरसा ने उनका रास्ता रोक लिया,हनुमान जी ने अपनी बुद्धि से काम लिया और सुरसा से युद्ध करने में अपना समय बर्बाद नहीं किया, सुरसा उन्हें खाना चाहती थी,उस समय उन्होंने अपना रूप बढ़ा लिया,जब सुरसा ने अपना मुख बड़ा किया तो वह छोटा सा रूप करके सुरसा के मुख में जाकर वापस आ गए,रामायण जी के सभी पात्र हमें ऐसी अनेक शिक्षाएं देते हैं,जो हम सभी के जीवन में उपयोगी सिद्ध होती हैं,अपने बल का कभी घमंड ना करें,रावण को अपने बल का बड़ा घमंड था,इस कारण से श्रीराम को सामान्य शत्रु समझ कर रावण ने अपना नाश कर लिया,रामायण हमें सिखाती है की मित्रों को दिए वचन कभी ना भूले,श्रीरामजी ने बाली को मारा और सुग्रीव को राजा बना कर अपना वचन पूरा किया,दूसरी और सुग्रीव ने वचन दिया था कि वह सीताजी की खोज में श्रीराम जी की मदद करेंगे,लेकिन राजा बनते ही वे वचन भूल गए थे,जब लक्ष्मण जी ने सुग्रीव पर क्रोध किया तब सुग्रीव को अपनी गलती का एहसास हुआ और फिर सीताजी की खोज का अभियान शुरू हुआ,रामायण हमें यह भी सिखाती है कि हर स्थिति के लिए तैयार रहे,समय एक जैसा नहीं रहता है,सुख–दुख का आना–जाना लगा रहता है,हमें हर स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए,हर हाल में सकारात्मक रहे,जिस दिन श्री राम जी का राज्याभिषेक होना था उसी दिन उन्हें 14 वर्ष के लिए वनवास पर जाना पड़ गया,वनवास जाते समय भी श्री राम दुखी नहीं थे, उन्होंने इस परिवर्तन को भी सकारात्मकता के साथ अपनाया,दूसरों की बातों से भ्रमित नहीं होना चाहिए,कैकई माता श्रीराम से बहुत स्नेहकरती थी,लेकिन मंथरा ने कैकई की बुद्धि भ्रमित कर दी थी,मंथरा ने कैकई को अपनी बातों में ऐसा उलझाया कि वह राम को शत्रु समझने लगी, निष्कर्ष यही है कि श्रीहनुमान जयंती का पर्व हमें उत्साहित करता है कि हमारी बुद्धि की दक्षता एवं मानसिक शूरवीरता बढ़ें।





माया बैरागी

### इंदौर में आईआईटी की तैयारी कर रहे 18 साल के छात्र की हार्ट अटैक से मौत

इंदौर, (हि.स.)। इंदौर में 18 साल के छात्र की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह 11वीं क्लास में था और अपने भाई के साथ किराये के रूम में रहकर आईआईटी की तैयारी कर रहा था। शुक्रवार देर रात तक वह पढ़ाई कर रहा था। अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसका भाई और अन्य लोग उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। सूचना पर भंवरकुआं पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। पुलिस ने शनिवार को एमवाय अस्पताल में उसका पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

**पश्चिम रेलवे**

**ओएचई के सिंगल स्पैन ओवरलैप को थ्री स्पैन ओवरलैप में बदलना**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (उप), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल **ई-टेंडर संख्या : WR-MMCTOESUB(ESOT)/11/2024 आमंत्रित करता है। दिनांक : 08.04.2025। कार्य का नाम : चर्चगेट-विरार खंड :** ओएचई के सिंगल स्पैन ओवरलैप को थ्री स्पैन ओवरलैप में बदलना। **कार्य की अनुमानित लागत :** 9,71,70,438/-। **बोली सुरक्षा :** 6,35,900/-। **प्रस्तुत करने की तिथि और समय :** 06.05.2025, 15.00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय :** 06.05.2025 को 15.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएँ। 0031

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**अनियमित ओएचई का रूपांतरण**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (उप), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल **ई-निविदा संख्या : WR-MMCTOESUB(ESOT)/10/2024 आमंत्रित करता है। दिनांक : 08.04.2025। कार्य का नाम : अंधेरी बोरीवली खंड :** UPTH और DNTH लाइनों के अनियमित ओएचई का विनियमित ओएचई में रूपांतरण। **कार्य की अनुमानित लागत :** 12,01,26,239/-। **बोली सुरक्षा :** 7,50,600/-। **प्रस्तुत करने की तिथि और समय :** 06.05.2025, 15.00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय :** 06.05.2025 को 15.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएँ। 0032

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**कार्यालय उप वनमण्डलाधिकारी, सामान्य उपवनमण्डल बड़वाह सामान्य वनमण्डल बड़वाह, जिला खरगोन (म.प्र.)**

**:: वन अधिकार पत्र नामांतरण करने संबंधि विज्ञप्ति ::**

**विज्ञप्ति क्रमांक/वन अपराध/2025/1273** | **बड़वाह, दिनांक : 09-04-2025**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पिपरीखेड़ा, तहसील सनावद, जिला खरगोन, म.प्र. के निवासी आवेदक श्री सुखलाल पिता दूरसिंग जाति अ.ज.जा. का नामांतरण आवेदन इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है, जिसमें श्री दूरसिंग पिता नान्टा की मृत्यु उपरान्त उनके पुत्र श्री सुखलाल पिता दूरसिंग एवं श्री विक्रम पिता दूरसिंग निवासी पिपरीखेड़ा के द्वारा वनमण्डल बड़वाह, वन परिक्षेत्र सनावद के वन अधिकार पत्र कक्ष क्रमांक 298ए, रकबा 0.829 हेक्टेयर (प्लाट कोड 172427385001) एवं कक्ष क्रमांक 298ए, रकबा 1.270 हेक्टेयर, (प्लाट कोड 172427385002) को उनके पक्ष में नामांतरित किया जाने हेतु अनुरोध किया गया है। जिसकी नामांतरण की प्रक्रिया अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में विचाराधीन है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति दर्ज करावें। निर्धारित समय अवधि में कोई आपत्ति/दावा प्राप्त नहीं होने की स्थिति में वन अधिकार पत्र कक्ष क्रमांक 298ए, रकबा 0.829 हेक्टेयर, (प्लाट कोड 172427385001) एवं कक्ष क्रमांक 298ए, रकबा 1.270 हेक्टेयर, (प्लाट कोड 172427385002) को श्री सुखलाल पिता दूरसिंग, श्री विक्रम पिता दूरसिंग, निवासी ग्राम पिपरीखेड़ा, तहसील सनावद, जिला खरगोन (म.प्र.) के पक्ष में नामांतरित नियमानुसार कर दिया जावेगा। बाद कोई आपत्ति/दावा मान्य नहीं किया जावेगा।

**( विजय गुप्ता )**
**उप वनमण्डलाधिकारी बड़वाह**
**सामान्य वनमण्डल बड़वाह**

जी-11426/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

## इंदौर जिले में नरवाई जलाने वालों के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई प्रारंभ

# अब तक 77 प्रकरणों में बनाए गए पंचनामे, जल्द होगी अर्थदंड की कार्यवाही

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** इंदौर जिले में फसलों की कटाई के बाद खेतों में नरवाई (अवशेष) जलाने की घटनाओं पर प्रशासन ने सख़्ती दिखाई है। कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में जिलेभर में नरवाई जलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई का सिलसिला प्रारंभ किया गया है।

प्रशासन द्वारा अब तक नरवाई जलाने के 77 मामलों में पंचनामे तैयार किए गए हैं। संबंधित कृषकों के विरुद्ध नियमानुसार अर्थदंड की कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नरवाई जलाने की घटनाओं पर सतत निगरानी रखी जाए तथा दोषियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे नरवाई न जलाएं और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग दें। नरवाई जलाने से न केवल वायु प्रदूषण बढ़ता है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसके वैकल्पिक उपयोग के लिए शासन द्वारा विभिन्न योजनाएँ भी चलाई जा रही हैं।

वर्तमान में यह देखने में आ रहा है कि किसानों के द्वारा फसल अवशेषों में आग लगाई जा रही है। इस संबंध में क्षेत्रीय अमला जिसमें कृषि, राजस्व एवं पंचायत विभाग शामिल है। पर्यावरण विभाग द्वारा जारी अधिसूचना का उल्लघंन पाए जाने पर मौके पर जाकर पंचानामें बनाए जा रहे हैं। आज दिनांक तक जिले की समस्त तहसीलों में कुल 77 पंचानामें तैयार किए गए है। जिन पर आगामी दिनों में मध्यप्रदेश शासन के नोटिफिकेशन प्रावधान अनुसार पर्यावरण विभाग द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

ऐसा कोई व्यक्ति / निकाय/ कृषक जिसके पास 2 एकड़ तक की भूमि है तो उसको नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षति के रूप में 2 हजार 500 रुपये प्रति घटना के मान त?था जिसके पास 2 से 5 एकड़ तक की भूमि है तो उसको नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षति के रूप में पाँच हजार रुपये प्रति घटना के मान से तथा जिसके पास 5 एकड़ से अधिक भूमि है तो उसको नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षति के रूप में 15 हजार रुपये प्रति घटना के मान से आर्थिक दण्ड भरना होगा।

वर्तमान में जिले में गेहूं फसल की कटाई का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, फसल की कटाई के पश्चात सामान्य तौर पर किसान भाई नरवाई में आग लगा देते है, जिससे पर्यावरण में प्रदूषण के साथ–साथ मिट्टी की संरचना भी प्रभावित होती है। जिले में गेहूं की कटाई के बाद बचे हुए फसल अवशेष (नरवाई) जलाना खेती के लिये आत्मघाती कदम है। नरवाई प्रबंधन हेतु कृषि विभाग का संपूर्ण अमला माह फरवरी से निरंतर पंचायतवार कृषकों को प्रशिक्षण देकर नरवाई प्रबंधन हेतु जागरूक कर रहा है। इसी क्रम में दिनांक 05 अप्रैल 2025 से 16 अप्रैल 2025 तक फसल अवशेष (नरवाई) प्रबंधन प्रचार रथ द्वारा जिले के समस्त विकासखण्डों की ग्राम पंचायतों में भ्रमण कर प्रचार–प्रसार किया जा रहा है।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग (भ/प) उज्जैन संभाग उज्जैन**

Website : www.mp.gov.in/pwdmp, E-mail : eepwdujn@mp.nic.in, Phone : 0734-2557725

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 01/व.ले.लि./2025-26** | **उज्जैन, दिनांक : 09.04.2025**

**:: निविदा आमंत्रण सूचना ::**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर आई.डी. क्रमांक | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | ठेके की अनु. राशि ( रू. लाख में ) | ई.एम.डी. की राशि ( राशि रूपयों में ) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_ PWDRB_ 416081_1 | उज्जैन | उपसंभाग बड़नगर के अंतर्गत बालोदा लक्खा से मालगांवड़ी मार्ग लंबाई 5.50 कि.मी. का निर्माण कार्य (पोल शिफ्टिंग सहित) | प्रथम आमंत्रण | 453.40 | 453400.00 | 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 2025_ PWDRB_ 416082_1 | उज्जैन | सिंहस्थ उपसंभाग उज्जैन के अंतर्गत मतानाखुर्द से पंथपिपलई मार्ग लंबाई 5.50 कि.मी. का निर्माण कार्य (पोल शिफ्टिंग सहित) | प्रथम आमंत्रण | 454.15 | 454500.00 | 06 माह वर्षाकाल सहित |
| | | | Total | | 907.55 | | |

उपरोक्त वेबसाईट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 21.04.2025 सायं 18.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखा जा सकता है।

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर ही किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। अर्नेस्ट मनी एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही प्राप्त किए जावेंगे।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग ( भ/प )**
**संभाग उज्जैन**

जी-11436/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

# सम्पादकीय

## पारदर्शिता सुनिश्चित करने बड़ा कदम

जज के निवास पर भारी मात्रा में नोटों के मिलने के विवाद के बाद सुप्रीम कोर्ट ने न्यायाधीशों के बारे में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। अब पदभार ग्रहण करने के बाद सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपनी संपत्ति सार्वजनिक रूप से घोषित करने पर न्यायाधीशों ने सहमति जताई है। जजों की पूर्ण बैठक में यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। यह खुलासा पूर्णतया स्वैच्छिक होगा।

देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना सहित सर्वोच्च न्यायालय के तैंतीस जजों में से तीस जजों ने अपनी संपत्ति की घोषणा की। पूर्ण पीठ द्वारा संकल्प लिया गया कि जब भी कोई महत्त्वपूर्ण अधिग्रहण किया जाए तो इसकी घोषणा मुख्य न्यायाधीश के समक्ष करनी चाहिए। हालांकि यह विवरण सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है। दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास से आग लगने की घटना के बाद कथित तौर पर मिली नगदी के बाद यह बड़ा निर्णय लिया गया है। न्यायपालिका में पारदर्शिता और लोगों का विश्वास बनाए रखने की लिहाज से यह कदम दूरगामी साबित हो सकता है। यह प्रस्ताव सभी भावी जजों पर लागू होगा। हाई कोटरे को भी इसका अनुसरण करना चाहिए। 1977 में भी इसी तरह के प्रस्ताव रखे जाने के बावजूद इन पर अमल नहीं लाया जा सकता था। चूंकि बीते दिनों उठे विवादों को लेकर काफी चिंता व्यक्त की जा रही है, इसलिए उम्मीद की जा सकती है कि इस घोषणा की उपेक्षा नहीं की जाएगी। यूं तो राजनेताओं के पास मिलने वाली आय से अधिक संपत्ति के बाद संपत्ति की घोषणा भले ही की जा रही है मगर उसे जनता द्वारा संदेह की नजर से ही देखा जाता है। दूसरे, उन्होंने यह संपत्ति कहां से और कैसे अर्जित की, यह सवाल खड़ा ही रहता है। जीवन साथी या परिवार के अन्य सदस्यों के नाम जमा राशि या जमीन-जायदाद के मामले किसी से छिपे नहीं हैं। भ्रष्टाचार व काले धन को लेकर मोदी सरकार सत्ता में आने से पहले जितनी मुखर थी, अब उतनी मौन ओढ़े है। बहरहाल, सबसे बड़ी अदालत ने अनाप-शनाप काला धन कबाडने़ वालों को बड़ा संकेत दिया है। इस मसले में सरकार से नाउम्मीद हो चुकी जनता का अदालत पर भरोसा तो बढ़ेगा ही, साथ ही नई उम्मीद भी जाग सकती है।

## सुविचार

मनुष्य अपने संस्कार और
विचारों से बड़ा कहलाता है
वरना पैसा तो भिखारी भी कमाता है।
– के.पी. जाट, भोपाल

मुसीबत के समय अकेले हो तो क्या डरना,
आप अकेले की काफी हो इन मुसीबतों के लिए।
– तपन जिंदल, इंदौर

किताबें मित्रों में सबसे शांत और स्थिर हैं,
वे सलाहकारों में सबसे सुलभ और बुद्धिमान हैं
और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान हैं।
– साधना पुरोहित, इंदौर

श्रेष्ठ कर्म वही है जो सुख की अनुभूति कराए,
जो कर्म दुख की अनुभूति कराए वो पाप कर्म है।
– एस.एस. मौर्य, इंदौर

जिसमें विनय और नम्रता नहीं हैं ,
उसमें या तो शिक्षा नहीं या दौलत नई है।
– हरिशंकर पाटीदार, लिम्बोदा देवास

## हनुमान के राम

राम, रघुनंदन, राघव रघुराई
हनुमंत के प्रभु सदा सहाई
बजरंगबली कै तुमही स्वामी
राजीव लोचन अंतर्यामी।
मारुति नंदन तुम्हरे प्यारे
वानर कपीस तुम रामदुलारे
ले रघुवीर लछिमन संग ही
अहिरावण पाताल सिधारो।

कपि के हिरदय चिंता भर आयो
कुटिया जव रघुवीर ना पायो
विभीषण आन्ही रहस्य सुनायो
बजरंग बली तव तहां पधारों
देखत कपीस खोजत आयो
अहिरावण ते तव भी न पायो
मकरध्वज तव सम्मुख आयो
विसाल देह कपिही दिखायो।

कहे मकरध्वज सूत मैं तिहारो
कपि करी हिय बिचार गहरायो
मत्स्य गर्भ ते असी जन्मा
तव मकरध्वज एहि समुझायो।

युद्व भयंकर करी लराई
आपनहिं सूत ते गदा चलाई
मकरध्वज ते अजब सरीरा
सम्मुख कपि अति ही बलवीरा।

देखहिं गरजयो हनुमाना
अहिरावण ते रहस्य सुनायो
हाथ जोरी के विनय तात ही
पंचदीप सम्मुख दिखलायो।

तव पंचमुख धरयो हनुमंता
दीप बुझाए तबही तुरंता
मकरध्वज ते तनय तुम्हारे
अहिरावण कई भुजा उखारे।

इहि कपीस कछु समुझाई
मकरध्वज ते प्रीति दिखलाई
आशीष दीन्ही तुम सुखदाता
महावीर प्रभु भाग्यबिधाता।

अहिरावण ते मार गिरायो
पंचमुखी तव नाम कहायो
चल दियो ले संग रघुवीरा
हर्ष समेत अति महावीरा।

रामचंद्र प्रभु हिरदय बसे
उदय गगन ते भानू जसे
छाती चिर तबही दिखलायो
रघुवीर, जानकी छवि बनायो।



दैनिक विनय उजाला
कविता चौहान, इंदौर ( म.प्र )

## फिर सबकी बैसाखी है...

महक उठा है गुलशन-गुलशन
महुआ टपके महके चंदन
यह उन की बैसाखी है...
लतायें महकी मृदुल- मृदुल

हुई हवाएं चंचल - चंचल
यह उन की बैसाखी है...
प्रकृति का हर काम है जारी
रात दिन आयें बारी - बारी

यह उन की बैसाखी है...
धुंध छटी सब गहरी गहरी
गेहूँ की बाली हुई सुनहरी
यह उन की बैसाखी है....

जो क़ुदरत की मौज में रहते
दुख - सुख दोनों हँसकर सहते
यह उन की बैसाखी है...
याद करो गुरुओं की वाणी
सुखी बसे हर एक प्राणी
फिर सब की बैसाखी है...

खेतों से दाने घर आएं
खुशी से दामन सब भर जाएं

फिर सब की बैसाखी है...
नफ़रत के बुझ जाएं चिराग़
प्यार से महके हर इक बाग़
फिर सब की बैसाखी है...



दैनिक विनय उजाला
डॉ.जसप्रीत कौर फ़लक
लुधियाना, पंजाब

यह प्रश्न इसलिए प्रासंगिक है क्योंकि अब लगभग सभी चुनाव कैश ट्रांसफर के वायदों पर लड़े जा रहे हैं, जिन्हें मुफ्त की रेवड़ियां भी कहा जाता है। सोचने की बात यह भी है कि क्या गरीबों की पहचान का दुरूपयोग करके भ्रष्ट सरकारी कर्मचारी केवल स्वास्थ्य योजनाओं में ही घोटाला कर रहे होंगे या अन्य कल्याणकारी योजनाओं का भी यही हाल है?

# 30 महीनों में 25 बच्चों को जन्म भ्रष्टाचार जो कराये कम है...!

डॉ अनिता राठौर



दैनिक विनय उजाला




बीआगरा ज़िला के गांव नागला कादियान की 35-वर्षीय कृष्णा कुमारी ने फतेहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर 2017 में अपने बच्चे को जन्म दिया था। लेकिन उन्हें मालूम न था कि वह इसी केंद्र पर 2021 व 2023 के बीच 30 महीनों के भीतर '25 अन्य बच्चों को जन्म देंगीं' और इस दौरान उनकी 5 बार 'नसबंदी' भी हो जायेगी। हाल के वित्तीय ऑडिट में यह असंभव डाटा प्रकाश में आया है। ज़ाहिर है यह 'कागज़ी खानापूर्ति' केंद्र में तैनात सरकारी कर्मचारियों ने नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) द्वारा संचालित योजनाओं में घोटाला करके पैसा ऐंठने के लिए की। बेचारी कृष्णा कुमारी को तो यह भी नहीं मालूम कि फर्जी कागज़ात के ज़रिये उसके नाम से बैंक खाता खोला गया जिसमें सरकारी योजना के तहत 45,000 रूपये आये, जिन्हें घोटालेबाजों ने निकाल लिया। इस सिलसिले में पांच व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, जिनमें से चार स्वास्थ्य विभाग के ही कर्मचारी हैं और पांचवां कृष्णा कुमारी के गांव का व्यक्ति है, जिसने उनके नाम का बैंक खाता खोला और सरकारी पैसा निकाला।

अगर बात सिफ़र् इतनी ही रहती तो यह राष्ट्रीय सुर्खी के लायक खबर न होती। लेकिन यह तो मात्र हिमशैल की नोक है। इस घोटाले की परतें धीरे धीरे खुलती जा रही हैं। यह स्वीकार करना कठिन है कि घोटालेबाजों ने सिफ़र् चंद महिलाओं के नाम पर फ्रॉड किया। आगरा जिले में ही तीन अन्य महिलाओं का मामला प्रकाश में आया है, जिन्होंने 2021 व 2023 के बीच '53 बच्चों को जन्म दिया और 9 बार उनकी नसबंदी हुई'। सुनीता सिंह (55), मछला देवी (45) व राजकुमारी (44) को भी नहीं मालूम कि उन्होंने यह 'चमत्कार' किया है और इसके लिए उन्हें 90,000 रूपये से अधिक सरकार ने जननी सुरक्षा योजना व महिला नसबंदी पहल योजनाओं के तहत दिए हैं। इन योजनाओं में आमतौर से ग्रामीण डिलीवरी के लिए 1,400 रूपये, 1,000 रूपये शहरी डिलीवरी के लिए और 2,000 रूपये नसबंदी के लिए आर्थिक सहयोग दिया जाता है।

यह सिफ़र् एक केंद्र की कहानी है और वह भी अभी अधूरी ही है। अनुमान यह है कि देश के अन्य अनेक केंद्रों पर भी इस क़िस्म के घोटाले हो रहे होंगे क्योंकि इस कोशिश में बहुत लोग लगे रहते हैं कि सरकारी योजनाओं का लाभ हकदारों तक पहुंचने की बजाय उनकी जेब में चला जाये। यह सब सरकारी कर्मचारियों व दलालों की सांठगांठ से होता है और दिलचस्प यह है कि सरकारी कर्मचारी ही इसका पर्दाफाश करते हैं। बहरहाल, महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या कैश ट्रांसफर जन स्वास्थ्य बेहतर करने का विकल्प है? यह प्रश्न इसलिए प्रासंगिक है क्योंकि अब लगभग सभी चुनाव कैश ट्रांसफर के वायदों पर लड़े जा रहे हैं, जिन्हें मुफ्त की रेवड़ियां भी कहा जाता है। सोचने की बात यह भी है कि क्या गरीबों की पहचान का दुरूपयोग करके भ्रष्ट सरकारी कर्मचारी केवल स्वास्थ्य योजनाओं में ही घोटाला कर रहे होंगे या अन्य कल्याणकारी योजनाओं का भी यही हाल है? पूर्व में हम बिहार का चारा घोटाला, अनेक राज्यों में मिड-डे मील घोटाले, सरकारी योजना का लाभ उठाने के लिए विवाहितों को कुंवारा दिखाकर उनका पुनः विवाह करा देना आदि देख चुके हैं।

बहरहाल, जो बातें प्रकाश में आ रही हैं उनसे मालूम होता है कि गांवों में तथाकथित समाजसेवी महिलाओं का बैंक खाता इस वायदे से खुलवाता है कि उन्हें सरकारी लाभ मिलेगा। इन खातों को संबंधित महिलाएं कभी ऑपरेट नहीं करती हैं। फिर सरकारी कागज़ों में चढ़ा दिया जाता है कि इन महिलाओं ने बच्चे को 'जन्म' दिया है या इनकी 'नसबंदी' हुई है। फलस्वरूप इनके खाते में सरकारी योजनाओं का पैसा ट्रांसफर हो जाता है, जिसे निकालकर घोटालेबाज़ आपस में बांट लेते हैं। जिनके नाम पर यह घोटाला होता है उन्हें कुछ नहीं मिलता बल्कि उन्हें तो अक्सर मालूम भी नहीं होता कि उनके नाम का दुरूपयोग किया जा रहा है। अब सबसे पहले वही पुराना सवाल - इस प्रकार की योजनाओं का वार्षिक ऑडिट कितना ठोस व ईमानदारी से होता है? यह कौन चेक कर रहा है कि यह पैसा कहां जा रहा है?

गौरतलब है कि भारत की सामाजिक कल्याण योजनाओं में डिजिटल परिवर्तन लाने का उद्देश्य बीच में से दलालों को निकालना था ताकि सीधे लाभार्थी तक कैश पहुंच सके। लेकिन जिन लोगों तक इस लाभ को पहुंचाना था उनमें टेक साक्षरता की स्थिति दयनीय है, जिसका अर्थ है कि डाटा एंट्री की टेक दुकानें नई दलाल बन गई हैं। डिजिटलीकरण ने कल्याण प्रक्रिया को व्यक्ति से ऑनलाइन एप्लीकेशन में बदल दिया, जिससे सरकार और लाभार्थी के बीच का सीधा संपर्क हट गया - नतीजतन घोटालेबाजों के लिए शिकार करना आसान हो गया। दूसरी समस्या योजनाओं की भरमार है। केंद्र सरकार 2024 से मातृत्व स्वास्थ्य के लिए 12 योजनाएं चला रही है। जननी स्वास्थ्य योजना तो 2005 से चल रही है, जिसका फायदा भी हुआ है कि मातृत्व मृत्यु दर (मातृत्व मृत्यु प्रति लाख जीवित जन्म) 384 (2000) से घटकर 97 (2020) रह गई है - लेकिन उत्तर प्रदेश में भारत के मातृत्व मृत्यु दर का बोझ 35 प्रतिशत है। इससे ज़ाहिर है कि लीकेज को रोका नहीं जा सका है। इतनी सारी योजनाओं के होने के बावजूद हाल के दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान गर्भवती महिलाओं के लिए अतिरिक्त कैश ट्रांसफर का वायदा किया गया था। बीजेपी ने गर्भवती महिला को 21,000 रूपये देने का वायदा किया है। यह मिलेगा या नहीं, कहा नहीं जा सकता। हर महिला के लिए प्रतिमाह 2500 रूपये का भी वायदा है और लड़की की शादी करते समय 1,00,000 रूपये का वायदा है। बहरहाल, जो घोटाला प्रकाश में आया है उससे यह प्रश्न भी उठता है कि जन स्वास्थ्य व्यवस्था को अधिक मज़बूत करना या कैश ट्रांसफर करना? राजनीतिक पार्टियाँ एक ऐसे चुनावी मॉडल की तरफ जा रही हैं जो सार्वजनिक विकास की बजाय निजी लाभ को वरीयता देता है। इसके गंभीर परिणाम होने जा रहे हैं - दोनों लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए और अर्थव्यवस्था के लिए भी। सबसे पहली बात तो यह है कि हम सीधे कैश ट्रांसफर टेक सफलता का दूसरा पहलू देख रहे हैं, जिसने स्थायी तौरपर राज्य का नागरिकों से संपर्क को बदल दिया है। राजनीतिक पार्टियों और नागरिकों के बीच में यह अनैतिक व्यवस्था स्थापित हो गई है कि 'अगर आपने मेरे साथ कुछ ऐसा किया तो मैं भी आपके साथ ऐसा ही कुछ करूंगा' यानी अगर आप वोट देंगे तो आपको कैश मिलेगा। न सिर्फ चुनाव जीतने के लिए हर वैध अवैध हथकंडा अपनाया जाता है बल्कि सत्ता में आने के बाद राज्य के खज़ाने में गोता लगाकर, सभी मौलिकताओं को एक किनारे लगाते हुए, मुफ्त की रेवड़ियां बाँट दी जाती हैं। बस चुनावी राजनीति ही अपने आप में अंतिम लक्ष्य बनकर रह गया है। अपना काम बनता, भाड़ में जाये जनता। दूसरा यह कि इन मुफ्त की रेवड़ियों के लिए फंड्स कहां से आयेंगे? गौरतलब है कि महाराष्ट्र के संदर्भ में नितिन गडकरी ने कहा था कि महिलाओं को जो मुफ्त में कैश ट्रांसफर किया जा रहा है उससे सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रम प्रभावित होंगे।

[ लेखिका शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी हैं ]

# कानों में रोमांच का रस घोलने वाले वे रेडियो कमेंट्री के दिन..!

साशा

अक्सर कहा जाता है कि जब रामायण और महाभारत जैसे टीवी धारावाहिक आया करते थे, उन दिनों गलियां सूनी हो जाती थीं, लोग टेलिविजन सेट से चिपक जाते थे। लेकिन कहा भले न जाता हो, मगर यही आलम उन दिनों भी होता था, जब क्रिकेट की कमेंट्री को रेडियो में सुनने का दौर था। सिर्फ क्रिकेट ही नहीं हॉकी और फुटबॉल जैसे खेलों की रेडियो कमेंट्री भी लोग बड़े चाव से सुना करते थे। लेकिन क्रिकेट की कमेंट्री का तो नशा ही कुछ और था। लोगों को क्रिकेट की रेडियो कमेंट्री सब कुछ छोड़कर इससे चिपक जाने को मजबूर कर देती थी। यहां तक कि कई बार संसद और विधानसभाओं में भी इस बात पर चर्चा हुई थी कि कमेंट्री के दिनों में सरकारी दफ्तरों में कामकाज बहुत बाधित होता है। कर्मचारियों के कान रेडियो कमेंट्री में ही लगे रहते हैं। इसलिए कई बार तो रेडियो कमेंट्री पर प्रतिबंध लगाने तक की भी बात हुई। बहरहाल ये स्मृतियां बताती हैं कि कैसे एक जमाने में कमेंट्री का जादू सिर चढ़कर बोला करता था। लोगों के लिए क्रिकेट या हॉकी की कमेंट्री सुनना, खेल के जश्न में डूबने, उतराने जैसा होता था। वहीं आज की क्रिकेट कमेंट्री का आलम यह है कि आईपीएल 2025 के सीजन-18 की शुरुआत होते ही सबसे पहले तो इरफान पठान को कमेंट्री से हटाना पड़ा और बाद में हिंदी कमेंटेटरों पर जिस तरह की सोशल मीडिया में टिप्पणियां हुईं, उसके चलते मजबूर होकर हरभजन सिंह को कहना पड़ा कि हम अपनी हिंदी कमेंट्री में सुधार करेंगे। दरअसल हरभजन सिंह को हाल ही में राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के एक मैच के दौरान गेंदबाज जोफ्रा आर्चर पर एक भद्दी टिप्पणी करने के कारण हर तरफ से जबर्दस्त आलोचना का शिकार होना पड़ा। उन्होंने जोफ्रा को मैदान में काली टैक्सी कह दिया था, जो कि बेहद नस्लवादी टिप्पणी है।

हरभजन सिंह की यह टिप्पणी तो कमेंटेटरों की आलोचना का एक तात्कालिक मुद्दा भर था, हकीकत तो यह है कि पिछले कई सालों से लगातार सोशल मीडिया में लोग जिस तरह की हिंदी कमेंट्री सुन रहे हैं और उसको लेकर निराशा व्यक्त करते रहे हैं, इसी सबकी परिणति थी कि सोशल मीडिया में एक यूजर ने एक पोस्ट डालकर कहा कि एक वो भी जमाना था कि जब क्रिकेट की कमेंट्री दीवाना बना देती थी, उसका



ऐसा जादू होता था कि लोग कमेंट्री से चिपके ही रहते थे और एक आज का जमाना है कि कमेंट्री सुनने का मन तो होता नहीं उल्टे ऊब होती है। क्योंकि हमारे कमेंटेटर हमें अब खेल का लुत्फ नहीं देते बल्कि उबाते और थकाते हैं। पहले की कमेंट्री जहां खेल के बारीक से बारीक पहलुओं पर केंद्रित होती थी, वहीं आज की कमेंट्री हंसी, मजाक और शेरो-शायरी का ऐसा अड्डा बन गई है मानो कमेंटेटर कमेंट्री न कर रहे हों बल्कि बीयर पीते हुए चखने पर बातें कर रहे हों।

सोशल मीडिया में कमेंट्री की इस दुर्दशा पर हुई आलोचना ने न सिर्फ लोगों को झकझोर दिया है बल्कि खुद कमेंटेटरों को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है कि वो क्या कर रहे हैं? शायद यह इस वीडियो टिप्पणी का ही नतीजा था कि हरभजन सिंह को कमेंट्री की आलोचना करने वाले यूजर से सार्वजनिक तौरपर यह कहना पड़ा कि हम इस पर काम करेंगे। हम हिंदी कमेंट्री को बेहतर बनाने के लिए तैयार हैं। वास्तव में हिंदी की कमेंट्री का स्तर बहुत ही गिर गया है। राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को ऑन एयर 'ब्लैक टैक्सी' जैसी नस्लभेदी गाली का शिकार होना पड़ा। शायद इसी वजह से जब एक यूजर ने सोशल मीडिया में वीडियो डालकर कहा कि मैं विनती कर रहा हूं, कि आप लोगों को हमसे बेहतर क्रिकेट आती है, इसलिए हमें क्रिकेट सिखाएं, क्रिकेट की बातें सिखाएं, क्रिकेट के नाम पर कुछ भी अनाप, शनाप और अनर्गल बोलने से बचें। हालांकि अब तक यह माना जाता रहा है कि कमेंट्री में अगर खेल का गंभीर विश्लेषण या उसके पहलुओं की बातें की जाती है तो ऐसी कमेंट्री बोर करने लगती है। इसलिए कमेंट्री में हंसी, मजाक और लाइट विषयों पर बातें करना जरूरी समझा जाता है। लेकिन जब से इंटरनेट में शॉर्ट वीडियो की रेलमपेल शुरु हो गई है, तब से यह हंसी, मजाक और लाइव डिस्कशन डराने लगा है, क्योंकि पहले इसे दाल में नमक के बराबर इस्तेमाल की बात कही गई थी। लेकिन अब कुछ ऐसा हो गया है कि कमेंट्री में बचा ही सिर्फ नमक है, इसमें लोगों की अपनी निजी बातें और मनोरंजन के नाम पर फूहड़ हंसी, मजाक करना भर रह गया है। इससे आज के कमेंट्री सुनने वाले लोग ऊबकर या तो टीवी बंद कर देते हैं या कमेंटेटरों की बेसिर पैर की बातें सुनने को मजबूर रहते हैं।

जबकि हमेशा से ऐसी स्थिति नहीं थी। एक जमाने में अरुण लाल, सुशील दोशी जैसे कमेंटेटर लोगों को क्रिकेट के जादू से बांध लेते थे। लेकिन आज विशेषकर हिंदी की कमेंट्री ऐसी हो गई है कि उसे कोई सुनना पसंद नहीं करता, जब तक उसकी मजबूरी न हो। मगर आज कई तरह के प्रतिबंधों के कारण कमेंटेटर आमतौर पर खेल पर बातें कम करते हैं, खेल के बाहर की दुनिया पर लगातार उनका जोर रहता है। अब चूंकि यह चलन भी आ गया है कि वही कमेंट्री करे, जिसको क्रिकेट का व्यवहारिक ज्ञान हो, इसलिए ऐसे लोग भी कमेंट्री दूर हैं जिनके पास बढ़िया शब्द हैं, क्रिकेट की समझ है और क्रिकेट का ज्ञान भी है मगर चूंकि वो खिलाड़ी नहीं हैं, जिस कारण आज के माहौल में उनके लिए कमेंट्री करना संभव नहीं रह गया। आज क्रिकेट लाखों, करोड़ों नहीं बल्कि अरबों रुपये की अर्थव्यवस्था वाला खेल है। क्रिकेट के साथ इतनी बड़ी आर्थिक व्यवस्था जुड़ जाने के कारण खिलाड़ियों पर बेहतर से बेहतर परफोर्मेंस करने का दबाव बना है, लेकिन खेल के दूसरे पहलुओं या खेल से जुड़े दूसरे लोगों पर इस तरह के दबाव नहीं हैं बल्कि कहें तो उल्टे कम हो गये हैं। आज जिस तरह से आम जीवन में भी लोगों की भाषा का स्तर गिर गया है, उसमें जानकारियां और ऑब्जर्वेशन कम हो गये है, वही हाल मैदान में खेले जा रहे खेल को सुनाने वाले कमेंटेटरों का भी हो गया है। इसलिए वक्त आ गया है कि अरबों रुपये के खेल क्रिकेट में इतनी फटीचर कमेंट्री को अलविदा कहें।

दैनिक विनय उजाला
-इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर

## माटी का देख लो अब मोल

माटी का देख लो, अब मोल।
माटी तो है, सबसे अनमोल।
कैसे करती है,ये देखो कमाल।
अन्न उगे खूब, किसान मालामाल।

देन इसकी है, उपजे उपवन।
हरियाली,और सघन है वन।
बने ईट, और इससे है मकान।
निरंतर कर रही,कार्य निर्माण।

सजावट और, दीप का काम।
मटका,सुराहीऔर बने है नांद।
समय बलवान है, देखो आज।
मटकी को, भी मटके, पर नाज।

मान, बढ़ गया है, अभी हमारा।
मानव फिरता, है मारा मारा।
प्यास बुझाए, मटके का पानी।
लिखे राधे ,माटी की ,कहानी।



लेखिका
राधा परमार ( शिक्षक ) हाई स्कूल
अमला बड़नगर
जिला उज्जैन ( मध्य प्रदेश )

# पहाड़ों के बीच प्रगति का सेतु 'अंजी खड्ड'

जब घाटियां गहरी होती हैं और पहाड़ रास्ता रोकते हैं, तब इंसान के सपने ऊंचे हो जाते हैं। कश्मीर के दिल तक पहुंचने के इन्हीं ऊंचे सपनों ने फिर से एक नई कहानी को जन्म दिया है। ये कहानी एक पुल की है जो सिर्फ लोहे और केबल से नहीं, हिम्मत और हुनर से भी बना है। ये कहानी है भारत के पहले केबल-स्टेड रेलवे ब्रिज- अंजी खड्ड ब्रिज की जो जम्मू-कश्मीर की चुनौतीपूर्ण घाटियों के बीच, अंजी नदी की गहरी खाई को पाटता है। कटरा और रियासी के बीच कनेक्टिविटी को एक नया आयाम देने जा रहा यह अद्भुत संरचना भारतीय इंजीनियरिंग के आत्मविश्वास और कौशल की मिसाल है।

यह ब्रिज उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (स्क्क्रु) परियोजना का महत्वपूर्ण हिस्सा है जो कटरा-बनिहाल रेल खंड में बनाया गया है। ऊबड़-खाबड़ रास्ते और कठिन भौगोलिक परिस्थितियाँ जैसी सभी सीमाओं को पार कर यह ब्रिज घाटी को देश के बाकी हिस्सों से और मजबूती के साथ जोड़ रहा है।



आकर्षक डिजाईन के साथ बने इस ब्रिज का निर्माण कार्य सिर्फ 11 महीने में ही पूरा कर लिया गया है जो नदी तल से 331 मीटर ऊंचाई पर स्थित है जबकि नीव से 193 मीटर ऊंचा एक मजबूत सेंट्रल पायलन पर टिका हुआ है, जो इसकी पूरी संरचना को संतुलन में रखता है। अंजी खड्ड ब्रिज, चिनाब ब्रिज के बाद भारत का दूसरा सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज भी है।

इस ब्रिज को 96 केबलों के सहारे बनाया गया है जिनका कुल वजन 849 मीट्रिक टन और कुल लंबाई 653 किलोमीटर है। 725 मीटर लम्बे इस ब्रिज की संरचना में 8,215 मीट्रिक टन स्टील का इस्तेमाल किया गया है।

मौजूदा आवश्यकताओं के मद्देनजर बने इस ब्रिज से जम्मू-कश्मीर के विकास के तार जुड़े हुए हैं। यह ब्रिज घाटी के दूर-दराज इलाकों में बसे गांवों और कस्बों का बड़े शहरों के साथ सीधा संपर्क स्थापित करता है जिससे विकासशील जगहों पर चिकित्सा, शिक्षा और अन्य सुविधाओं की उपलब्धता आसान हो जाएगी। बेहतर कनेक्टिविटी के वजह से स्थानीय लोगों लिए रोज़गार के नए अवसरो का सृजन होगा साथ ही घाटी में व्यापार और पर्यटन को भी जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा।

**पुल की कुल लंबाई:** 725 मीटर

**नदी के तल से ऊंचाई:** 331 मीटर

**सेंट्रल पायलन की ऊंचाई:** 193 मीटर

**केबल की संख्या:** 96

**केबल का कुल वजन:** 849 मीट्रिक टन

**केबल की कुल लंबाई:** 653 किलोमीटर

**निर्माण में कुल स्टील का इस्तेमाल:** 8,215 मीट्रिक टन

# करणी सेना ने लहराई तलवारें-बंदूकें, पुलिस के छूटे पसीने

## सपा सांसद रामजी सुमन का घर छावनी में तब्दील

आगरा, एजेंसी

**आगरा के एत्मादपुर में राणा सांगा जयंती पर रक्त स्वाभिमान रैली में क्षत्रियों का रैला उमड़ा है। हाथों में तलवार और बंदूकों के साथ बड़ी संख्या में इस रैली में हिस्सा लेने के लिए युवा भी पहुंचे हैं।**

हाईवे की दुकानें बंद करा दी गई हैं। बुलडोजर पुलिस ने जब्त कर लिए हैं। आयोजन स्थल पर अव्यवस्थाएं फैली हुई हैं। पुलिस ड्रोन से भी निगरानी कर रही है। बड़ी संख्या में उमड़ी को देख पुलिस के पसीने भी छूट रहे हैं। गढ़ी रामी में 20 बीघे से अधिक जमीन पर चार फीट ऊंचा मंच और पंडाल खचाखच भरा है।

एत्मादपुर के गढ़ी रामी में राणा सांगा की जयंती पर आगरा के साथ ही एटा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, मथुरा, कासगंज, अलीगढ़ सहित तमाम जिलों से लोग पहुंचे हैं। राणा सांगा पर सपा सांसद के विवादित बयान को लेकर आक्रोश साफ नजर आ रहा है। वहीं पुलिस भी अलर्ट है। हालांकि कुछ जगह पुलिस द्वारा इन लोगों को आयोजन स्थल पर पहुंचने से रोकने का प्रयास भी किया गया था लेकिन वो नाकाफी साबित हुए।



### हाईवे की दुकानें बंद, बुलडोजर किए जब्त

सम्मेलन को लेकर पुलिस के निर्देशों के बाद हाईवे की दुकानों को बंद रखा गया है। कोई बुलडोजर लेकर न आए इसके लिए सभी जेसीबी मशीनों को पहले ही जब्त कर लिया गया है। सम्मेलन के दौरान हर गतिविधि की ड्रोन से निगरानी की जा रही है। सादा कपड़ों में भी पुलिस के साथ खुफिया एजेंसियों के जवान यहां तैनात किए गए हैं।

### सपा सांसद के आवास पर पुलिस का कड़ा सुरक्षा घेरा

राणा सांगा पर विवादित बयान देने वाले सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के घर पर कड़ा सुरक्षा पहरा लगाया गया है। गढ़ी रामी से ही पहले क्षत्रिय करणी सेना ने कूच कर सांसद के आवास पर हमला किया था। अब इस तरह की कोई अप्रिय घटना न हो, इसे लेकर पुलिस भी अलर्ट है। सपा सांसद के आवास की पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था और पुख्ता की जा रही है। डीसीपी सिटी सोनम कुमार के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने एमजी रोड पर फ्लैग मार्च किया। बता दें, एमजी रोड पर ही सपा सांसद रामजीलाल सुमन का आवास है।

### 1990 में जो बिहार से गए, वह नहीं लौटे

# चिराग बोले : जंगलराज का भी क्राइम बुलेटिन जारी करें तेजस्वी यादव

हाजीपुर

**हाजीपुर के कुतुबपुर में पत्रकारों से बातचीत करने के दौरान केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने लालू परिवार पर निशाना साधा।**

उन्होंने कहा कि बिहार में जब जंगल राज था, 1990 में जो लोग बिहार छोड़कर दूसरे देश में गए, वे वापस लौटकर नहीं आए। तेजस्वी यादव जो क्राइम का बुलेटिन जारी कर रहे हैं, उन्हें 1990 का भी बुलेटिन जारी करना चाहिए। उस समय हत्या, रेप सहित हर दिन अपराधी घटनाओं को अंजाम दिया जाता था।



दरअसल, हाजीपुर के कुतुबपुर में स्थानीय लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग आज पूरी हो गई। शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने यहां मिनी पोस्ट ऑफिस का उद्घाटन करने पहुंचे थे। चिराग पासवान ने इस अवसर पर डाक विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी लोगों को दी। कहा कि अब गांव में ही मिनी डाकघर खुल जाने से लोगों को सुविधा होगी। नए मिनी डाकघर के खुलने से अब स्थानीय लोगों को डाक सेवाओं का लाभ अपने क्षेत्र में ही मिल सकेगा। इससे उन्हें दूर के डाकघरों तक जाने की परेशानी से मुक्ति मिलेगी।

### सभी योजनाओं को हाजीपुर में लाने का काम करूंगा

इस दौरान हाजीपुर सांसद और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि जब मेरे पिता रामविलास पासवान हाजीपुर का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, उस समय जो भी केंद्र में योजनाएं चलाई जा रही थीं, सभी योजनाओं को हाजीपुर में लाया जाता था। ठीक उसी तरीके से आप लोगों ने हमें मौका दिया है, तो आने वाले अपने कार्यकाल के पांच साल तक सभी योजनाओं को हाजीपुर में लाने का काम करूंगा। इस दौरान डाक विभाग के सभी अधिकारी मौजूद थे। चिराग पासवान की आने की सूचना पर भारी संख्या में कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल पहुंचे, जहां चिराग पासवान को फूल माला और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

### शिवसेना यूबीटी ने कांग्रेस को घेरा, कहा-

## अहमदाबाद में इंडिया ब्लॉक की स्थिति पर करनी चाहिए थी बात

मुंबई, एजेंसी

शिवसेना यूबीटी ने शनिवार को कांग्रेस को घेरा। शिवसेना ने कहा कि कांग्रेस को अहमदाबाद में हुए अधिवेशन में इंडिया ब्लॉक की स्थिति के बारे में बात करनी चाहिए थे। पार्टी को विपक्षी गठबंधन के बारे में उठ रहे सवालों का जवाब देना चाहिए था।

शिवसेना के मुखपत्र सामना के संपादकीय में लिखा गया कि कांग्रेस ने अहमदाबाद बैठक में केवल अपने बारे में बात की और इंडिया ब्लॉक कहीं भी चर्चा में नहीं था। लोकसभा चुनाव के बाद विपक्षी गठबंधन इंडिया कहां खड़ा है, इस बारे में सवाल उठाए जा रहे हैं। कांग्रेस को अपने अहमदाबाद अधिवेशन में इस पर विचार करना चाहिए। गठबंधन का क्या हुआ? क्या यह जमीन में दफन हो गया या हवा में गायब हो गया? इस सवाल का जवाब देने की जिम्मेदारी कांग्रेस अध्यक्ष की है।

बिहार, गुजरात और पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर भी शिवसेना ने कांग्रेस से सवाल पूछा। पार्टी ने कहा कि क्या पार्टी फिर से हार का स्वागत करेगी? बिहार में राष्ट्रीय जनता दल वरिष्ठ सहयोगी है, जबकि गुजरात और पश्चिम बंगाल में इंडिया गठबंधन की सहयोगी आम आदमी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस भी चुनाव मैदान में होंगी। शिवसेना ने कहा कि कांग्रेस ने गुजरात में अपना अधिवेशन आयोजित किया, लेकिन इससे लोकसभा चुनावों में राज्य में कोई सफलता नहीं मिली।



### ओबीसी कारीगरों से मिले राहुल गांधी, बोले-

# हुनर की कद्र नहीं, इस वजह से असफल हो रहे हुनरमंद कारीगर

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को दावा किया कि पिछड़े वर्गों के कई कुशल कारीगर कपड़ा क्षेत्र में सफल नहीं हो पा रहे हैं और उन्होंने कहा कि वह उपेक्षा और अन्याय के इस दुष्चक्र को तोड़ने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने एक कपड़ा कारीगर की कार्यशाला में अपने दौरे का वीडियो साझा किया, जो फैशन डिजाइन क्षेत्र में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रहा है।

इस दौरान राहुल गांधी ने कार्यशाला में कारीगरों से मुलाकात की और इस व्यापार में हाथ आजमाया। हिंदी में एक पोस्ट में उन्होंने कहा, मैंने कभी किसी ओबीसी को कपड़ा डिजाइन उद्योग के शीर्ष पर नहीं देखा। यह बात विक्की नामक एक युवा ने कही, जिसने अपने हुनर के दम पर इस क्षेत्र में अपना कारोबार खड़ा किया है।



### हुनर की कोई कद्र नहीं

राहुल गांधी ने अपनी पोस्ट में लिखा, उनके कारखाने में कारीगर दिन में 12 घंटे कड़ी मेहनत करते हैं और सुई-धागे से जादू बुनते हैं। लेकिन स्थिति वही है, हुनर की कोई कद्र नहीं है। उन्होंने कहा कि अन्य उद्योगों की तरह बहुजनों का न तो कपड़ा और फैशन क्षेत्र में प्रतिनिधित्व है, न ही शिक्षा तक पहुंच है और न ही नेटवर्क में जगह है।

### मेरी लड़ाई इस दुष्चक्र को तोड़ने की है

राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में आगे लिखा- जब मैं विक्की (कपड़ा कारीगर) जैसे प्रतिभाशाली लोगों से मिलता हूं, तो उनके काम को सीखने की कोशिश करता हूं, ताकि दुनिया भारतीय युवाओं की असली प्रतिभा को देख सके। यह जानना चाहिए कि सक्षम और मेहनती होने के बावजूद ये युवा अभिमन्यु (महाभारत के) की तरह उपेक्षा और अन्याय के दुष्चक्र में फंसे हुए हैं। राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में कहा, मेरी लड़ाई इस दुष्चक्र को तोड़ने की है ताकि हर कुशल व्यक्ति को सिस्टम में प्रवेश करने का रास्ता मिल सके।

## संक्षिप्त समाचार

### सर्वसम्मति से हुआ चयन

## फिर अकाली दल के प्रधान बने सुखबीर

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर बादल एक बार फिर शिरोमणि अकाली दल के प्रधान चुन लिए गए हैं। किसी और नाम की अनुपस्थिति में सर्वसम्मति से सुखबीर के नाम पर मुहर लग गई। अकाली दल का दोबारा अध्यक्ष बनने पर सुखबीर बादल ने सभी से इकट्ठे होकर चलने का आह्वान किया। सुखबीर ने कहा कि एक राजनीतिक साजिश के तहत अकाली दल को खत्म करने की योजना लागू हो रही थी। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय पार्टियों का मजबूत होना समय की जरूरत है। सुखबीर ने कहा कि सभी को एकजुट होकर अकाली दल को खत्म करने वाली पार्टियों का विरोध करना होगा। वहीं वरिष्ठ नेता बिक्रम मजीठिया ने कहा कि कांग्रेस हमेशा अकाली दल को तोड़ने की साजिश करती रही है। मजीठिया ने कहा कि बागी भी अकाली विरोधी पार्टियों के हाथों में खेल रहे हैं। सुखबीर 2008 से लगातार शिअद के प्रधान थे। पिछले साल नवंबर में उन्होंने शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से पार्टी में नए अध्यक्ष के नाम की चर्चाएं तेज थीं।

### अकाल तख्त से घोषित हो चुके हैं तनखाहिया

शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल पर बागी अकालियों ने एक जुलाई को लिखित शिकायत देकर आरोप लगाए थे कि अकाली दल की सरकार के दौरान विभिन्न धार्मिक गलतियां की गई हैं। इसके लिए अकाली दल का नेतृत्व पूरी तरह जिम्मेदार है। सरकार में सुखबीर बादल डिप्टी सीएम थे। इसके बाद सुखबीर बादल 30 अगस्त को जत्थेदार रघबीर सिंह द्वारा तनखाहिया घोषित किए गए थे। इसके बाद सुखबीर को धार्मिक सजा दी गई थी। इसी सजा के दौरान चार दिसंबर को श्री हरमंदिर साहिब में सुखबीर बादल पर जानलेवा हमला हुआ। हमले में बादल बाल-बाल बच गए थे। स्वर्ण मंदिर में बादल पर गोली चलाई गई है। वहां मौजूद लोगों ने हमलावर को पकड़ लिया था।

## महायुति में संरक्षक मंत्रियों पर खींचतान, अमित शाह डेमेंज कंट्रोल में जुटे

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति में संरक्षक मंत्रियों की नियुक्ति को लेकर खींचतानी जारी है। इसी बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को रायगढ़ दौरे के दौरान राकांपा (एनसीपी) सांसद सुनील तटकरे के घर पर दोपहर का भोजन किया। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, अजीत पवार समेत कई अन्य मंत्री भी मौजूद थे। बता दें कि यह मुलाकात ऐसे समय हुई जब रायगढ़ और नासिक जिलों के संरक्षक मंत्री पद को लेकर महायुति गठबंधन में मतभेद सामने आ चुके हैं। इस वजह से इस दोपहर भोज को राजनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है।



महायुति गठबंधन दल में संरक्षक मंत्रियों की नियुक्ति को लेकर सियासी हलचल के बीच अमित शाह का तटकरे के घर खाने पर पहुंचना राजनीतिक गलियारे में कई संकेत देता हुआ नजर आ रहा है। हालांकि सुनील तटकरे ने इस मामले में कहा कि इस मुलाकात का कोई राजनीतिक एजेंडा नहीं था। उन्होंने ये भी कहा कि शाह के घर आने पर हुई बैठक में संरक्षक मंत्री वाला मुद्दा पर कोई बातचीत नहीं हुई। बता दें कि सुनील तटकरे रायगढ़ लोकसभा सीट से सांसद हैं। जनवरी 2024 में उन्होंने अपनी बेटी और एनसीपी विधायक अदिति तटकरे को रायगढ़ जिले की संरक्षक मंत्री बनाने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन शिवसेना के विरोध के चलते यह नियुक्ति रुक गई थी।

### संरक्षक मंत्री पद चाहती है शिवसेना

शाह के तटकरे के घर पहुंचने पर उठ रहे सियासी सवाल के बीच शिवसेना के मंत्री संजय शिरसाट का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि चाहे अमित शाह तटकरे के घर खाना खाएं, लेकिन रायगढ़ का संरक्षक मंत्री पद शिवसेना को ही मिलेगा। गौरतलब है कि महाराष्ट्र संरक्षक पद के लिए शिवसेना विधायक भरत गोगावाले का नाम आगे बताया जा रहा है।

# कौशल विकास केंद्र को आरएसएस संस्थापक का नाम देने पर कांग्रेस भड़की

पलक्कड़, एजेंसी

केरल के पलक्कड़ में कौशल विकास केंद्र का नाम आरएसएस संस्थापक केबी हेडगेवार के नाम पर रखने को लेकर विवाद बढ़ रहा है। शुक्रवार को दिव्यांगों के लिए बन रहे कौशल विकास केंद्र का शिलान्यास रोकने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत ने कांग्रेस विधायक राहुल ममकूटथिल के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी। इसे लेकर कांग्रेस ने शनिवार को भाजपा के पलक्कड़ जिला अध्यक्ष के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

दरअसल पलक्कड़ जिले में बन रहे कौशल विकास केंद्र का नाम आरएसएस संस्थापक के नाम पर रखने के विरोध में कांग्रेस, युवा कांग्रेस और डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया के कार्यकर्ताओं ने शिलान्यास समारोह को रोक दिया था। इसे लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा था कि पलक्कड़ के कांग्रेस विधायक ममकूटाथिल को जिले में पैर रखने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस टिप्पणी के खिलाफ कांग्रेस ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। भाजपा नेता की टिप्पणी का जवाब देते हुए विधायक ममकूटाथिल ने कहा कि जब तक उनके पैर हैं, वह आरएसएस के खिलाफ बोलने के लिए मजबूती से खड़े रहेंगे।

### शिलान्यास समारोह को रोकने का प्रयास किया

शुक्रवार को जब कांग्रेस, युवा कांग्रेस और डीवाईएफआई कार्यकर्ताओं ने शिलान्यास समारोह को रोकने का प्रयास किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा था कि वे परियोजना के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन वे इसका नाम आरएसएस संस्थापक के नाम पर रखे जाने का विरोध कर रहे हैं। ममकूटथिल ने पार्टी के विरोध का नेतृत्व किया था। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस मजबूत आंदोलन चलाकर इस पहल का विरोध करेगी। उन्होंने दावा किया कि परियोजना का नाम हेडगेवार के नाम पर रखने के लिए नगर परिषद में कोई प्रस्ताव नहीं रखा गया था। इसके खिलाफ कानूनी सहारा भी लिया जाएगा। वहीं भाजपा ने हेडगेवार के पक्ष में नारे लगाते हुए पार्टी के जिला कार्यालय तक मार्च निकाला था। पलक्कड़ नगरपालिका के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने सवाल उठाया था कि नाम में क्या रखा है और कहा था कि परियोजना अधिक महत्वपूर्ण है।

### केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह बोले-

# पंचायती राज दिवस पर बिहार को यह सौगात देने आ रहे पीएम मोदी

पटना, एजेंसी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को पटना आ रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी इस कार्यक्रम में कोई कमी नहीं रखना चाहती है। इसी कार्यक्रम को देखते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज बिहार दौरे पर हैं। वह आज पटना में हैं।**

उन्होंने पुराने सचिवालय में दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय समेत बिहार सरकार के वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। साथ ही पीएम मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा भी लेंगे। केंद्रीय मंत्री भाजपा कार्यालय में राज्य के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास के लिए केंद्र सरकार के द्वारा अनेकों सौगात बिहार के लोगों को दी गई है। 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस है। और, उस दिन एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार की जनता को अनेकों सौगात देने आ रहे हैं। पंचायती राज के चुने हुए प्रतिनिधियों का सम्मेलन तो होगा ही पूरा देश उससे जुड़ेगा। इसमें कई योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास भी किया जाएगा।



केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं का लाभ भी बिहार की जनता को दी जाएगी। पिछले साल गरीबों को सात लाख 90 हजार मकान पीएम आवास योजना के अंतर्गत लोगों को दिए गए थे। पांच लाख 20 हजार मकान जो बचे हुए थे, वह भी दिए जाएंगे। पीएम मोदी के हाथों 520000 नए मकानों का लाभ दिया जाएगा। 8000 करोड़ की लागत से मकान का निर्माण किया जाएगा।

### इस साल 20 लाख लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य

बिहार सरकार के कामकाज की तारीफ करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ग्रामीण विकास योजनाओं का बिहार में बेहतरीन तरीके से क्रियान्वयन हो रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक 3 लाख से ज्यादा लखपति दीदी बन चुकी हैं, और इस साल 20 लाख लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा बिहार के नीतीश कुमार की सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि यहां नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार अच्छा काम कर रही है। मैं इसके लिए उन्हें बधाई देता हूं।

### अन्नाद्रमुक-भाजपा गठबंधन पर एमके स्टालिन

# सत्ता की भूख लाई साथ, यह आदर्शों के खिलाफ, विफल होना तय

चेन्नई

**तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम और भारतीय जनता पार्टी के गठबंधन निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस गठजोड़ की वजह सत्ता की भूख है। यह गठबंधन राज्य के अधिकारों की सुरक्षा जैसे आदर्शों के खिलाफ है और यह असफल ही होगा।**

राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी अन्नाद्रमुक और केंद्र में सत्तासीन राष्ट्रीय पार्टी भाजपा के बीच गठबंधन की घोषणा पर उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया दी। स्टालिन ने कहा कि अन्नाद्रमुक NEET (मेडिकल प्रवेश परीक्षा), हिंदी थोपने, तीन भाषा नीति और वक्फ अधिनियम का विरोध करने का दावा करती है। यह भी कहती है कि परिसीमन के दौरान तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व कम नहीं होना चाहिए।



मुख्यमंत्री ने पूछा, 'क्या ये सभी बातें न्यूनतम साझा कार्यक्रम का हिस्सा हैं?' उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इनमें से किसी के बारे में बात नहीं की। अन्नाद्रमुक नेतृत्व को कुछ बोलने तक नहीं दिया। उन्होंने प्रेसवार्ता का इस्तेमाल केवल उनकी द्रविड़ मुनेत्र कषगम, द्रमुक सरकार और उनकी आलोचना करने के लिए किया। मुख्यमंत्री ने कहा, 'अन्नाद्रमुक-भाजपा गठबंधन विफल होने के लिए अभिशप्त है। यह तमिलनाडु की जनता ही थी जिसने इस गठबंधन को बार-बार हराया। अब शाह ने उसी विफल गठबंधन का फिर से गठन किया है।'

### जयललिता के कार्यकाल को लेकर भी घेरा

द्रमुक अध्यक्ष ने कहा कि जब शाह ने अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन की पुष्टि करते हुए भ्रष्टाचार के बारे में बात की थी, तो तमिलनाडु के लोग निश्चित रूप से हंसे होंगे। स्टालिन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री व अन्नाद्रमुक नेता जे जयललिता को भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते 2 बार अपना पद छोड़ना पड़ा। उन्हें बेंगलुरु की एक विशेष अदालत ने आय के ज्ञात स्रोत से अधिक की संपत्ति के मामले में 4 साल की कैद की सजा सुनाई। अगर भाजपा उनकी (जयललिता की) पार्टी से गठजोड़ करती है तो क्या वह भरोसे से भ्रष्टाचार के बारे में बोल सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### कुम्भकार महासंघ द्वारा प्याऊ का शुभारंभ



**नागदा जं., निप्र।** अखिल भारतीय युवा प्रजापति कुम्भकार महासंघ के तहसील अध्यक्ष श्याम प्रजापत के मार्गदर्शन में हनुमान जयंती के अवसर किल्कीपुरा में प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रुप में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़, विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान, शरद गबुल जैन, मनीष चपलोद, विजय पटेल, प्रकाश जैन आदि ने शिरकत की। इस दौरान बाबुलाल प्रजापत, दौलतराम प्रजापत, मोतीलाल प्रजापत, संतोष प्रजापत, मुकेश प्रजापत आदि मौजूद रहे।

### कलेक्टर श्री सिंह ने निर्माणाधीन रोड का किया निरीक्षण

**उज्जैन, निप्र।** कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने शनिवार सुबह नागझिरी दताना निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान कार्य समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री गौतम अहिरवार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### ग्रेसिम इंडस्ट्रीज में मॉक एक्सरसाईज का आयोजन

**उज्जैन, निप्र।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र जिला उज्जैन में 15 अप्रैल को समय प्रात: 09:30 से 14:00 बजे टेबल टॉप एक्सरसाईज ग्रेसिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, केमिकल डिविजन, बिरलाग्राम नागदा में एवं 17 अप्रैल को समय प्रात: 09:30 से ग्रेसिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, केमिकल डिविजन, बिरलाग्राम नागदा, जिला उज्जैन पर मॉक एक्सरसाईज का आयोजन किया जाएगा।

### उत्साहपूर्वक मनाई जाएगी बाबा साहब की जयंती

**उज्जैन, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को नगर में उत्साहपूर्वक मनाएगी। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के एक दिन पूर्व 13 अप्रैल को उनकी प्रतिमाओं की सफाई कर संध्या के समय दीपोत्सव मनाया जाएगा और कार्यकर्ता 14 अप्रैल को बाबा साहब की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर मिष्ठान्न वितरण के साथ ही संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ भी करेंगे। आंगनवाड़ी केन्द्रों और अनुसूचित जाति बस्तियों के स्कूलों में परिसर की सफाई, पेयजल व अन्य सामुदायिक सुविधाओं का रखरखाव किया जाएगा। 15 से 25 अप्रैल के बीच समाज के विभिन्न वर्गों के समाज प्रमुखों के साथ जिला स्तरीय संगोष्ठी आयोजित कर कांग्रेस द्वारा किए गए बाबा साहब के अपमान व भाजपा द्वारा उन्हें दिए जा रहे सम्मान और जिस तरह से कांग्रेस ने संविधान से खिलवाड़ किया तथा भाजपा ने संविधान के प्रति जो सम्मान प्रदर्शित किया है, उस पर चर्चा की जाएगी। जानकारी मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा ने दी।

### कायस्थ समाज की सार्वजनिक बैठक आज

**उज्जैन, निप्र।** वैशाख शुक्ल गंगा सप्तमी दिनांक 4 मई 2025 वैशाख को भगवान श्री चित्रगुप्त प्राकट्य दिवस का प्राकट्य दिवस मनाया जाएगा। इस दिन प्रतिवर्षानुसार निरंतर 8 वें वर्ष निकलने वाली भगवान श्री चित्रगुप्त जनदर्शन यात्रा एवं कुटुंब रसोई को भव्य बनाने उज्जैन कायस्थ समाज की एक सार्वजनिक बैठक आज रविवार दिनांक 13 अप्रैल 2025 समय शाम 4.30 बजे, दशहरा मैदान पर रखी गई है। जिसमें समाज का कार्य करने वाले सभी संगठन एवं चित्रगुप्त मंदिर व्यवस्था समिति तथा संस्था के सदस्य और समाज का हर एक व्यक्ति को आमंत्रित किया गया है। उज्जैन कायस्थ समाज के अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि समस्त प्राणियों के कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले श्री चित्रगुप्त भगवान का प्राकट्य दिवस पर भगवान नगर भ्रमण पर निकल कर जनता को दर्शन देंगे। यात्रा फ्रीगंज ओवर ब्रिज से प्रारंभ होकर छोटे पुल दानी गेट स्थित चित्रगुप्त घाट पर जाकर समाप्त होगी। महाआरती के बाद कुटुंब रसोई भी रखी गई है। जिसकी तैयारी को लेकर समाज जनों को जोड़ने के लिए आज बैठक रखी गई है।

### उज्जैन में दो दिवसीय मैथिली साहित्य कार्यशाला आज से

**उज्जैन, निप्र।** बीते वर्ष की सफलता को आगे बढ़ाते हुए वाची मैथिली त्रैमासिक पत्रिका के तत्वावधान में इस वर्ष भी एक विशेष मैथिली साहित्य शैक्षणिक कार्यशाला का आयोजन उज्जैन के भारत माता मंदिर, महाकाल परिसर में किया जा रहा है। यह कार्यशाला 13 एवं 14 अप्रैल 2025 को आयोजित होगी। मन्थन कार्यशाला के अंतर्गत देशभर से ख्यातिप्राप्त एवं नवोदित मैथिली साहित्य अनुरागियों, रचनाकारों, विद्वानों तथा शोधार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। इस वर्ष कार्यशाला में सम्मिलित हो रहे हैं- डॉ. रमानन्द झा रमण (पटना), कथाकार अशोक (पटना), डॉ. अशोक कुमार मेहता (दरभंगा), प्रदीप बिहारी (बेगूसराय), डॉ. आभा झा (दिल्ली), डॉ. वंदना झा (दिल्ली), डॉ शान्तनु कुमार (मैसूर)। इसके साथ ही वैद्य गणपति नाथ झा (दरभंगा), शेखर कुमार झा (पुणे), कल्पना झा (पटना), डॉ. मंजू झा (मधुबनी), प्रेम चौधरी (दिल्ली), अभिनव मुस्कान (दरभंगा), कांता रॉय (भोपाल), अंबिकेश मैथिली भाषा प्रेमी एकत्रित हो रहे हैं। देशभर से आनेवाले इन रचनाकारों और शोधार्थियों की उपस्थिति से यह द्विदिवसीय कार्यशाला मैथिली साहित्य में नवाचार, संवाद और रचनात्मक लेखन को नई दिशा देगी। कार्यशाला के आयोजन की जानकारी वरिष्ठ मैथिली रचनाकार तथा वाची पत्रिका की संपादक दीपा मिश्रा ने दी है।

### अनिल नागर अध्यक्ष चुने गये

**नागदा जं. निप्र।** नागर ब्राम्हण समाज शाखा नागदा की एक सभा का आयोजन सिद्ध हनुमान मंदिर सी ब्लॉक बिरलाग्राम नागदा में हुआ। जहाँ समस्त समाजजनो की उपस्थिति में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष गौरव वैद्य सपत्नीक द्वारा हमारे आराध्य हाटकेश्वर महादेवजी का पुजन, अभिषेक कर लाभ लिया गया। वरिष्ठ समाजजन चुनाव प्रक्रिया का शीघ्र समापन चाहते थे। इसलिये समाज की तय चुनाव प्रक्रिया का समापन किया गया। तत्पश्चात् प्रदेशअध्यक्ष के मार्गदर्शन अनुसार इस कार्य को वरिष्ठ समाजजनो की सहमति से सम्पन्न किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष के रूप में बहुमत एवं आपसी सहमति के आधार पर अनिल नागर को समाज का नवीन अध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष पद के लिये दुसरे दावेदार आलोक नागर भी उपस्थित रहे।



# अभा विश्वविद्यालय संगठन परिसंघ ने सांसद फिरोजिया का आभार माना

## 20 दिन धरना देने के बाद विश्वविद्यालय में हुआ एडमिशन

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।**

उज्जैन। काशी हिंदू विश्वविद्यालय में पीएचडी दाखिले को लेकर पिछले 20 दिनों से धरने पर बैठे दलित छात्र शिवम् सोनकर की मांगों को उज्जैन सांसद अनिल फिरोजिया की पहल के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन को मानना पड़ा। इस मामले में श्री फिरोजिया सांसद उज्जैन-आलोट संसदीय क्षेत्र और अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण के लिए स्थायी संसदीय समिति लोक सभा के सदस्य ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इसके लिए एससी एसटी कल्याण के लिए अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संगठानों के परिसंघ का प्रतिनिधि मंडल ने श्री फिरोजिया से उनके दिल्ली आवास पर भेंट की थी। उन्होने इस मामले को गंभीरतापूर्वक लिया और महासंघ के प्रतिनिधि मंडल के समक्ष ही तत्काल धरने पर बैठे शिवम् सोनकर से बात की एवम् उसकी पीड़ा को सुना और समझा। फिर आपने बनारस विश्वविद्यालय के कुलपति से फोन पर वार्ता की और विद्यार्थीयों और शिवम् के हक में फैसला लेने के लिए कहा। साथ ही संसदीय समिति के शीर्ष पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी कि वे छात्र शिवम् सोनकर की हर संभव मदद करें। इसका परिणाम है कि शिवम् सोनकर को न्याय मिल सका। और विश्वविद्यालय ने तत्काल आदेश का पालन करते हुए बची हुई सीटों पर प्रवेश प्रक्रिय शुरू की और पहले ही दिन शिवम् सोनकर का एडमिशन हुआ। एडमिशन होने के पश्चात शिवम् सोनकर ने उज्जैन सांसद अनिल फिरोजिया को फोन कर आभार जताया।



# श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया हनुमान जन्मोत्सव



विनय उजाला

**नागदा जं., निप्र।** श्री बद्रीविशाल मंदिर में स्थित श्री मंशापूर्ण पंचमुखी हनुमान मंदिर में पोरवाल समाज द्वारा हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा व भक्ति से मनाया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत पंचमुखी हनुमानजी का अभिषेक हनुमान चालीसा का पाठ हनुमानजी का आकर्षक चोला श्रृंगार किया गया। शाम को सुन्दरकाण्ड का पाठ हुआ। इस अवसर पर मंदिर में फूलों व रोशनी से सजावट की गई थी। दोपहर 12 बजे जन्मोत्सव की महाआरती व प्रसादी का वितरण किया गया। महाआरती में समाज अध्यक्ष ज्ञानेश्वर पोरवाल, कैलाश सेठिया, नन्दकिशोर पोरवाल, सुरेन्द्र पोरवाल, अशोक पोरवाल, रमेशचन्द्र फरक्या, नागुलाल पोरवाल, दिलीप मेहता, कमल पोरवाल, संजय पोरवाल, विजय पोरवाल, मनीष पोरवाल राधिका, बद्रीलाल सेठिया, मांगीलाल पोरवाल, अशोक सेठिया, प्रेम पोरवाल, जगदीश पोरवाल, योगेन्द्र मेहता, दिनेश वेद, रमेश पोरवाल, अनिल कामरिया, राकेश वेद, नारायण मेहता, राकेश अभिनव, पियुष सेठिया, गोरधन पोरवाल, ओमप्रकाश सेठिया, राजेश पोरवाल, सुरज पोरवाल, पुष्कर पोरवाल, अजय पोरवाल, राकेश फर्नाखेड़ी सहित पोरवाल समाजजन, भक्तगण व महिलाएं उपस्थित थी। यह जानकारी योगेन्द्र पोरवाल ने दी है।

# श्री महाकालेश्वर मंदिर में रजत मुकुट और नगद राशि भेट में प्राप्त

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा सभी व्यवस्थायें दान के माध्यम से ही संचालित की जाती है। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा संचालित दर्शन व्यवस्था, निन्शुल्क अन्नक्षेत्र, गौशाला, चिकित्सा, लड्डू प्रसाद निर्माण इकाई आदि का संचालन मंदिर प्रबंध समिति द्वारा भक्तों द्वारा प्राप्त श्रद्धानुसार दान से ही किया जाता हैं। दान की श्रृंखला में गुजरात के भरुच से पधारे धर्मेंद्र शर्मा महाकालेश्वर भगवान को 1 नग रजत मुकुट भेट किया गया। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से वीरेन्द्र शर्मा द्वारा दानदाता का सम्मान कर विधिवत रसीद प्रदान की गई। इसी तरह उज्जैन के भक्त मनीष मीणा द्वारा पप्पू बौरासी के माध्यम से श्री महाकालेश्वर मंदिर में चल रहे विकास व निर्माण कार्यों हेतु रुपये 5 लाख की नगद राशि दान की गई। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से अभिषेक शर्मा द्वारा दानदाता को धन्यवाद ज्ञापित कर दानदाता का सम्मान कर रसीद प्रदान की गई।

# गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार की लिंक भेजी और खाते से रूपये उड़ाए

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** शनिवार को शहर में कुछ गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार की लिंक भेज रूपये उड़ाने का मामला सामने आया है। मामले में महिलाओं ने पुलिस कंट्रोल रूम में शिकायत की है। यहां से उन्हें साइबर पुलिस में शिकायत करने के लिए कहा गया है।

बताया जा रहा है की उज्जैन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के नाम पर क़रीब 12 से ज्यादा गर्भवती महिलाओं के साथ ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। साइबर ठग ने महिलाओं को फ़ोन लगाकर उनके अकाउंट में डिलीवरी के लिए राशि डालने का झांसा दिया। ठग ने खाते में बैलेंस चेक करने के लिए एक लिंक भी भेजी। जैसे ही महिलाओं ने राशि चेक करने के लिए भेजे गए लिंक पर क्लिक किया, वैसे ही खाते से राशि निकाल ली गई। मामले की शिकायत शनिवार को महिलाओ ने पुलिस कंट्रोल रूम में की, यहां से उन्हें साइबर थाने में शिकायत करने के लिए भेज दिया गया।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ज्योति जायसवाल के अनुसार चार दिन पहले करीब 12 से अधिक गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार बांटा था। नियम अनुसार, महीने में गर्भवती महिला को पोषण आहार चार बार देते हैं। इसके लिए ऑनलाइन एक ऐप स्न्रञ्ज के माध्यम से गर्भवती महिला का फ़ोटो निकालकर जानकारी भरी जाती है, जिसके बाद एक ह्रञ्जक्कमहिला के मोबाइल पर आता है। इसके बाद उन्हें पोषण आहार दे दिया जाता है। ज्योति के आहार बांटने के बाद सभी महिलाओं को एक फ़ोन आया। उसने बताया कि आपके खाते में पोषण आहार की राशि भेजी है, अपना अकाउंट चेक कर लो।

# गया कोटा स्थित ऋषि तलाई के पुनरुद्धार हेतु श्रमदान किया गया

## 15 दिवस का जन सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया जाकर किया जायेगा कायाकल्प

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शनिवार को गया कोटा स्थित कुंड की सफाई एवं पास ही स्थित अति प्राचीन ऋषि तलाई पर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव एवं निगम आयुक्त आशीष पाठक द्वारा श्रमदान किया गया। साथ ही संकल्प लिया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ऋषि तलाई के पुनरुद्धार एवं कायाकल्प हेतु नगर निगम द्वारा जन सहयोग, सामाजिक संस्थाओं, संगठनों के साथ मिलकर एक व्यापक अभियान चलाया जाकर ऋषि तलाई को पुन: उसके मूल स्वरूप में लाया जाएगा।

नगर निगम आयुक्त श्री पाठक द्वारा श्रमदान के पश्चात जानकारी देते हुए बताया कि गया कोटा स्थित ऋषि तलाई एक बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। साथ ही धार्मिक दृष्टि एवं पौराणिक मान्यताओं के आधार पर इस स्थान का बहुत महत्व है। वर्तमान में यह ऋषि तलाई विलुप्त होने की कगार पर है। इसके लिए इसके संरक्षण, संवर्धन के लिए संकल्पित होने की आवश्यकता है। इस हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा अनुसार सप्तसागरों को सुंदर बनाएं जाने के क्रम में ऋषि तलाई को मूल स्वरूप में लाने हेतु नगर निगम द्वारा जनप्रतिनिधि गणों, सामाजिक संस्थाओं, जन भागीदारी से सभी की सहभागिता से इस पुनीत कार्य को करते हुए विशेष अभियान चलाया जाकर ऋषि तलाई का कायाकल्प एवं सौंदर्यकरण किया जाएगा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष रितेश जटिया, विक्रम ठाकुर, अपर आयुक्त संदीप शिवा, उपायुक्त मनोज मौर्य, कार्यपालन यंत्री केदार खत्री, जोनल अधिकारी डीएस परिहार, स्वास्थ्य अधिकारी हरीश व्यास, ऋषि वर्मा, शानू मेहता, अशोक गहलोत उपस्थित रहें।



### 12 साल पुराने विवाद में महिला ने किया युवक पर हमला

**उज्जैन, निप्र।** शुक्रवार को एक महिला ने युवक पर पुराने विवाद में दराते से हमला कर घायल कर दिया। युवक ने जैसे-तैसे महिला से जान बचाई और उसे काबू में किया। बाद में घायल युवक और महिला को लोगो ने अलग किया। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। जिसमे महिला दराते से हमला करते दिख रही है। मिली जानकारी के अनुसार चिमनगंज थाना क्षेत्र में एक महिला ने पुराने विवाद के चलते एक युवक पर हंसिया (दंराते) से हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। घटना शुक्रवार दोपहर की है जब यास्मीन नामक महिला ने इकबाल के पास आते ही उस पर दराते से हमला दिया।

# पुंसवन संस्कार व युग निर्माण संकल्प पाठ हुआ

विनय उजाला

**नागदा जं., निप्र।** निप्र। गायत्री शक्तिपीठ नागदा शनिवार को भगवान हनुमान जंयती के अवसर पर दैनिक यज्ञ में पुंसवन संस्कार के साथ हनुमान चालीसा पाठ व युग निर्माण संकल्प पाठ सम्पन्न हुआ। गायत्री शक्तिपीठ नागदा कार्यकर्ता ममता बैरागी ने सभी को हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि आजकल के समय में हनुमान हमें एक ही मंत्र देते है। हम अपनी सकारात्मकता को जिंदा करे, सार्थकता शक्ति ताकत को जिंदा करे। आदमी के अंदर यह सभी होता है। आदमी पत्थर भी उछालता है, तो आसमान में छेद होता है। उसके अंदर इतनी ताकत होती हे संकल्प के आधार पर रूख बदल जाते है। ऐसे ही हमारे अंदर शक्ति जगाने का है। आप कल्पना करके देखे जब लक्ष्मण को मुर्छा लग गई थी भगवान राम रो रहे थे तो ऐसे संकट मोचन के रूप में हनुमान आये । भगवान हनुमान गये संजीवनी के साथ ही पुरे पहाड़ को ही उठा कर लाये। इस समय हमारे भीतर के हनुमान को जगाने का है। बैरागी ने आगे बताया कि इस मौके पर गर्भवती बहनो को पूजन गर्भसंस्कार श्रेष्ठ संतान की कामना के लिए सम्पन हुआ। गायत्री परिवार भगवान की बनाई गई योजना है जिसमें हिमालय की ऋषि सत्ताओं का मार्गदर्शन और संरक्षण है। जिसमें थोड़ा-थोड़ा सहयोग प्रतिभाशाली जाग्रत आत्माओं श्रद्धालू का मिल रहा है।

ऋषियों ने सोलह संस्कारो के माध्यम से मनुष्य जाति को प्रदान की थी जिसे हम सबसे स्वयं के जीवन में और आने वाली पीढ़ी को सुसंस्कृत समुन्नत बनाने की आज वर्तमान में महती आवश्यकता है। जो गायत्री परिवार कर रहा है। प्रतिदिन प्रात: 7 बजे यज्ञ के साथ संस्कार किये जाते है।

# विश्वकर्मा समाज कल्याण समिति द्वारा सामूहिक विवाह संपन्न



विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** श्री विश्वकर्मा पांचाल ग्रामीण समाज कल्याण समिति द्वारा चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन बिल्केश्वर धाम मोहनपुरा बड़नगर रोड पर किया गया। सामूहिक सम्मेलन में नौ जोड़ों का विवाह वैदिक परंपरा के अनुरूप संपन्न किया गया। सम्मेलन के सचिव ओकारलाल पांचाल ने बताया कि श्री विश्वकर्मा पांचाल ग्रामीण समाज कल्याण समिति द्वारा विगत कई वर्षो से सामूहिक विवाह संपन्न किया जा रहा हैं। इसी के अनुरूप चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर नौ जोड़े का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न किया गया। सामूहिक सम्मेलन का उद्देश्य समाज को जोड़ना एवं कम खर्च में वैवाहिक परंपरा को संपन्न करना है। सृष्टि के रचयिता भगवान श्री विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर अतिथि विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव एवं नगर भाजपा उपाध्यक्ष जगदीश पांचाल के आथित्य में विवाह जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया गया।

# अध्यक्ष लोकसभा ओम बिरला जी द्वारा 13 अप्रैल को डॉ. अम्बेडकर नगर-कोटा-नई दिल्ली एक्सप्रेस का डॉ. अम्बेडकर नगर एवं कोटा रेलवे स्टेशनों से हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया जाएगा

## माननीय मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश डॉ. मोहन यादव, माननीय केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव

विनय उजाला

**मुंबई।** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे तथा माननीया महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, माननीय सांसद इंदौर शंकर लालवानी एवं माननीया सांसद राज्यसभा कविता पाटीदार डॉ. अम्बेडकर नगर में उपस्थित रहेंगे। माननीय अध्यक्ष लोकसभा ओम बिरला जी रविवार 13 अप्रैल 2025 को डॉ. अम्बेडकर नगर एवं कोटा रेलवे स्टेशनों पर डॉ. अम्बेडकर नगर - कोटा - नई दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन का हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। राजस्थान और मध्य प्रदेश के पर्यटन/दर्शनीय स्थलों को बढ़ावा देने एवं यात्री सुविधाओं तथा सुगम आवागमन के उद्देश्य से रेलवे द्वारा नियमित रेल सेवा के रूप में ट्रेन नंबर 20155/20156 डॉ. अम्बेडकर नगर - नई दिल्ली - डॉ. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस ट्रेन को चलाने का निर्णय लिया है। इस ट्रेन का नियमित संचालन भारतीय संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर उनकी जन्मस्थली 'महू' शहर के डॉ. अम्बेडकर नगर रेलवे स्टेशन से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के मध्य किया जायेगा। इसी तारतम्य में कोटा से ट्रेन नं. 02055 कोटा-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन सेवा तथा डॉ. अम्बेडकर नगर से 09355 डॉ. अम्बेडकर नगर ङ्क कोटा स्पेशल ट्रेन का शुभारम्भ किया जा रहा है।



डॉ. अम्बेडकर नगर - कोटा - नई दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश डॉ. मोहन यादव, माननीय केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा माननीया महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, माननीय सांसद इंदौर शंकर लालवानी एवं माननीया सांसद राज्यसभा कविता पाटीदार द्वारा डॉ. अम्बेडकर नगर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यह ट्रेन राजस्थान क्षेत्र में लंबे समय से लंबित सार्वजनिक मांग को पूरा करती हैं। यह ट्रेन राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश एवं राजधानी नई दिल्ली प्रदेश क्षेत्र के रोजगार, व्यापार, वाणिज्य और अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में योगदान देगी। नई दिल्ली-डॉ अम्बेडकर नगर (महू) के बीच नई ट्रेन के संचालन से राज्यों के जिलों में पड़ने वाले मध्यवर्ती स्टेशनों के यात्रियों को आवागमन का लाभ मिलेगा।

### नई ट्रेन का लाभ

- इस नई रेल सेवा के आरंभ होने से राजस्थान की शिक्षा नगरी कोटा को देश की राजधानी नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश में स्थित महाकाल की नगरी उज्जैन, मध्यप्रदेश की औद्योगिक नगरी इन्दौर एवं डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) से सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी।
- राजस्थान एवं मध्य प्रदेश राज्यों के अंतर्गत आने वाले पर्यटन एवं तीर्थ स्थलों जैसे मथुरा, उज्जैन, भरतपुर, सवाई माधोपुर, कोटा, देवास एवं इंदौर के विकास को बढ़ावा मिलेगा, जिससे दोनों राज्यों का आर्थिक एवं सामाजिक विकास होगा।
- इस नई रेल सेवा की सौगात से विधार्थियों, व्यापारियों, किसानों एवं आमजन को सीधा लाभ पहुँचेगा।
- राजस्थान एवं मध्य प्रदेश राज्यों के यात्रियों को देश की राजधानी नई दिल्ली के लिए सुरक्षित एवं सुगम यात्रा के लिए सीधी ट्रेन की उपलब्धता होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### नया हरसूद-छनेरा में हर्षोल्लास से मनाई हनुमान जयंति, पुलिस थाना हरसूद में किया भंडारे का आयोजन



**हरसूद, निप्र।** शनिवार को नया हरसूद-छनेरा सहित संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र में हनुमान जयंति हर्षोल्लास से मनाई गई। षनिवार सुबह से हनुमानजी के मंदिरों पर श्रद्धालुओं का तांता लगना प्रारंभ हो गया था। हनुमान जयंति पर छनेरा स्थित हनुमान मंदिर, खेडापति हनुमान मंदिर नया हरसूद, खेडापति हनुमान मंदिर पुराना हरसूद, पुलिस थाना स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, कृषि उपज मंडी हरसूद स्थित मंदिर सहित समस्त हनुमान मंदिरों पर हनुमानजी की प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार किया गया था। पुलिस थाना हरसूद में स्थित पंचमुखी हनुमार मंदिर पर षनिवार दोपहर 12 बजे महाआरती के पश्चात भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारा प्रसादी ग्रहण की।

### पोषण पखवाड़ा अंतर्गत शिविर में दी आवश्यक जानकारी



**बुरहानपुर, निप्र।** आयुष विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा अंतर्गत बुधवारा स्थित आंगनवाड़ी क्र-3 में शासकीय यूनानी औषधालय व आयुष्मान आरोग्य मंदिर दाउदपुरा द्वारा सातवें पोषण पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों में पोषण स्तर की निगरानी करने हेतु महिलाओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर 23 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में संतुलित आहार विहार से संबंधित एवं कुपोषित बच्चों के लिए समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन की जानकारी दी गई। वहीं जल गंगा संवर्धन अभियान से समुदाय को जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं उपस्थितजनों को अभियान के तहत शपथ भी दिलाई गई। शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, आयुष विभाग से डॉ एजाज़ अनवर अंसारी, वसीम बेग, महिला एवं बाल विकास विभाग से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित रहे।

### नर्मदा किनारे मिला छात्र, का शव घर से तीन दिन से लापता था

**कसरावद ( विनय उजाला )।** परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी, शनिवार को शव मिलने की सूचना मिली। नगर के श्रीनगर कालोनी निवासी छात्र अमन पिता राजेश शर्मा 21 का नर्मदा मे नहाते समय डूबने से मौत हो गई है। पुलिस ने शव बोथू तट नर्मदा किनारे से बरामद किया है। महाविद्यालयीन पढाई कर रहा था छात्र। थाना प्रभारी राजेंद्र बर्मन नहीं बताया छात्र की शुक्रवार को परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। उसके बाद पुलिस ने गुम इंसान की तलाश शुरू की। शनिवार को अमन का शव मिलने की सूचना पर पुलिस पहुंची। शव बरामद कर पीएम कराया परिजनों को सौंपा गया है। फिलहाल मार्ग कायम कर जांच में लिया है।

# शतरंज सबक सिखाती है कि अगर जीवन में जीत रहे हैं तो अभिमान न करें और हार रहे हैं तो धैर्य रखें : कलेक्टर

## अखिल भारतीय दृष्टिबाधित शतरंज महासंघ दृष्टिबाधितार्थ राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता-2025 हुई प्रारम्भ

विनय उजाला

**खण्डवा, निप्र।** दृष्टिबाधितार्थ शतरंज कल्याण समिति मध्य प्रदेश एवं निमाड़ अंचल नेत्रहीन संघ खंडवा द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय नेत्रहीन शतरंज प्रतियोगिता का उद्घाटन कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप जैसे लोग यह सिद्ध करते हैं कि आपको किसी दया की आवश्यकता नहीं है और आपका हुनर ही आपकी पहचान है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों के लिए दुनिया कठिन बना दी जाती है। दुनिया अपने आप में इतनी कठिन नहीं थी। अब समाज धीरे-धीरे और संवेदनशील हो रहा है। आज की यह शतरंज प्रतियोगिता मील का पत्थर साबित होगी।

उन्होंने कहा कि शतरंज जीवन में सबक सिखाती है कि अगर जीवन में जीत रहे हैं तो अभिमान ना करें और हार रहे हैं तो धैर्य रखें। शतरंज से हमें यह भी सीखना है कि जीत और हार जीवन में लगी रहती है। खेलना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी शतरंज जैसे अच्छे खेल का हिस्सा बनें। इस अवसर पर दृष्टिबाधितार्थ शतरंज कल्याण समिति मध्य प्रदेश के सचिव डॉ. दिलीप कुमार बारपेटे, अध्यक्ष श्री शिवकुमार बनखेड़े, श्री नंदराम आवचे सचिव निमाड़ अंचल नेत्रहीन संघ एवं अध्यक्ष श्री रविशंकर पाटिल एवं उपाध्यक्ष श्री कैलाश मालवीय विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के आर्बिटर श्री सुनील शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस राज्य स्तरीय दृष्टि बाधितार्थ शतरंज प्रतियोगिता- 2025 के आधार पर मध्य प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ दृष्टि बाधित 15 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। यह सर्वश्रेष्ठ 15 खिलाड़ी अखिल भारतीय दृष्टिबाधित शतरंज महासंघ की पश्चिम क्षेत्र शतरंज प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 24 दृष्टिबाधित शतरंज खिलाड़ियों ने सहभागिता की एवं यह प्रतियोगिता स्विस लीग पैटर्न एवं आई.बी.सी.ए. (अंतर्राष्ट्रीय ब्रेल शतरंज संघ ) पर पांच चक्र में आयोजित की गई।प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय लकी गार्डन में किया गया।प्रतियोगिता के इस अवसर पर निमाड़ अंचल नेत्रहीन संघ के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी श्री सूर्य प्रताप सिंह जबलपुर से,आर्बिटर के रूप में श्री अक्षय कुमार तोमर एवं स्वरित राठौर विशेष रूप से उपस्थित रहे।




# शहरी और ग्रामीण क्षेत्रो में भक्ति भाव के साथ मनाई हनुमान जयंती

## हनुमान जयंती पर पूर्णाहुति के साथ पांच दिवसीय पंचकुण्डीय महायज्ञ हुआ संपन्न





विनय उजाला

**बड़वाह, निप्र।** हमारे प्राचीन ग्रंथों अनुसार प्रतिवर्ष चैत्र मास की पूर्णिमा को हनुमान जयंती मनाई जाती है। इस दिन हनुमानजी का जन्म हुआ था ।

प्रभु श्री राम में गहरी आस्था होने के कारण हनुमानजी को विशेष पूजा जाता हैं। हनुमान जयंती हिन्दू धर्म के लोगों के द्वारा हिन्दूओं के एक महत्वपूर्ण त्यौहार के रुप में बड़े उत्साह के साथ मनाई जाती है। वहीं पुराणों के अनुसार भगवान शिवजी ने माता अंजना के गर्भ से रुद्रावतार हनुमान के रूप में जन्म लिया था। यह जन्म महाराष्ट्र के नाशिक के अंजनी गिरी नामक स्थान पर हुआ था। उल्लेखनीय है कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रो में शनिवार को हनुमान जयंती हर्षोउल्लास पूरे भक्ति भाव के साथ मनाई गई । इस उपलक्ष में अनेकों मंदिर में अल सुबह हनुमानजी का चोला श्रंगार किया गया । वही अनेकों मंदिरों में छप्पन भोग का प्रसाद और भंडारे प्रसादी का आयोजन हुआ । जहा सैकड़ो की तादात में भक्तों ने पूजन पाठ कर भंडारा प्रसादी ग्रहण की ।इस अवसर पर शहर के इंदौर रोड स्थित लड्डू हनुमानजी का विशेष चोला श्रंगार हुआ ।वही नर्मदा किनारे स्थित मठ मंदिरों में पूजन अभिषेक के साथ ही भंडारों का आयोजन हुआ। जबकि नगर के भीमेश्वर महादेव मंदिर, आम वाले हनुमान मंदिर, गणगौर घाट स्थित खेड़ापति हनुमान मन्दिर सहित अन्य मंदिरों में विशेष पूजन अर्चन किया गया।

हनुमान जयंती के पूर्व आदर्श नगर कालोनी स्थित अम्बिकेश्वर महादेव मंदिर में 5 दिवसीय महायज्ञ की शुरुवात हुई थी। जहा हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर हनुमानजी का अल सुबह आकर्षक चोला श्रंगार किया गया। जिसके बाद दोपहर 1 बजे महायज्ञ की पूर्णाहुति दी गई। जिसके पश्चात भंडारे प्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें कालोनी और आसपास के महिला पुरूष सहित बच्चो ने प्रसादी ग्रहण की। उलेखनीय है कि पांच दिवसीय महायज्ञ देश में सुख शांति,साम्प्रदायिक सद्भाव एवं अच्छी वर्षा के उद्देश्य से किया गया ।पांच दिवसीय पंचकुण्डीय महायज्ञ के पहले दिन हवन कुंड में अग्निमंथन कर अग्नि प्रज्वलित की गई थी। जिसके बाद गणेश यज्ञ, लक्ष्मीनारायण यज्ञ सम्पन्न हुआ। जिसके बाद शनिवार दोपहर दोपहर 1 बजे हनुमान जयंती पर हवन की पूर्णाहुति एवं भंडारे प्रसादी के साथ पांच दिवसीय महायज्ञ का समापन हुआ। पंडित द्वारकाप्रसाद शर्मा ने बताया की अम्बिकेश्वर महादेव मंदिर में हनुमान जयंती के 5 दिन पूर्व होने वाला पंचकुण्डीय महायज्ञ का आयोजन 7 वर्षों से निरंतर किया जा रहा है। जबकि उसके पहले 12 वर्षों तक यह परंपरा बलवाड़ा स्थित हनुमान मंदिर में निर्वहन की जा रही थी । इस आयोजन के चलते एक दिवस खाटू श्याम की भजन संध्या हुई।

# विश्व होम्योपैथी दिवस पर आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन




विनय उजाला

**बुरहानपुर, निप्र।** आयुष विभाग द्वारा विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर होम्योपैथी के जनक डॉ. सैम्युल हैनीमैन के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर होम्योपैथी औषधालयों द्वारा आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ कविता गढ़वाल ने बताया कि प्रतिवर्ष 10 अप्रैल को होम्योपैथी दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर असीर, खकनार तथा धामनगांव औषधालयों द्वारा चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर के अवसर पर औषधीय पौधे भी वितरित किये गये। शिविर शुभारंभ अवसर पर अध्यक्ष की उपस्थिति में श्री राकेश सोलंकी, डॉ महेन्द्र सिंगोरिया, डॉ रश्मिबाला वर्मा, डॉ भूपेंद्र मंडलोई, डॉ श्रद्धा भट्ट द्वारा विभिन्न स्थानों पर उपस्थित लोगों को होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के बारे में जानकारी दी गई तथा इसके लाभों के बारे में जागरूक किया गया। शिविर में चर्म रोग, सामान्य ज्वर, कास, प्रतिश्याय, पेट दर्द, चोट, महिलाओं, किशोरियों में मासिक धर्म संबंधित समस्याएं, श्वेत प्रदर, एनीमिया कमजोरी आदि के कुल 532 रोगियों की होम्योपैथी पद्धति से चिकित्सा की गई। इस दौरान विभिन्न प्रकार की दवाईयों का वितरण किया गया। तरल पदार्थ, संतुलित भोजन, स्वच्छ पानी, साफ-सफाई का विशेष ध्यान देने संबंधी सलाह दी गई। इस दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई व 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के बारे में जानकारी दी गई। आयुष विभाग से औषधी संयोजक मधुसिंह मौर्य, दवासाज मालती भावसार, कमल राठौड़, ओंकार गाढ़े, श्री नन्नू राउत का सहयोग रहा।

### राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता हुई आयोजित

**खण्डवा, निप्र।** सृजन करने की शक्ति ईश्वर ने अपने अलावा मां को दी है। जो सृजन करता है उसे तो स्वस्थ होना ही चाहिए क्योंकि हम जानते हैं गर्भावस्था में शिशु सुनता है।अभिमन्यु का उदाहरण हमारे सामने है ।जब स्वस्थ शिशु दुनिया के सामने आएगा तब दुनिया के झंझावातों का चक्रव्यूह तोड़ सकेगा।इसलिए मां को स्वस्थ होना जरूरी है। उक्त विचार गृह विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. प्रताप राव कदम द्वारा व्यक्त किए गए।गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा कदम ने कस्तूरबा गांधी की जयंती पर आयोजित सुरक्षित मातृत्व दिवस का महत्व बताते हुए कहा कि दुनिया का खूबसूरत रिश्ता अगर कोई है तो वह है मां।

## देवरा फरेंदा पंचायत में विकास कार्य ठप, सरपंच पर गंभीर लापरवाही के आरोप

# जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिंह ने की कलेक्टर से जनहित के अनदेखी की शिकायत

विनय उजाला

**रीवा।** जिले के रायपुर कर्चुलियान जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरा फरेंदा के सरपंच राजकुमार तिवारी पर जनहित की अनदेखी करने और पंचायत के विकास कार्यों में घोर लापरवाही बरतने के आरोप लग रहे हैं। बताया गया है कि सरपंच को पद संभाले दो वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, बावजूद इसके पंचायत में आज तक एक भी ठोस विकास कार्य शुरू नहीं हुआ है।

सबसे बड़ी बात यह है कि ग्राम पंचायत के बैंक खाते में करीब 90 लाख रुपए की राशि मौजूद होने के बावजूद गांव के लिए कोई योजना जमीन पर उतरती नहीं दिख रही। फरेंदा गांव के प्राथमिक विद्यालय के नव निर्माण हेतु समग्र शिक्षा अभियान के तहत 5.5 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी। यह राशि सांसद की अनुशंसा और जिला पंचायत अध्यक्ष के निर्देशों के आधार पर पंचायत खाते में भेजी गई है।



श्री सिंह ने आरोप लगाया कि सरपंच पंचायत के कार्यों की उपेक्षा कर रीवा हवाई अड्डे का नामकरण अपने पूर्वज के नाम पर कराने और मनिकवार गांव को तहसील घोषित कराने जैसे व्यक्तिगत एजेंडे में लगे हैं। श्री सिंह ने बताया कि जनता और स्थानीय नेतृत्व की बार-बार की अपील के बावजूद कार्य नहीं शुरू हुआ, जिसके चलते श्री सिंह ने रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल को पत्र लिखकर पूरे मामले से अवगत कराया है।

उन्होंने फंड को किसी अन्य निर्माण एजेंसी के माध्यम से कार्यान्वित कराने और सरपंच को हटाने की मांग की है। रीवा कलेक्टर ने जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। ग्रामवासी भी सरपंच की निष्क्रियता से नाराज़ हैं और अब ठोस कार्रवाई की प्रतीक्षा कर रहे हैं। श्री सिंह ने संकेत दिया है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं होती, तो वे स्वयं आवश्यक कानूनी एवं जनांदोलनात्मक कदम उठाएंगे।

### जनहित की जगह व्यक्तिगत एजेंडे में लगे हैं सरपंच

इस योजना के लिए प्रयास करने वाले श्रीजनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजी. दिवाकर सिंह ने बताया कि उन्होंने यह फंड स्कूल के निर्माण के लिए स्वीकृत कराया था, किंतु सरपंच श्री तिवारी पिछले दो माह से काम शुरू करवा देंगे कहकर टाल रहे हैं।

# वित्त वर्ष 2024 में लैंक्सेस की कमाई में जबरदस्त वृद्धि

## एबिटा (प्रि-एक्सेप्शनल्स) 19.9% बढ़कर 614 मिलियन यूरो पर पहुंचा

विनय उजाला

**मुंबई।** दुनिया भर में चुनौतीपूर्ण आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद लैंक्सेस ने वित्त वर्ष 2024 में अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की। इस अवधि में कंपनी का एबिटा (प्रि-एक्सेप्शनल्स) 19.9% की वृद्धि के साथ 614 मिलियन यूरो पर पहुँच गया, जो पिछले वर्ष 512 मिलियन यूरो था। कंपनी ने 20 जनवरी, 2025 को जारी अपने प्रारंभिक आँकड़ों की पुष्टि की है। कमाई में इस बढ़त का प्रमुख कारण उत्पादन क्षमता का बेहतर उपयोग और फॉरवर्ड! कार्य योजना के चलते लागत में आई उल्लेखनीय कमी रही।

हालाँकि लगभग सभी व्यावसायिक इकाइयों ने बिक्री मात्रा में बढ़त दर्ज की, लेकिन समूह की कुल बिक्री 5.2% घटकर 6.366 बिलियन यूरो रही, जो पिछले वर्ष 6.714 बिलियन यूरो थी। यह गिरावट मुख्यत: कच्चे माल और ऊर्जा की लागत में कमी के कारण बिक्री कीमतों में आई गिरावट की वजह से हुई। एबिटा मार्जिन भी सुधरकर पिछले वर्ष के 7.6% से बढ़कर 9.6% हो गया। लैंक्सेस एजी के चेयरमैन, मैथियास जैशर्ट ने कहा, हमने आर्थिक और भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद अपने संसाधनों के बल पर मुनाफे में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की है। यह दर्शाता है कि हमारे संरचनात्मक सुधार प्रभावी हैं, और इनका लाभ हमें इस साल भी मिलेगा। इसलिए, भले ही वैश्विक माँग में व्यापक सुधार नजर न आ रहा हो, हमें 2025 में और अधिक वृद्धि हासिल करने का पूरा विश्वास है। लैंक्सेस को उम्मीद है कि 2025 में आर्थिक और भू-राजनीतिक परिदृश्य चुनौतीपूर्ण बना रहेगा, लेकिन इसके बावजूद कंपनी पोर्टफोलियो-समायोजित आधार पर लगभग 10% परिचालन वृद्धि के साथ 600 से 650 मिलियन यूरो के बीच एबिटा (प्रि-एक्सेप्शनल्स) दर्ज करने की उम्मीद कर रही है। यह अनुमान फॉरवर्ड! कार्य योजना के चलते मिलने वाले निरंतर लाभों पर आधारित है। इसमें यह भी शामिल है कि यूरेथेन सिस्टम्स व्यवसाय से होने वाली आय केवल पहली तिमाही तक ही जोड़ी जाएगी, क्योंकि कंपनी को उम्मीद है कि अप्रैल 2025 में इस व्यवसाय को अलग कर दिया जाएगा।

# नवाचार की ओर कदम अरिहंत स्कूल में अब बच्चे सीखेंगे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई) एवं एंटरप्रेन्योरशिप

विनय उजाला

**हरसूद, निप्र।** शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नवाचार के लिए पहचाने जाने वाले अरिहंत पब्लिक स्कूल ने एक ओर उल्लेखनीय पहल की है। अब स्कूल में विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एंटरप्रेन्योरशिप की शिक्षा दी जाएगी। इस कोर्स की शुरुआत नए सत्र से की जा रही है। जो विशेष रूप से कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के लिए डिजाइन किया गया है। डायरेक्टर संतोष जैन ने बताया कि आज की दुनिया तेजी से तकनीकी बदलावों से गुजर रही है। ऐसे में बच्चों को पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी और व्यावसायिक कौशल देना समय की मांग है। हम चाहते हैं कि हमारे छात्र सिर्फ उपभोक्ता न बनें, बल्कि इनोवेशन लाने वाले बने। जो समाज की समस्याओं के लिए तकनीकी समाधान सोच सकें और उन्हें व्यवहार में ला सके। मैनेजिंग डायरेक्टर अक्षत जैन ने बताया कि यह कोर्स छात्रों के लिए तैयार किया गया है जिसमें मशीन लर्निंग, डेटा एनालिसिस, चौटबॉट, इमेज रिकग्निशन जैसी तकनीकी जानकारियों के साथ-साथ व्यवसायिक सोच, मार्केट रिसर्च, बजट निर्माण और स्टार्टअप प्रोजेक्ट पर काम करना शामिल होगा। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को न केवल प्रतिस्पर्धी बनाना है, बल्कि उन्हें सृजनात्मक और आत्मनिर्भर नागरिक बनाना है। यह कोर्स नई शिक्षा नीति की सोच के अनुरूप है, जो बच्चों को कौशल आधारित शिक्षा देने पर जोर देती है।



यह कदम छात्रों को 21वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करेगा और छनेरा हरसूद जैसे शहरों से भी वैश्विक प्रतिभाएं उभरने का रास्ता खोलेगा।

ज्ञात हो कि गत माह विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग द्वारा अरिहंत के दो प्रतिभावान छात्राओं का विज्ञान मॉडल हेतु चयन भी हुआ है।

## बाजार भाव

### इंदौर मंडी

# बाज़ार में मूंगफली तेल तेज

**इंदौर ( व्यापार प्रतिनिधि )।** चना कांटा 5900 - 6000 विशाल चना 5800 - 5850 डंकी चना 5600 - 5650 मसूर 6100 - 6150 नई 6000 मूंग एवरेज 7200 - 7700 मूंग ( गर्मी का) 8000 - 8200 उड़द ( गर्मी) बेस्ट - 8300 - 8800 एवरेज मीडियम उड़द 6500 - 7800 हल्की उड़द 3000 - 5000 रुपए।

**तिलहन - ( प्रति क्विंटल )-** सोयाबीन 4375 - 4400 सरसों निमाड़ी बारीक 5800 - 5850 एवरेज बारीक 5000 - 5005 रुपए।



**दाल भाव ( प्रति क्विंटल )** - तुअर दाल फूल 11000 - 11200 तुअर दाल सवा नंबर 10800 - 11000 चना दाल 8100 - 8200 एक्स्ट्रा बोल्ड 9100 मसूर दाल 7500 - 7550 मूंग दाल 9200 - 9400 मूंग मोगर 9600 - 9700 उड़द दाल 12500 - 13000 उड़द मोगर 12500 - 13000 रुपए।

**तेल बाजार ( प्रति 10 किलो )** - मूंगफली तेल इंदौर 1470 - 1480 मुबंई 1520 - 1525 गुजरात 1485 - 1490 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 1315 - 1320 सोया सॉल्वेंट 1255 - 1270 इंदौर पाम ऑइल 1425 - 1430 रुपए।

**मावा** - 320 रुपए किलो।

**इंदौर सराफा बाजार -**
सोना 10 ग्राम 89800 रुपए।
चाँदी 100000 रुपए किलो।
चाँदी सिक्का 1100 रुपये प्रति नग।
सोना 3025 डॉलर प्रति औंस
चाँदी 3343 सेंट प्रति औंस

## संक्षिप्त समाचार

### हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरो में उमड़ी आस्था अनेको जगह हुए भंडारे

**धामनोद, निप्र।** हनुमान जयंती के पावन पर्व पर मंदिरों में आस्था व विश्वास की लहर दिखाई दी। अनेको जगह हुए भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर के मंदिरो में सुबह से ही श्रद्धालुओं ने पहुंच कर धोक लगाकर भगवान का आशीर्वाद लिया फरसपुरा हनुमान मंदिर में भगवान हनुमान का लाखों के नोटों से विशेष श्रृंगार किया गया वंहा छप्पन भोग का आयोजन हुआ भंडारे में सेकड़ो लोगों ने प्रसाद लिया। वंही अन्य हनुमान मंदिरो में भी भंडारो का आयोजन हुआ सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई मंदिरों में भजन कीर्तन का आयोजन हुआ आसपास के क्षेत्र में हनुमान जयंती पर हनुमान भक्तों का उत्साह चरम पर था सैकड़ो भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।



### हनुमान जन्मोत्सव पर ने भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की



**निसरपुर, निप्र।** हनुमान जन्मोत्सव पर नगर में सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। रात्रि से ही अभिषेक पूजन हवन किया गया एवं अखंड रामायण पाठ भी किया गया। भगवान हनुमान जी का आकर्षक श्रृंगार किया गया। नगर के खेड़ापति हनुमान जी पहली पानी टंकी के पास श्री प्राचीन खेड़ापति हनुमान जी मंदिर श्री खाटू श्याम जी मंदिर हनुमान जी महाराज श्री अर्धचंद्रेश्वर महादेव मंदिर के पास स्थित श्री खेड़ापति हनुमान जी मंदिर आदि जगहों पर हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह हवन पूजन आरती के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

### भाजपा जिला ग्रामीण कार्यालय का शुभारंभ

**मनावर, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन द्वारा संगठन कर विस्तार और कार्य को लेकर नवीन ग्रामीण जिला बनने एवं कार्य हेतु मनावर में नवीन जिला मुख्यालय हनुमान जन्मोत्सव पर भाजपा जिला ग्रामीण कार्यालय का शुभारंभ. पंडित. मनोज जोशी द्वारा शुभ मुहूर्त में भाजपा जिला ग्रामीण कार्यालय शुभारंभ भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार , प्रदेश प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल, प्रदेश कार्य सदस्य विनोद शर्मा , पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन भायल , डॉ राज बरफा, द्वारा दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर शुभारंभ किया इस कार्यालय शुभारंभ अवसर पर. .. नगर पालिका अध्यक्ष अजय पाटीदार , भाजपा के वरिष्ठ नारायण सोनी., जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम मुकाती, मनावर नगर मंडल अध्यक्ष मोनू पाटीदार मनावर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सोहन सोलंकी, बकानेर मंडल अध्यक्ष अरविंद तवर, पार्षद लोकेश मुकाती, आदि बड़ी संख्या भाजपा के वरिष्ठजन एवं देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### हनुमान जयंती पर एसपी कार्यालय के समीप मंदिर में हुआ भव्य आयोजन


# संगीतमय सुंदरकांड से भक्तिमय हुआ माहौल

**सुंदरकांड मंडली ने मनोहारी भजनों पर दी प्रस्तुति, जिले की शांति व्यवस्था और सामूहिक सद्भावना के लिए की गई प्रार्थना**

विनय उजाला

**धार, निप्र।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शनिवार को हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में भक्ति और श्रद्धा से परिपूर्ण संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। एसपी मनोज कुमार सिंह के तत्वावधान में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में जिले की शांति व्यवस्था और सामूहिक सद्भावना के लिए प्रार्थना की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ से हुई, जिसमें सुंदरकांड मंडली ने मनोहारी भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भक्तों ने भजनों पर तालियाँ बजाई और पूरे परिसर में 'जय श्रीराम' के जयघोष गूंजते रहे। विशेष हनुमान जयंती के अवसर पर आयोजित इस धार्मिक आयोजन में पुलिस अधिकारियों, पत्रकारों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी की गई थी।





एसपी मनोज कुमार सिंह ने इस अवसर पर कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और यह सामूहिक एकता की भावना को मजबूत करता है। इस अवसर पर एडशिनल जितेश कुमार गर्ग, सीएसपी रविन्द्र वास्कले, आर आई पुरुषोत्तम विश्नोई, अजाक डिएसपी आंनद तिवारी, कोतवाली थाना प्रभारी समीर पाटीदार, नौगांव थाना सुनील शर्मा सहित पुलिस के अधिकारी उपस्थित थे।

### स्कूल चलें हम अभियान चलाया

# उपस्थिति बढ़ाने के लिए बच्चों के घर पहुंचे शिक्षक

विनय उजाला

**डही, निप्र।** आमतौर पर बच्चों की यह मानसिकता होती है की परीक्षा के बाद वह लंबे समय तक ग्रीष्म अवकाश मनाते हैं और फिर जुलाई से ही स्कूल जाना पसंद करते हैं। एक जमाने में ऐसा होता भी था। जमाना तो बदल गया लेकिन कई बच्चों और अभिभावकों की मानसिकता आज भी वैसी ही बनी हुई है। यही वजह है कि मार्च में जब परीक्षा का दौर समाप्त हो जाता है और अप्रैल से जब नया सत्र शुरू होता है तो बच्चों की उपस्थिति बहुत ही कम देखने में आती है। एक वजह अप्रैल में भीषण गर्मी का दौर भी होता है। जिसमें अभिभावक अपने बच्चों के स्वास्थ्य के खातिर स्कूल नहीं भेजते हैं। 1 अप्रैल से अभी तक दोपहर के सत्र में लगने वाले स्कूलों में बच्चों की बहुत ही कम उपस्थिति देखने में आ रही थी। लेकिन शनिवार से कलेक्टर धार के आदेश पर सुबह के पाली में स्कूल लगने शुरू हो गए हैं। ऐसे में सुबह स्कूल पहुंचे शिक्षकों ने स्कूल नहीं आने वाले बच्चों के घरों तक पहुंच कर उन्हें प्रेरित कर स्कूल चले हम अभियान चलाया।



नगर में सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य अरूण कुशवाह स्टॉफ के साथ बच्चों के घर- घर जाकर बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करते नजर आए। उन्होंने बच्चों को समझाया कि स्कूल अब सुबह 7 बजे से 12 बजे तक लगेंगे और सभी शिक्षक विद्यालय में समय पर उपस्थित होकर पढ़ाने को तैयार है और जब तक स्कूल में बच्चे नही आएंगे तो पढ़ाई कैसे होगी। इसलिए सुबह जल्दी जागो और 7 बजे स्कूल आओ। इस पर कई बच्चें स्कूल आने को सहमत हुए। प्राचार्य श्री कुशवाह ने बच्चों के अभिभावकों से कहा कि बच्चें ही देश का भविष्य है और पढ़ाई से बढ़कर कोई काम नहीं। इस दौरान शिक्षक सचिन इश्के, प्रकाश डोडवे, बाल मुकुंद कलवाडिया, नवल सिंह चमेलका, चांदनी मालवीया, उपासना गुप्ता सहित पूरा स्टाफ मौजूद था।

इधर ग्राम बड़दा में प्राचार्य भूर सिंह चौहान के नेतृत्व में शिक्षकों ने स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत घर-घर जाकर बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित कर अभियान चलाया। टेमरिया में शिक्षक बोंदर सिंह सस्त्या, राजाराम गनावा, सूरत सिंह जमरा आदि ने भी बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। बड़वान्या और पीथनपुर में भी स्कूल चले हम अभियान चलाया गया।

**सभी बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में लाएंगे :** बीआरसी मनोज दुबे ने बताया कि सुबह के सत्र में स्कूल शुरू होने से शिक्षकों में उत्साह है। क्षेत्र में स्कूल चले हम अभियान और नव भारत साक्षर सर्वे अभियान शुरू किया गया है जो जल्द ही इस अवधि में पूर्ण कर लिया जाएगा। सभी बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में लाएंगे।

### रॉन्ग साइड से गुजरते हैं वाहन हो सकता है बड़ा हादसा



विनय उजाला

**धामनोद, निप्र।** जिस जगह से यह रॉन्ग साइड से वाहन आ रहा है ठीक इसी जगह विगत कुछ वर्ष पहले एक बस के नर्मदा नदी में गिर जाने से कई यात्रियों की जान चली गई थी। घटना के बाद प्रशासन ने कुछ दिन वहां पर शक्ति बरती और एक तरफ के आवागमन को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया लेकिन कुछ दिन भी नहीं बीते और फिर पुराना ढर्रा यहां यथावत हो गया। अब नर्मदा ब्रिज पर रॉन्ग साइड से वाहन प्रतिदिन गुजरते हैं निश्चित रूप से जो किसी दिन हादसे का का पर्याय बनेंगे। खलटाका पुलिस चौकी के सामने से निकलते हैं लेकिन कोई रोक-टोक नहीं

वाहन खलटाका पुलिस चौकी के सामने से रॉन्ग साइड गुजरते हैं लेकिन उन्हें रोका नहीं जाता गौरतलब है कि पूर्व में भी यहां रॉन्ग साइड वाहन निकलने के बाद घटनाएं हो चुकी है लेकिन पुलिस प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा जिससे आगे भी घटनाएं हो सकती है। यहां पुल पर स्पीड से वाहन गुजरते हैं कई बार पुल पर ही औवर टेक भी करते हैं जिससे सामने से आ रहे हैं वाहन दिखाई नहीं देते यदि इन वाहन चालको को रॉन्ग साइड आने से धोखा नहीं गया तो निश्चित रूप से यहां किसी दिन बड़ा हादसा होगा। फिलहाल पुलिस प्रशासन का इस ओर ध्यान नहीं है।

# नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर यादव के बढ़ते कद से राजनेताओं में हलचल

विनय उजाला

**बदनावर, निप्र।** नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर यादव की मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से निकटता एवं रिश्तेदारी के कारण बदनावर के विकास में पंख लग गए हैं। उन्हें स्थानीय राजनीति में प्रभावशाली नेता के रूप में पूरे जिले में जाना जा रहा है। उनकी सक्रियता और विकास कार्यों में भागीदारी ने उन्हें जनता के बीच लोकप्रियत बना दिया है। उनके नेतृत्व में तेजी से बदनावर में विकास हो रहा है। जिसके कारण स्थानीय राजनीतिक परिदृश्य में एक हलचल पैदा कर दी है।

10 अप्रैल को केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव बदनावर पहुंचे थे जहां पर मुख्यमंत्री ने शेखर यादव को महत्व दिया एवं नितिन गडकरी से उनकी मुलाकात करवाई। इतने नेताओं में यादव को यादव ने महत्व दिया। मुख्यमंत्री के रिश्तेदार होने के कारण विकास कार्यों के लिए अब नगर परिषद बदनावर को किसी विधायक अनुशंसा की आवश्यकता नहीं भोपाल पहुंचकर विकास कार्य आसानी से हो रहे हैं। भाजपा विधायक राजवर्धन सिंह दत्तीगांव के चुनाव हारने के बाद लग रहा था कि अब बदनावर में विकास का टोटा पड़ जाएगा पर शेखर यादव के बढ़ते राजनीतिक कद के कारण बदनावर में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। वही नगर परिषद में अन्य परिषद की तुलना में हर माह कर्मचारियों को सैलरी भी मिल रही है जबकि अन्य नगर परिषद में चार-चार महीने तक सैलरी ही नहीं बट पा रही है। शेखर यादव ने जिस प्रकार से बिना शोर-शराबे के काम पर फोकस किया, वार्डों की ज़रूरतों को प्राथमिकता दी, और आम जनता से सीधा संवाद बनाए रखा, विकास कार्यों की गति हो या पारदर्शिता की नीति हर मोर्चे पर उनका काम बोलता नज़र आ रहा है।




यही कारण है कि अब उनका राजनीतिक कद सिर्फ नगर परिषद तक सीमित नहीं रहा। उनके बढ़ते प्रभाव से उन नेताओं में बेचैनी देखी जा रही है जो अब तक राजनीति में %स्थापित% माने जाते थे। अचानक ही मंचों पर टिप्पणियाँ, और परदे के पीछे विरोध की रणनीतियाँ बनने लगी हैं। जब कोई नया चेहरा ज़मीन से उठकर लोगों के दिलों में जगह बनाता है, तो पुराने समीकरण डगमगाने लगते हैं। शेखर यादव की कार्यशैली, विनम्रता और जनसंपर्क की ताकत ने उन्हें एक भरोसेमंद नेता के रूप में स्थापित कर रहा है अगर नेतृत्व विकास और सेवा आधारित हो, तो जनता उसे सिर-आंखों पर बैठाने में देर नहीं करती।

# आमने-सामने दो बाइकों की भिड़ंत में दो की मौत, तीन घायल

**मौके पर संजीवनी 108 और पुलिस पहुंची, घायलों को स्वास्थ केंद्र पहुंचाया**

विनय उजाला

**बाग, निप्र।** कुक्षी रोड़ पर बाग से 1 किलो मीटर की दूरी पर ग्राम रिसावला में सुबह करीब 11:30 बजे दो बाइको की जोरदार आमने-सामने भिड़ंत हो गई । जिसमें एक बाईक सवार कालु पिता धुम सिंह ग्राम झिरपनिया उम्र 30 वर्ष की दुर्घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। तथा एक गंभीर रूप से घायल दिपक पिता तेर सिंह 23 वर्ष ग्राम आगर को जिला हॉस्पिटल बड़वानी रेफर किया था जिसने कुक्षी के समीप गंभीर हालत के चलते अपना दम तोड़ दिया और उसकि भी मौत हो गई। तीन गंभीर रूप से घायलो को जिला अस्पताल बड़वानी के लिए भेजा गया। जिसमें भी एक की रास्ते मे ही मौत हो जाने से तीन घायलों का उपचार जारी है । सभी घायल के हाथ पैर और सर में गंभीर चोट लगी है ।





**सुविधाओं के अभाव मे मरिजो को बहार रेफर करना पड़ता है :** इतना दर्दनाक हादसा होने के बावजूद घटना के समय बाग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एक एंबुलेंस थी । एक गंभीर सहित तीन अन्य घायलो हुए थे और उन्हें बहार रेफर किया जा रहा था मगर एक एम्बुलेंस होने से घायलों के परिजन परेशान होते रहे गंभीर घायल को लेकर संजीवनी 108 वाहन चली गई थी बाकी तीन घायलों को परिवार वालों ने प्राइवेट वाहन कर घायलों को जिला हॉस्पिटल बड़वानी लेकर गये यह पहला मामला नहीं है एसा कहीं बार मरीज ओर मरीज के परिजनों को यहां परेशान होना पड़ता है स्वास्थ केंद्र बाग में सुविधाओं के अभाव के चलते परेशान होना पड़ता है डाक्टर जीतनी सुविधा होती है उतने में तो अपना काम कर देतै है बाकी फिर बहार रेफर करना पड़ता है।

**ये हुए घायल :** गल सिंह पिता दीतिया 40 वर्ष निवासी मेहसरा, हेमराज पिता रूप सिंह 22 वर्ष आगर, अंजली पिता संजय 18 वर्ष निवासी बीलदरी।

**अंतिम संस्कार का सामान लेने बाजार आ रहे थे, घटना घटी :** घायल गल सिंह के साथ वालों ने बताया कि गल सिंह की माता का रात में देहांत हो गया था। जिनकी अंत्येष्टि का सामन लेने कालु और गल सिंह बाग जा रहे थे। तभी बाग से पहले ग्राम रिसावला में दो बाइक आमने-सामने टकरा जाने से दुर्घटना घटित हो गई। दोनों बाईकों मे इतनी जोरदार टक्कर हुई की बाईक सवा कालु की घटना स्थल पर हो गई।

**दुर्घटना से देर भली को समझो ओर जीवन बचाओ :** दुर्घटनाओं से बचाव हेतु शासन द्वारा लगातार प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरुक किया जाता हे कि दुर्घटना से देर भली मगर कोई इसे समझ नहीं पा रहा है या समझ कर भी अपने जीवन से खेल रहा है । खेर यह भी नहि कहता की अनहोनी को कोई टाल नहीं सकता पर जागरुकता से और पालन करने से कुछ तो अपनी सुरक्षा रहती है हाल ही में ग्रामीण क्षेत्रो में शादीयों का दौर चल रहा है । तो यह खुशी का माहोल मातम में ना बदले और धीमी रफ्तार से बाइक चलाकर अपना जीवन और परिवार का सुख बरकरार रखे ।

### सुप्रसिद्ध बालाजी धाम गड़वाड़िया में श्री राधा रसामृत कथा का हुआ भव्य आयोजन

# नगर की बिटिया वैष्णवी भट्ट का व्यासपीठ पर हुआ भव्य स्वागत अभिनंदन, नगर हुआ गौरवांवित

विनय उजाला

**पेटलावद, निप्र।** हमारे क्षेत्र में प्रतिभाओ की कोई कमी नही है,ओर इस क्षेत्र की प्रतिभाओं ने अपने उत्कर्ष कार्यों, से पूरे अंचल का नाम राष्टिय अंतराष्टीय स्तर तक गौरवान्वित किया है।

**वैष्णवी भट्ट ने बढ़ाया है नगर का गौरव :** नगर में पहली श्री राधा रसामृत कथा कर के पूरे अंचल को गौरवान्वित करने वाली क्षेत्र की प्रथम महिला कथावाचक के रूप में अपनी पहचान बना चुकी भट्ट परिवार की बिटिया सुश्री वैष्णवी भट्ट ने पुन: क्षेत्र और नगरवासियों को गौरवान्वित किया है।

**बालाजी धाम में हुई श्री राधा रसामृत कथा :** रतलाम जिले के प्रसिद्ध बालाजी धाम गड़वाड़ीया धाम रावटी में परमपूज्य गुरुदेव के आशीर्वाद से आयोजक बालाजी धाम भक्तमंडल गड़वाडिया धाम के तत्वावधान मे कथा व्यास सुश्री वैष्णवी भट्ट के मुखारविंद से दो दिवसीय श्री राधा रसामृत कथा का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ । उक्त कथा में व्यासपीठ से श्री राधा रसामृत कथा को सुनने दूरदराज से भक्त गण आये।



व्यासपीठ को बालाजी धाम के परमपूज्य गुरुदेव का आशीर्वाद मिला । वही व्यासपीठ ओर कथा व्यास वैष्णवी भट्ट का पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन केबिनेट मंत्री हीरालाल पाटिदार ने सपरिवार ,सहित पूर्व केबिनेट मंत्री व पूर्व अध्यक्ष महर्षि पतंजलि संस्क्रति संस्थान भरत जी बैरागी ने स्वागत ,वन्दन अभिनन्द करते हुए समानित किया। वहीं क्षेत्र की धर्म प्रेमी जनता, सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं ने भी वैष्णवी भट्ट का स्वागत करते हुए श्री राधा रसामृत कथा का श्रवण करते हुए खूब सराहना की।

### आदिवासी समाज की एक्सडी मिशन को लेकर बैठक आयोजित

# कार्यक्रमों में फिजूल खर्च पर रोक लगाने की ली शपथ

विनय उजाला

**बाग, निप्र।** आदिवासी समाज के एक्सडी मिशन को लेकर सर्व आदिवासी समाज द्वारा टांडा में एक महासम्मेलन आयोजित किया था और समाजजन को शादी ब्याह या अन्य कार्यक्रमों में कम से कम खर्चा करने व खासकर दारु दहेज और डीजे पर विशेष फोकस किया गया जो कम से कम इस पर पेसा खर्चा किया जाए को लेकर जागरुक किया था और प्रत्येक पंचायत में समिति बनाकर इन नियमों के प्रति समाज को जागरुक करने का प्रयास किया जाने की सभी ने शपथ ली थी उसका असर भी ग्रामीण क्षेत्रो में देखा जा रहा है ओर समाज को जागरुक करने के लाए बेडके आयोजित की जा रही है । उसी कड़ी मे शनिवार को बाग के समीप ग्राम पंचायत देवधा के हनुमान मोहल्ला में एक्सडी की मीटिंग रखी गई थी, जिसमें दहेज दारू डीजे व बकरा पर फिजूल खर्च हो रहा है उसे पर रोक लगाने के लिए समाज को कर्ज से बचने के लिए मीटिंग रखी गई थी जिसमें पटेल तडवी चौकीदार सरपंच जनपद सदस्य और गांव के लोग और जिला समिति के मुकाम सिंह अलावा जिला पंचायत सदस्य, सजन दादा कांटी ,गंभीर भाई, राजू भाई पिपरी, ईड़ा बड़वा, दिनेश अनार सलाम सर मकवाना एवं आदि लोग उपस्थित होकर गांव वालों को इस संबंध में समझाया गया और साथ ही हम हमारे समाज के कार्यक्रमों में कम से कम खर्चा करेंगे की शपथ भी ली इस दौरान जिला पंचायत सदस्य मुकाम सिंह अलावा एवं जनपद सदस्य प्रतिनिधि भेरुसिह अनारे राजु भाई पिपरी ने समझाते हुए कहा की हम शादी ब्याह में बेहिसाब खर्चा कर के बर्बाद हो रहे है ओर आने वाली पीढ़ी के बारे में भी नहीं सोच रहे हैं। अपनी शान रखने के लिए कर्जे पर कर्जा करते हे ओर बकरे दारु डीजे का इस्तमाल करते हैं इससे कोन सी हमारी शान बढ़ जाती है थोड़ी देर की वाहवाही ओर फिर जिंदगी भर कर्जे की हाय हाय रहती है । हमारे आगे नहीं बढ़ने का कारण यही है की हम अपनी मेहनत की कमाई को सही इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं फिजूल उड़ा रहे हैं । हमें इस पर रोक लगाना जरुरी है, वर्ना हम अभी उपर नहीं आ सकतै कर्जा भर भर के ही हम पुरे हो जाएंगे, हमें अब हमारे कार्यक्रमों सबसे पहले ये नियम अपनाना हे तभी दूसरे भी अपनाएंगे ।



## संक्षिप्त समाचार

### सिख समाजजनों ने खालसा साजना दिवस बैसाखी के अवसर पर नगर में निकाली प्रभात फेरी



**बड़वाह, निप्र।** स्थानीय गुरुद्वारे की गुरु सिंघ सभा द्वारा खालसा साजना दिवस (बैसाखी) के अवसर पर नगर में प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी अल सुबह स्टेशन रोड़ गुरूद्वारे से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी ।सचिव सरदार सतविंदर सिंह ने बताया कि चुकी एक दिवसीय प्रभात फेरी का आयोजन होना था इसलिए संगत में काफी उत्साह था ।प्रभात फेरी में बच्चो, युवाओं, एवं बुजुर्गो ने उत्साह से सहभागिता की ।प्रभात फेरी के दौरान शबद कीर्तन का गायन किया गया ।रास्ते में जगह-जगह संगत ने पुष्पवर्षा कर प्रभात फेरी का स्वागत किया। बोले सो निहाल के जयकारों से शहर के विभिन्न मार्गों को गुंजायमान करते हुए पूर्ण श्रद्धा भाव के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। इसके बाद गुरुद्वारा साहेब पहुंच कर सरदार सुरजीत सिंह के परिवार की और से निशान साहेब के चोले की सेवा की गई ।इस दौरान सरदार कुलदीप सिंह भाटिया परिवार की और से श्रद्धालुओं के लिए स्वल्पाहार की सेवा की गई ।उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी सरदार परविंदर सिंह भाटिया द्वारा दी गई।

### जल बचाने की दिलाई शपथ




**खरगोन, निप्र।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड भीकंनगाव सेक्टर 1 नवांकुर संस्था ल एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पचम्बा पीठा के तत्वाधान में जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के अंतर्गत ग्राम टेमला व पिपल्या पचम्बा के मध्य दो नदी के संगम मेल पर ग्रामीणों एवं समिति सदस्यों की सहभागिता से श्रमदान करते हुए नदी पर साफ सफाई की गयी। इस दौरान जल संरक्षण एवं जलस्त्रोतो कों स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई। संस्था अध्यक्ष अंकित मालीवाल ने बताया कि जल ही जीवन है और जल है तो हमारा कल क्योंकि जल के बिना जीवन व्यर्थ है। इसलिए इसे व्यर्थ बहाना नहीं चाहिए। इस दौरान मनदीप ठाकुर, राम मालवीय, दिनेश ठाकुर, विजय नामदेव, विशाल हौसले आदि लोग उपस्थित रहें।

# जल संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है : अमृता मोदी

विनय उजाला



**पलसूद, निप्र।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पलसूद में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। राजपुर विकासखंड में इस अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत जल संरक्षण और संवर्धन को लेकर एक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों के साथ संवाद सत्र आयोजित किया गया, जिसमें जल के महत्व, आवश्यकता और संरक्षण के तरीकों पर विस्तृत चर्चा हुई। परामर्शदाता और मेंटर्स श्रीमती अमृता मोदी ने उपस्थित लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलवाते हुए कहा, 'जल संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। यह न केवल हमारी जरूरत है, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए हमारा कर्तव्य भी है।' उनके नेतृत्व में शिक्षकों, विद्यार्थियों और प्रबुद्धजनों के साथ जल संवर्धन को लेकर गहन संवाद स्थापित किया गया।

कार्यक्रम में वर्षा ऋतु से पूर्व वृक्षारोपण के माध्यम से जल संरक्षण की दिशा में किए जा सकने वाले प्रयासों पर भी जोर दिया गया। नवांकुर संस्था के प्रमुख श्री सायसिंग नरगावे ने जल गंगा संवर्धन अभियान की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए इसके महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री रामेश्वर रावत, मंडल महामंत्री श्री चेतन राठौड़, सामाजिक कार्यकर्ता श्री तरुण गोले, जनशिक्षक श्री सुरेशचंद्र राठौड़, श्री कमल गोले, श्री राकेश वर्मा, श्री देवीलाल महाकाल, श्रीमती अरुणा अजरावानीया, श्री इंसराम जमरे, श्रीमती भारती गुप्ता, श्रीमती ज्योति डावर, श्रीमती हमीदा कुरैशी, श्री शोएब शेख, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य और विद्यालय स्टाफ सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## भीलगांव निवासी दो किसानों की 7 बीघा में लगी मक्का फसल जलकर हुई राख



विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** किसान बोले विद्युत वितरण कंपनी की लापरवाही के कारण आर्थिक नुकसानी शनिवार को भीलगांव गांव के किसान मानसिंह दरयावसिंह राठौर की 5 बिघा एवं शेखर सिंह बाबुसिंह राठौर की 2 बीघा मक्का की पकी हुई खड़ी फसल पर लाईन फाल्ट होने से आग लगी। से 7/8 बिघा फसल जल कर राख हो गयी। विद्युत वितरण कंपनी के झूलते तारों के बीच अचानक किसानों के खेत में स्पार्किंग हुई देखते ही देखते मक्का फसल जलने लगी तो किसानों ने नगर परिषद कसरावद फायर फाईटर को सूचना दी।

2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। अन्यथा आस पास 50 बीघा अन्य किसानों की मक्का फसल आग लगने जलने से बचा लिया गया है।

सरपंच प्रतिनिधि जयसिग मंडलोई ने बताया कि पिछले लंबे समय से झूलते हुए तार परेशानी का कारण बने हुए हैं समस्या के समाधान को लेकर लिखित एवं मौखिक रूप से कई बार विद्युत वितरण कंपनी को अवगत कराया गया। लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है समय रहते हुए, इस पर विद्युत वितरण कंपनी को ध्यान देने की आवश्यकता है।

## कसरावद पुलिस ने जुआ खेलने वालों को किया गिरफ्तार





विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** कसरावद पुलिस ने अवैध जुआ खेलने वाले 7 लोगों को बालसमुद मेजमपुर बैड़ी नहर के पास से पकड़ा । सनावद पुलिस ने जुआं खेलने वालों के पास से कुल 13,820/- रुपये नगदी , 52 ताश पत्ते और 60,000/- रुपये मुल्य के मोबाईल फोन को अपनी सुपूर्दगी में लेकर इन आरोपीयों के विरुद्ध कसरावद थाने में धारा 13 जुआ एक्ट व धारा 45 भारतीय न्याय संहिता में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है ।

**पुलिस टीम :** उक्त कार्रवाई में कसरावद थाना प्रभारी राजेंद्र बर्मन , उपनिरीक्षक जितेन्द्र कवचे, प्रआर. 375 मनोज कुशवाह, प्रआर. 659 महेश मालवीया, आर.673 महेन्द्र, आर.1045 अतुल, आर.09 मुकेश, आर.391 विक्कू व आर.267 अभय का विशेष योगदान रहा ।

### नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल में हुआ आयोजन

## किंटर गार्डन और प्राइमरी के विद्यार्थियों की ग्रेजुएशन सेरेमनी धूमधाम से मनाई

विनय उजाला




**बड़वाह, निप्र।** स्थानीय नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल में किंटरगार्डन एवं कक्षा - 5 के विद्यार्थियों के शिक्षा के अगले चरण में प्रवेश की बेला को स्मरणीय बनाया गया। इसके लिए ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत् माँ सरस्वती तथा आर्यिका रत्न, 105 श्री पूर्णमति माताजी का पूजन-अर्चन के साथ की । तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक नृत्य एवं शिक्षा के महत्व पर आधारित नाटक की सुंदर प्रस्तुति दी गई। सभी छात्र-छात्राओं को गाउन पहनाकर प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए ।विद्यालय की निदेशिका डॉ. दृष्टि जैन द्वारा छोटे बच्चों के लिए विशेष रूप से बनाये गए मॉडल की विशेषताएँ अभिभावकगणों के साथ साझा की गई। उन्होंने सभी अभिभावको को बताया की इस मॉडल की रूप रेखा पूर्णत: तैयार हो चुकी है । जिसे इस वर्ष से कक्षा नर्सरी से कक्षा- 5 तक लागु किया जायेगा। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सुनील जैन ने आयोजन में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे के प्राथमिक स्तर में प्रवेश लेने पर उसमें नवीन श्रेष्ठ सृजनात्मक विचारों का उद्भव होता है। विद्यार्थी के विचारों को सही दिशा देने के लिए शिक्षक की अद्वितीय भूमिका होती है।

विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिए महत्वपूर्ण आवश्यक कौशल विकसित कर शिक्षक उन्हें जीवन पथ की ओर सरलतापूर्वक अग्रसर होना सिखाते हैं। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती विशाखा चौरसिया एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती दीपिका सिंह द्वारा किया । इस अवसर पर संस्था के शैक्षणिक निदेशिका श्रीमती नीतू जैन, निदेशक आशीष जैन, प्राचार्य श्रीमती अमिता शर्मा, उप-प्राचार्य अजय प्रजापति, संजय महाजन तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी।

## नागरिकों को जागरूक करने के लिए यातायात पुलिस ने चलाया अभियान, वाहन चालकों को समझाइश दी

विनय उजाला



**खरगोन, निप्र।** नागरिकों को जागरूक करने के लिए यातायात पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया । यातायात पुलिस और छ्व्व्व्व बोरावा कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा गायत्री मंदिर तिराहे पर यातायात जागरूकता अभियान चलाकर वाहन चालकों को यातायात नियमों के महत्व के बारे में समझाया जाकर पोस्टर के माध्यम से भी प्रभावी संदेश दिया गया । नागरिकों को बताया गया कि वे यातायात नियमों का उल्लंघन कर कैमरे, चालान और पुलिस से तो बच सकते है लेकिन दुर्घटना से नहीं । रेड लाईट में खड़े वाहन चालकों व हेलमेट पहने वहां चालकों को प्रोत्सहित कर वाहन चालकों से हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते मोबाईल फोन का उपयोग न करने, रेड लाईट का पालन करने, लेफ्ट लेन बाधित न करने, अत्यधिक गति से वाहन नहीं चलाने, नाबालिग को वाहन नहीं चलाने देने आदि नियमों के बार में भी बताया गया ।

नागरिकों को यातायात के प्रति जागरूक किये जाने को लेकर चलाए गए इस अभियान के कार्यक्रम में यातायात थाना प्रभारी रमेश सोलंकी , उपनिरीक्षक राजकुमार चौधरी , प्र.आर. 754 फारूख , आरक्षक 03 सुनिल धोपे तथा जेआईटी बोरावा कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. निशांत दुबे और एडमिन ऑफिसर उर्वशी बार्चे स्टुडेंट उपस्थित रहें ।

## 10 मई को जिला एवं तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डलेश्वर के मार्गदर्शन में 10 मई 2025 (शनिवार) को जिला न्यायालय मण्डलेश्वर एवं तहसील न्यायालय बड़वाह, सनावद, भीकनगांव, खरगोन, कसरावद एवं महेश्वर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डलेश्वर सुश्री प्रीति जैन ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, सिविल, वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति मामले, वैवाहिक मामले, चेक अनादरण, श्रम विवाद, विद्युत से संबंधित प्रकरणों का आपसी सहमति एवं राजीनामा के आधार पर निराकरण किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में बैंक ऋण वसूली, बीएसएनएल के बकाया वसूली, नगर पालिका, परिवार परामर्श केन्द्र से संबंधित प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया जाएगा।

### हनुमान जन्मोत्सव







**खरगोन, निप्र।** हनुमान जयंती पर खरगोन शहर के दाता हनुमान मंदिर में भक्तों ने पूजन अर्चन कर भण्डारे में प्रसादी भी ली ।

### श्री हनुमानजी का जन्मोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया

## सुंदरकांड पाठ, श्रीराम रक्षा स्त्रोत, श्री हनुमान चालीसा का पाठ प्राचीन मंदिरों में गूंजा

विनय उजाला





**कसरावद, निप्र।** नगर सहित क्षेत्र के प्राचीन मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी चोला चढ़ाया। हवन पूजन कर गुड़ चना महाप्रसादी बांटी। ततपश्चात श्री राम जी के सुमधुर कीर्तन धुन की स्वर लहरियो से धार्मिक वातावरण की गूंज सुनाई दी गई।

नगर के श्री चिंतामणि हनुमान मंदिर में सुबह से ही हवन पूजन कर तत्पश्चात यहां श्री चिंतामणि सुंदरकांड भजन मंडल एवं अन्य भक्तजन पहुंचे, भक्तों ने पहले अभिषेक किया। फिर हवन कर सुख समृद्धि की कामना मांगी गई। इस दौरान राकेश राठौड़, रणजीत पाटीदार, महेश चौहान, भूपेंद्र गुप्ता, संदीप वर्मा, अनिल वर्मा, कडवा पटेल, इत्यादि सदस्यों शामिल हुए।

**26 मंदिरों में जाकर 51 किलो प्रसादी बांटी :** नगर की वृक्षारोपण समिति सदस्यों ने लिया पौधारोपण का संकल्प समिति द्वारा 26 खेड़ापति हनुमान मंदिर के दर्शन कर प्रसादी वितरण की श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नगर की वृक्षारोपण समिति द्वारा नगर के 26 खेड़ापति हनुमान जी के दर्शन कर। 51 किलो प्रसादी का वितरण किया। समिति सदस्यों ने बताया कि नगर के सभी खेडापति हनुमानजी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। सभी ने सभी मंदिर जाकर पौधरोपण का संकल्प लिया और लगे हुये पौधों के संरक्षण लिया।

**गांव के एक श्रद्धालु ने दिया भंडारा :** नर्मदा तट स्थित सायता गांव में श्री राम मंदिर परिसर के पास प्रकाश मालवीय द्वारा हर साल की तरह इस साल भी भंडारे का आयोजन किया गया। गांव के करण सिंह पटेल ने बताया कि इस आयोजन में समस्त गांव के श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

### हवन पूजन विधि विधान पूर्वक पंडित राजकुमार गावशिंदे द्वारा संपन्न कराया



इसी तरह बावड़ी चौक स्थित श्री दाता हनुमान मंदिर में आकर्षक श्रृंगार कर भक्तों की भीड जुटी ।गुड़ चना महाप्रसादी बाटी गई। श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मे शुक्रवार की रात श्री चिंतामणि सुंदरकांड भजन मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ से आराधना की गई। यहां रात्रि में विशेष पूजन अभिषेक का क्रम अल सुबह तक जारी रहा। इसी तरह अरिहंत नगर स्थित श्री हनुमान मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। यहां बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की बाबा के जन्मोत्सव पर यहां हर साल भंडारे का आयोजन किया जाता है। इसी तरह क्षेत्र के प्राचीन मंदिरो मे भक्ति की आस्था उमड़ी।

## संक्षिप्त समाचार

### संस्था युवा बजरंग सेना की भगवा यात्रा आज

**देवास, निप्र।** संस्था युवा बजरंग सेना के तत्वाधान में भव्य भगवा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। भाजयुमो एवं संस्था के अभिषेक गोस्वामी ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस द्वितीय वर्ष भी भगवा यात्रा 13 अप्रैल, रविवार को शाम 5 बजे सयाजी द्वार से विधायक गायत्रीराजे पवार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव के मुख्य आतिथ्य एवं सवंरक्षक महाराज विक्रम सिंह पवार के नेतृत्व में प्रारंभ होगी। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुराना बस स्टैंड श्री मनकामनेश्वर मंदिर के पीछे मारूती मंदिर पहुंचकर सम्पन्न होगी। यात्रा में डीजे, ढोल, भगवा पताकाएं, झांकी, ताशे आदि आकर्षण का केन्द्र रहेगी। यात्रा को लेकर विगत दिनों बैठक भी आयोजित की गई थी। संस्था ने नगर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई

**देवास, निप्र।** अखिल भारत अनुसूचित जाति परिषद द्वारा महान सामाजिक क्रांति के अग्रदूत सामाजिक व्यवस्था को मूल परिवर्तन करने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई। महात्मा का जन्म 11 अप्रेल1827 को पुणे महाराष्ट्र में हुआ था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा स्काटिश मिशन स्कूल कक्षा 7 वी तक प्राप्त की थी। मराठी भाषा में उन्होंने 1873 में सत्य शोधक समाज संगठन की स्थापना की। मानवता ही सर्वश्रेष्ठ धर्म है धार्मिक कर्मकांड अनुष्ठान भोली भाली जनता को लूटने का काम करते हैं। मनुष्य में समानता स्वतंत्रता होना आवश्यक है तभी उसका विकास होता है। उन्होंने सर्वप्रथम शिक्षा के लिए स्कूल खोला जिसमें शोषित पीड़ित अनुसूचित जाति जनजाति के बच्चों को प्रवेश दिया गया जो उसे समय शिक्षा से वंचित रखे जाते थे और अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले को बढ़ाने की जिम्मेदारी दी। उनका मानना था कि सामाजिक समानता और स्वतंत्रता के बिना समाज का विकास नहीं हो सकता। बाल काटना, कपड़े सीना, जूते बनाना यह मनुष्य का धर्म नहीं उसका धंधा है जाति व्यवस्था शोषण करने के लिए बनाई गई है शिक्षा के योगदान के लिए उन्हें मेजर के डी ने सम्मानित किया गया था। उनके विचार बहुजन समाज को हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे। उक्त विचार उपस्थित वक्ताओं ने व्यक्त किये। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष का आत्माराम परिहार, कार्यकारी अध्यक्ष जयप्रकाश मालवीय, उपाध्यक्ष संजय रैकवार, वरिष्ठ समाज सेवी मूलचंद पांचाल, जयराज सिंह मालवीय, रुगनाथ सिंह मालवीय, कान्तिलाल सोलंकी, राघवेंद्र परिहार, आयुष मालवीय, बाबूलाल गवलिया, मोहित गवलिया, आरोहित, खुशी मालवीय आदि उपस्थित थे।

### 'जल है प्रकृति का अमूल्य उपहार बचाओ इसे, यही है जीवन का आधार'

**देवास, निप्र।** जल है प्रकृति का अमूल्य उपहार। बचाओ इसे, यही है जीवन का आधार देवास जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रगति पर है। अभियान के माध्यम से जल संरचनाओं के निर्माण एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। अभियान में लोगों द्वारा उत्साह से श्रमदान किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन एवं ग्रामीणों के जनसहयोग से जिले की जनपद पंचायत देवास की ग्राम पंचायत गदाईशापीपल्या में तालाब का गहरीकरण किया जा रहा है। इस तालाब के गहरीकरण से बारिश के दिनों में पानी का संग्रहित होगा तथा वाटर लेवल भी बढ़ेगा, जिससे पेयजल के साथ खेती करने के लिए भी पानी मिल सकेगा।

### राशन प्राप्त करने उचित मूल्य दुकानों से ईकेवाईसी कराना अनिवार्य

**खरगोन, निप्र।** मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री एमआर निगवाल ने खरगोन नगर की समस्त 25 उचित मूल्य दुकानों से प्राप्त करने वाले पात्र हितग्राहियों को सूचित किया है कि 12 अप्रैल 2025 से समस्त उचित मूल्य दुकानों पर हितग्राहियों की ई-केवाईसी का कार्य किया जाना है। जिसके लिये प्रत्येक हितग्राहियों को समग्र आईडी, आधार कार्ड एवं मोबाईल नंबर लेकर अपने वार्ड से संबंधित उचित मूल्य दुकान पर जाकर अपना ईकेवाईसी 30 अप्रैल 2025 से पूर्व अवश्य करा लें। अन्यथा मई माह से शासन द्वारा प्रदाय किया जा रहा राशन हितग्राही प्राप्त नहीं कर पाएंगे।

# देवास माता टेकरी पर इंदौर विधायक के पुत्र की दादागिरी

## मंदिर के पट जबरन खुलवाने के लिए दबाव बनाया, पुजारी पुत्र ने लगाया मारपीट का आरोप

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** सत्ता का नशा नेता पुत्रों के सिर पर भी जमकर चढ़ा हुआ हैं। माता टेकरी पर मंदिर के पट रात को बंद थे। नेता पुत्र व उनके साथी पट खुलवाने की जिद करने लगे। पट नहीं खुले तो नाराज हो गए। पुजारी के बेटे ने मारपीट का आरोप लगाया हैं व एक आवेदन कोतवाली थाने पर दिया हैं। इस मामले में पुलिस ने देवास निवासी जितेन्द्र उर्फ जीतू रघुवंशी के खिलाफ गाली गलौज और मारपीट करने की धाराओं में केस दर्ज किया है। साथ ही पुलिस वीडियो फुटेज के आधार पर अन्य लोगों की पहचान



कर आरोपी बड़ाने का बोल रही।

देवास माता टेकरी पर देर रात इंदौर विधायक गोलू शुक्ला का सुपुत्र रुद्र शुक्ला करीब 15 गाड़ी तथा काफी लोगों के साथ पहुंचा था। रात 12 बजे मां चामुंडा के पट बंद कर दिए गए थे। गोलू शुक्ला के सुपुत्र व उनके साथी मां चामुंडा के द्वार पर पहुंचे और पुजारी महेशनाथ के बेटे उपदेश नाथ से पट खोलने को कहा।

पुजारी के बेटे ने नियमों का हवाला देकर पट खोलने से इनकार कर दिया। मनाही पर विधायक पुत्र व साथी भडक गए, पुजारी के बेटे के साथ मारपीट की गई। वहां मौजूद गार्ड ने जब उन्हें समझाया तो उनकी भी नहीं सुनी। पुजारी परिवार का आरोप है कि लाखों रुपए की ज्वेलरी मां चामुंडा, मां तुलजा भवानी पर समर्पित रहती है। जिसकी जिम्मेदारी पुजारी की रहती है, ऐसे तो कोई भी देर रात आएगा और ज्वेलरी भी लूटकर ले जाएगा। सवाल यह भी उठ रहा है कि रात को इतनी गाडियों का काफिला किसकी अनुमति से ऊपर गया..? क्या इसकी अनुमति ली गई...? गाड़ियों पर लाल बत्तियां भी लगी थी। देवास माता टेकरी पर इतनी बड़ी लापरवाही होने के बाद भी जिला प्रशासन के अधिकारियों को मामले की अभी तक जानकारी नहीं लगी है। अब कोतवाली पुलिस जब माता टेकरी के कंट्रोल रूम पर सीसीटीवी फुटेज खंगालने पहुंची तो वहां की प्रभारी निधि राजपूत ने पुलिसकर्मी को आवेदन लेकर आने को कहा।

# भौरासा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले युवक को पकड़ा

## चोरी की सात मोटरसाइकिल जब्त की, ऑनलाइन गेम खेलने में हो गया था कर्जदार

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** अनुभाग के भोरासा थाना पुलिस द्वारा आपरेशन त्रिनेत्रम के अंतर्गत थाना क्षेत्र एवं अन्य जगहों से चोरी गई कुल 07 मोटर सायकल को किया बरामद एवं एक आरोपी को किया गिरफ्तार। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) दीपा माण्डवे के निर्देशन में थाना प्रभारी भौरासा प्रीति कटारे ?द्वारा एक टीम गठित की गई जिसके द्वारा अलग अलग लोकेशन तथा कैमरों की मदद से शाजापुर, शुजालपुर, इन्दौर आदि जगह दबिश दी गई आखिरकार मुखबिर की सूचना पर नराना के पुल से आरोपी संदीप पिता कैलाश नारायण उम्र 23 साल निवासी ग्राम कमलसरा थाना पचौर जिला राजगढ़ को एक होण्डा मोटर सायकल सहित मिला जिसे घेराबंदी कर पकड़ा व उसके पास मिली मोटर सायकल थाना भौरासा के अपराध क्र. 58/2025 धारा 303(2) बीएनएस में चोरी हुई मोटर सायकल पाई गई बाद आरोपी से पूछताछ पर बताया कि मैं आनलाईन गेम खेतला का रुपये से जिसके कारण मेरे ऊपर बहुत कर्जा हो गया था इसलिय गैंने



गोटरसायकल चोरी करना शुरु किया तथा अन्य चोरी के संबंध में पूछताछ करते कुल 06 मोटर सायकल और चोरी करना कबूल किया व ग्राम नराना में नदी के पुल के नीचे रखी बताई जिनमें से एक काले रंग की बजाज पल्सर क्रमांक MP09DE9970 मेंढकी रोड देवास से, एक काले रंग की होण्डा लियो मोटर सायकल क्रमांक MP39MP0495 पानी की टंकी के पास पचौर जिला राजगढ़ से एक काले रंग की हीरो स्प्लैण्डर क्रमांक MP04QM7783 सरकारी अस्पताल के सामने सीहोर से, एक होण्डा साईन मोटर सायकल क्रमांक MP41MK8341 महालक्ष्मी नगर देवास से, एक काले रंग की बजाज पल्सर मोटर सायकल क्रमांक MP04 ZG6361 टीटी नगर भोपाल से व एक नीले रंग की होण्डा लीवो मोटर सायकल क्रमांक MP13E8401 नानाखेड़ा उज्जैन से चोरी करना कबूल किया जिससे समस्त चोरी गये वाहन कुल 07 कीमती करीबन 300000 रुपये के विधिवत जप्त किये गये एवं आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

निरीक्षक प्रीति कटारे सउनि रवि वर्मा, सउनि संजय तेंवर प्र.आर. अशोक चौहान, प्र.आर. जितेन्द्र तोमर, प्र.आर. वीरेन्द्र सिंह राजपुत प्र.आर. बृजेन्द्र मालवीय, सायबर सेल प्र.आर. शिवप्रताप सेंगर एवं सचिन आर. उमेश भदौरिया, आर. अरुण रावत, आर. दीपक राजपुत, आर. भूपेन्द्र जादौन आर. पंकज खत्री, जोजन सिंह की सरहानि भूमिका रही।

दो चोर जम्मू कश्मीर तो एक तेलंगना का रहने वाला

# सूने मकानों की रैंकी कर चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के सदस्यों को देवास पुलिस ने किया गिरफ्तार

## तीन अलग-अलग राज्यों में करीब 3500 कि.मी. तक पुलिस ने पीछा कर आरोपियों को पकड़ा, साढ़े 5 लाख का माल जब्त

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** देवास पुलिस ने जिन चोरों को पकडा वे बेहद शातिर चोर निकले। सूने मकानों की रैकी करते फिर धावा बोल देते। देश के अलग-अलग राज्यों, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, जम्मू-कश्मीर, मध्यप्रदेश सहित देश के अन्य राज्यों में चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। पुलिस ने मास्टरमाइंड सहित दो अन्य आरोपियों को किया गिरफ्तार किया हैं। इनके पास से

5.5 लाख रुपए की मश्रुका जब्त हुई हैं। 22 मार्च को चंद्रतारा कॉलोनी अन्तर्गत स्थित एक सूने मकान से दिनदहाड़े सोने-चांदी के आभूषण एवं एक दो पहिया वाहन(क्लासिक बुलेट) चोरी होने की सूचना प्राप्त हुई थी। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना नाहर दरवाजा में धारा 331(3),305() BNS का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा आरोपियो की जल्द गिरफ्तारी एवं चोरी गया मश्रुका की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी नाहर दरवाजा मंजू यादव




के नेतृत्व में दो विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीमों के द्वारा तकनीकी साक्ष्य,भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय कर आसपास के सीसीटीव्ही कैमरा चेक किए गए। ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत देवास पुलिस द्वारा जनसहयोग से लगाए जा रहे सीसीटीव्ही फुटेज मे आरोपियों द्वारा घटना कारित करना कैद हुआ।

सीसीटीव्ही फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पुलिस टीमों द्वारा आरोपियों का लगभग 3500 कि.मी तक विभिन्न जगहों तेलंगाना,जम्मू-कश्मीर, इंदौर मे पीछा किया गया। 11 अप्रैल को आरोपियों को रसूलपुर इंदौर भोपाल बायपास से गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान आरोपियों ने आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र ,तेलंगाना, जम्मू कश्मीर सहित मध्यप्रदेश राज्य के भोपाल, रायसेन, इंदौर,देवास जिलों मे चोरी की घटना कारित करना स्वीकार किया है।

**गिरफ्तार आरोपी :** दावूलूरी लिकिथ उर्फ नानी पिता डी.प्रसाद उम्र 24 साल निवासी बालरेड्डी नगर फिल्म नगर थाना जुवली हिल्स जिला हैदराबाद (तेलंगाना) , मोहम्मद अशरफ पिता मोहम्मद फारूख उम्र 22 साल निवासी ग्राम धमान थाना बनी तहसील बनी जिला कठुआ (जम्मू-कश्मीर), मुजफ्फर हुसैन उर्फ झिग्गा पिता मोहम्मद लतीफ उम्र 23 साल निवासी ग्राम कोटी चंडीहार थाना बनी तहसील बनी जिला कठुआ (जम्मू-कश्मीर)।

# खाद्य सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने की छापामार कार्रवाई

## 07 खाद्य प्रतिष्ठानों से संग्रहित किए खाद्य पदार्थों के नमूने

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** खाद्य सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत खरगोन जिले में विक्रय किए जाने वाले जंक फूड, स्ट्रीट फूड एवं फास्ट फूड की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयुक्त, खाद्य सुरक्षा श्री संदीप यादव के निर्देशानुसार निरीक्षण, जाँच, प्रशिक्षण एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के निर्देशन में 12 अप्रैल को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की द्वारा फास्ट फुड्स एवं स्ट्रीट फुड्स संस्थानों का औचक निरीक्षण किया गया। संस्थानों में उचित साफ-सफाई के साथ व्यवसाय करना, खाद्य पदार्थ निर्माणकर्ता कर्मचारियो की व्यक्तिगत साफ-सफाई, स्वच्छ-पात्रों का उपयोग,स्वयं एप्रान, ग्लव्ज एवं कैप पहनने का प्रशिक्षण दिया गया।




खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरसिंह सोलंकी ने बताया कि फास्ट फुड्स को तैयार करने उपयोग किये जा रहे रॉ-मटेरियल की गुणवत्ता का प्राथमिक परीक्षण किया गया। फास्ट फुड्स में मोनो सोडियम ग्लूकोमेट, खाद्य रंग, आर्टिफिशियल स्वीटनर की मात्रा सीमित रूप से उपयोग करने की समझाईश दी गई तथा खाद्य पदार्थ का उचित रख रखाव करने की भी जानकारी दी गई तथा कार्यक्रम में उपस्थित खाद्य प्रतिष्ठान के खाद्य कारोबारियों ने खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। जंक फूड, स्ट्रीट फूड एवं फास्ट फूड गुणवत्ता की जांच के लिए विशेष अभियान चलाकर विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने प्रतिष्ठानों से नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे हैं।

निरीक्षण के दौरान मनपसंद चाट हाउस स्टेशन रोड़ बड़वाह से सोयाबीन तेल एवं पानी पतासे, गुरुकृपा चायनीय महेश्वर रोड़ बडवाह से रेड चीली सॉस एवं नूडल्स, भगवान भाई चायनीस सेन्टर मेन रोड करही तहसील महेश्वर से सोयबीन तेल एवं विनेगर, श्री ज्यूस एण्ड चायनीज मेंन रोड़ करही सें ग्रीन चीली सॉस, श्री गणेश चायनीज एव पावभाजी मेन रोड़ मण्डलेश्वर से सोयाबीन तेल का, जय महाकाली चाट सेन्टर मेन रोड़ मण्डलेश्वर से पानी पुरी एवं पानी पुरी के पानी का, इण्डियन केफे एण्ड रेस्टोरेन्ट धामनोद रोड़ महेश्वर से नुडल्स का नमूना सग्रंहित किया गया है।

खाद्य पदार्थों के नमूने जॉच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल को भेजे गये है। जॉच में खाद्य सामग्री के नमूने अमानक पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के विरूद्व खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत वैद्यानिक कार्यवाही की जायेगी। आगामी समय में समस्त जगह विशेष अभियान चलाकर खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर विधिवत कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। इस कार्यवाही में श्री आरआर सोंलकी एवं श्री एनएस सोंलकी खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित थे।

# मण्डलेश्वर में पक्षकारों के लिए मध्यस्थता जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देषानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर श्री अखिलेश जोशी की उपस्थिति में 12 अप्रैल 2025 को जिला न्यायालय परिसर मण्डलेश्वर के सभाकक्ष में पक्षकारों के लिए मध्यस्थता जागरूकता शिविर आयोजित किया।

शिविर को संबोधित करते हुए माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर श्री अखिलेश जोशी, ने कहा कि मध्यस्थता ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें दोनो पक्षों की जीत होती है। जिस न्यायालय में प्रकरण चल रहा है, उस न्यायालय से अलग दूसरे न्यायाधीश के पास प्रकरण मध्यस्थता के लिए रैफर किया जाता है। मध्यस्थता की जानकारी पक्षकारों को होने से उनके मामलों को मीडिएशन के माध्यम से प्रकरण का निपटारा होने से पक्षकार धन के अपव्यय एवं समय की बचत कर सकते है एवं पारिवारिक विवादों में आपसी मतभेद को भुलकर एक साथ रहकर प्रसन्न जीवन व्यतीत कर सकते है। मध्यस्थता में दोनो पक्षों में आपसी समझौते के माध्यम से सुलभ न्याय सरलता से मिलता है, जिससे विवादों के निपटारे से शांति, भाईचारा, सौहार्द की भावना कायम रहती है। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर प्रीति जैन द्वारा पक्षकारों को बताया गया कि मध्यस्थता की प्रक्रिया एक गोपनीय और सुलभ प्रक्रिया है, जो पक्षकार सुलह समझाईश के माध्यम से अपने प्रकरण का निपटारा करवाना चाहते है। वे अपने प्रकरण को मीडिएशन में रेफर करवा सकते है अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सीधे संपर्क कर सकते है। शिविर में रूपेश कुमार शर्मा, डिप्टी लीगल एड डिफेंस, निशा कौशल असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस, पैरालीगल वालेन्टियर जोजू एम.आर एवं पक्षकारगण उपस्थित रहे।

# समाज सुधारक के आदर्शों को आत्मसात करने का लिया संकल्प

विनय उजाला

**बदनावर, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी नगर पिछड़ा मोर्चा द्वारा शुक्रवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती सादगी और श्रद्धा के साथ मनाई गई। आनंदेश्वर महादेव मंदिर के सामने नगर परिषद द्वारा लगाई गई ज्योतिबा फुले की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर वक्ताओं ने फुले के जीवन और उनके समाज सुधार कार्यों पर प्रकाश डाला। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी ने कहा महात्मा फुले ने शिक्षा को समाज परिवर्तन का माध्यम बनाया और नारी



शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय कार्य किए। उनका जीवन प्रेरणा का स्त्रोत है। महात्मा फुले के विचार प्रासंगिक हैं और हमें उनके बताए रास्ते पर चलकर समाज में समरसता लाने का प्रयास करना चाहिए।

इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष मीना यादव, वरिष्ठ नेता प्रजेंद्र भट्ट, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रीतेश सिंह पवार, जिला महामंत्री कन्हैयालाल गुर्जर, पिछड़ा मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रदीप पवार, दीपक जादव, पवन चावला, यश यादव, संतोष चौहान, चेतन यादव, मोहनलाल प्रजापत, सहित बड़ी संख्या कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन संतोष चौहान ने किया आभार प्रदीप पवार ने माना।

## जिला सहकारी संगोष्ठी का आयोजन संपन्न

# कृषकों को जैव उर्वरक एवं नैनो उर्वरक का उपयोग करना चाहिए: डॉ. सोलंकी

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** होटल सृष्टि में शुक्रवार को सहकारी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें देवास विकासखंड की जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की पांच शाखाओं से संबद्ध 40 समिति प्रबंधकों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम बाबूलाल गोठवाल इफको आरजीबी सदस्य की अध्यक्षता एवं डॉ डीके सोलंकी राज्य विपणन प्रबंधक इफको भोपाल के मुख्य आतिथ्य में




सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में संतोष रघुवंशी उप क्षेत्र प्रबंधक इफको भोपाल एवं सुरेंद्र सिंह मकवाना शाखा पर्यवेक्षक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक देवास उपस्थित थे। डॉ डी के सोलंकी ने जैव उर्वरक एवं नैनो उर्वरक के महत्व को बताया। उन्होंने बताया कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से मृदा एवं मानव स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। रासायनिक उर्वरकों के कुप्रभाव को कम करने के लिए कृषको को जैव उर्वरक एवं नैनो उर्वरक का उपयोग करना चाहिए। इससे खेती की लागत कम होगी एवं मृदा व मानव स्वास्थ्य बना रहेगा। संतोष रघुवंशी ने नैनो उर्वरकों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि समिति के व्यवसाय वृद्धि में नैनो उर्वरक एवं इफको के विशिष्ट उत्पाद महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

आज समय में कृषकों की आय बढ़ाने एवं पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के लिए खेती में नैनो उर्वरक एवं जैव उर्वरकों का उपयोग करना अति आवश्यक है। संचालन राजेश पाटीदार सहायक क्षेत्र प्रबंधक इफको देवास ने किया।

### लखनऊ सुपर जायंट्स ने रोका जीटी का विजय रथ

# पूरन और मार्करम के तूफान में उड़े गुजरात टाइटन्स

नई दिल्ली, एजेंसी

**आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटन्स को लगातार चार मैच जीतने के बाद हार का सामना करना पड़ा। गुजरात की टीम को सीजन के पहले मैच में हार मिली थी और इसके बाद जीटी ने लगातार चार मैच जीते, लेकिन अब शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम के विजयी रथ को ऋषभ पंत की कप्तानी वाली टीम लखनऊ सुपर जायंट्स ने रोक दिया। निकोलस पूरन और एडेन मारक्रम के बल्ले से तूफान आया और इसमें गुजरात टाइटन्स की टीम उड़ गई। लखनऊ ने इस मैच को 6 विकेट से जीता, जो उनकी सीजन की चौथी जीत है। निकोलस पूरन प्लेयर ऑफ द मैच रहे।**

इस मुकाबले की बात करें तो लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने इस मैच में टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी। हालांकि, उनका फैसला उस समय सही साबित होता नजर नहीं आया, जब गुजरात टाइटन्स ने पहले विकेट के लिए 120 रनों के करीब की साझेदारी की थी। हालांकि, 12 ओवर में 120 रन बनाने के बावजूद गुजरात की टीम महज 180 रन ही 20 ओवर में बना पाई। गुजरात के लिए कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने दमदार अर्धशतक जड़े, लेकिन निकोलस पूरन और एडेन मारक्रम की पारियां उन पर भारी पड़ीं।



### बिश्नोई और शार्दुल को 2-2 विकेट मिले

लखनऊ की ओर से रवि बिश्नोई और शार्दुल ठाकुर को 2-2 विकेट मिले। वहीं, जब टीम 181 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी तो मिचेल मार्श की जगह ऋषभ पंत ओपन करने आए। उन्होंने तेज शुरुआत जरूर दिलाई, लेकिन वे सिर्फ 21 रन ही बना सके। हालांकि, पहले विकेट के लिए साझेदारी 65 रनों की हुई थी। इसके बाद आए निकोलस पूरन ने तूफानी खेल दिखाकर लखनऊ के लिए मैच बनाया। एडेन मारक्रम ने 31 गेंदों में 58 रनों की पारी खेली। बाद में निकोलस पूरन 34 गेंदों में 61 रन बनाकर आउट हुए।

**एडन मारकरम**
31 गेंद
58 रन

**निकोलस पुरन**
34 गेंद
61 रन

### गुजरात के स्पिनर और पेसर्स नहीं गिरा पाए विकेट

निकोलस पूरन ने अपनी पारी में सात छक्के जड़े। ऐसा लग रहा था कि गुजरात के स्पिनर और पेसर्स के पास कोई तोड़ उनका नहीं था। मैच को बाद में आयुष बदोनी ने छक्का जड़कर खत्म किया। उन्होंने 20 गेंदों में 26 रन बनाए। गुजरात टाइटन्स की ओर से दो विकेट प्रसिद्ध कृष्णा को मिले और एक-एक विकेट राशिद खान और वॉशिंगटन सुंदर को मिला। गुजरात की टीम को इस मैच में हार मिलने का कारण ये भी रहा कि उन्होंने बहुत खराब फील्डिंग की। कई मौके उन्होंने गंवाए।

### IPL आज के मैच

राजस्थान रॉयल्स vs रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु
स्थान : जयपुर समय : दोपहर 3:30 बजे से

दिल्ली कैपिटल vs मुंबई इंडियंस
स्थान : नई दिल्ली समय : शाम 7.30 बजे से

## भाला फेंक खिलाड़ी डीपी मनु पर लगा चार साल का प्रतिबंध



नई दिल्ली, (हि.स.)

भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी डीपी मनु पर डोपिंग के मामले में नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (नाडा) ने चार साल का प्रतिबंध लगा दिया है। मनु के सैंपल में प्रतिबंधित पदार्थ मेथाइलटेस्टोस्टेरोन पाया गया, जिसके बाद यह सजा सुनाई गई है। 25 वर्षीय डीपी मनु ने 2023 एशियन चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था और बुडापेस्ट वर्ल्ड चैंपियनशिप में छठे स्थान पर रहे थे। अप्रैल 2024 में बेंगलुरु में आयोजित इंडियन ग्रां प्री-1 में उन्होंने 81.91 मीटर भाला फेंककर प्रतियोगिता जीती थी। इसी इवेंट के दौरान लिए गए उनके सैंपल में डोपिंग की पुष्टि हुई।

डोप टेस्ट के बाद भी मनु ने दो और प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। हालांकि, वह पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए निर्धारित 85.50 मीटर क्वालिफाइंग मार्क पार नहीं कर सके। इसके बावजूद, उनकी वर्ल्ड रैंकिंग के आधार पर ओलंपिक में जगह मिलने की संभावना थी लेकिन नेशनल इंटर-स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप, पंचकूला से पहले नाडा ने उन्हें प्रोविजनल सस्पेंड कर दिया था।

### फ्रीस्टाइल चेस ग्रैंड स्लैम टूर

## कार्लसन और कारुआना के बीच मुकाबला 67 चालों के बाद ड्रॉ

नई दिल्ली, (हि.स.)



**फ्रीस्टाइल चेस ग्रैंड स्लैम टूर के सेमीफाइनल के पहले चरण में शुक्रवार को मैग्नस कार्लसन और फेबियानो कारुआना के बीच एक बेहद रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। यह खेल 67 चालों तक चला और अंत में सिर्फ दोनों खिलाड़ियों के राजा ही बोर्ड पर बचे, जिससे मुकाबला ड्रॉ पर खत्म हुआ।**

सफेद मोहरों से खेलते हुए कारुआना ने शुरुआत से ही आक्रामक तेवर दिखाए। उन्होंने नाइट और बिशप को तेजी से एक्टिव किया, लेकिन कार्लसन ने शांत और संतुलित अंदाज़ में उनका दबाव झेला। उन्होंने अपनी क्वीन का शानदार उपयोग करते हुए कारुआना की बढ़त को रोक दिया। 18वीं चाल तक दोनों खिलाड़ियों ने अपनी रानियां एक्सचेंज कर दी थीं, जिससे खेल रणनीतिक मोड़ पर आ गया।

इसके बाद का खेल बेहद संतुलित रहा, जहां दोनों ग्रैंडमास्टर्स ने बारीकी से हर चाल चली। 67वीं चाल में कारुआना ने आखिरी प्यादा भी हटा दिया, लेकिन तब तक सिर्फ राजा ही बचे थे। इस वक्त कारुआना की घड़ी में सिर्फ 10 मिनट बचे थे, जबकि कार्लसन के पास आधे घंटे से भी ज्यादा समय था।

## ग्लेन फिलिप्स इंजरी के कारण आईपीएल से बाहर

नई दिल्ली, (हि.स.)

गुजरात टाइटंस टीम को एक बड़ा झटका लगा है। टीम के कीवी ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स ग्रोइन इंजरी के चलते आईपीएल 2025 सीजन से बाहर हो गए हैं। फ्रेंचाइजी ने शनिवार को इसकी आधिकारिक घोषणा की। बयान में कहा गया, ग्लेन फिलिप्स को 6 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान ग्रोइन इंजरी हुई थी। वह स्वदेश लौट चुके हैं और इस सीजन में अब हिस्सा नहीं लेंगे। ग्लेन फिलिप्स को यह चोट 6 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान लगी थी। इस सीजन अब तक फिलिप्स को गुजरात टाइटंस की प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला था, लेकिन वह इस मुकाबले में सब्स्टीट्यूट फील्डर के तौर पर मैदान पर उतरे थे।



## मनोरंजन


## बॉक्स ऑफिस पर जाट की ठाठ, गदर 2 को छोड़ पीछा

सनी देओल स्टारर मास एक्शन फिल्म जाट दर्शकों को खूब एंटरटेन कर रही है। जाट सनी की साउथ डेब्यू फिल्म है, जिसमें सनी का मास एक्शन अवतार दिख रहा है। साउथ फिल्मों के डायरेकटर गोपिचंद मलिनेनी ने सनी को पर्दे पर ऐसे पेश किया है, जो आज तक कोई बॉलीवुड डायरेक्टर नहीं कर पाया है। जाट ने पहले ही दिन कम लेकिन जबरदस्त शुरूआत की है। गदर 2 की सफलता के बाद सनी अब जाट की कामयाबी का स्वाद चख रहे हैं। जाट ने ओपनिंग डे पर कितने कमाए हैं, इसके मेकर्स ने ऑफिशियली आंकड़ा शेयर कर दिया है। जाट ने 10 करोड़ रुपय से ज्यादा की ओपनिंग ली है और इसी के साथ जाट सनी देओल की दूसरी सबसे बड़ी ओपनर फिल्म बन गई है। गदर 2 के बाद से सनी की किस्मत चमक उठी है। गदर 2 से पहले एक्टर के करियर में एक के बाद एक फ्लॉप फिल्म आती रही, लेकिन गदर 2 ने सनी का बॉक्स ऑफिस पर शानदार स्वागत किया था। गदर 2 के डेढ़ साल बाद जाट रिलीज हुई है, जिसने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया है। दर्शकों का फिल्म को लेकर शानदार रिव्यू आ रहा है। जाट ने ओपनिंग डे पर 11.06 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है।



## तब्बू की 5 साल बाद साउथ में वापसी विजय सेतुपति के साथ करेंगी फिल्म

तब्बू न सिर्फ बॉलीवुड, बल्कि साउथ में भी अपने अभिनय का जलवा बिखेर चुकी हैं और अब वह एक और दक्षिण भारतीय फिल्म से जुड़ गई हैं, जिसमें उनके साथ विजय सेतुपति नजर आएंगे। साउथ के स्टार विजय सेतुपति को अभिनय का स्कूल कहा जाता है। उनकी फिल्मों का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार रहता है। पिछले कुछ समय से वह एक पैन इंडिया फिल्म को लेकर चर्चा में है। हालांकि, इसका नाम अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन इस फिल्म के निर्माताओं ने अब इसमें तब्बू का स्वागत किया है। तब्बू के साथ एक तस्वीर साझा करते हुए निर्माताओं ने लिखा, वह शानदार हैं। वह धमाकेदार हैं। वह तब्बू हैं। भारतीय सिनेमा की रत्न तब्बू का हम गर्व से अपनी फिल्म में स्वागत करते हैं। फिल्म में उनका किरदार उनकी ही तरह जबरदस्त होगा। विजय की इस फिल्म का निर्देशन पुरी जगन्नाथ कर रहे हैं, वहीं फिल्म का निर्माण भी पुरी जगन्नाथ के प्रोडक्शन हाउस पुरी कनेक्ट्स के बैनर तले किया जा रहा है। तब्बू को आखिरी बार फिल्म अला वैकुंठपुरमुलु में देखा गया था, जो साल 2020 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अल्लू अर्जुन और पूजा हेगड़े ने इसमें मुख्य भूमिका निभाई थी। इसमें तब्बू अल्लू की मां यसोदा के किरदार में नजर आई थीं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी।





### अभिनेत्री फातिमा सना शेख ने कहा...

## 'सेट पर वो सब सुनती थी जो बच्चों के लिए सही नहीं था'

अभिनेत्री फातिमा सना शेख ने हाल ही में अपने बचपन के दिनों को याद किया, जब वह बतौर बाल कलाकार काम करती थीं। इस दौरान उन्होंने कई बातों का खुलासा किया। अभिनेत्री का एक चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम करने का अनुभव कुछ खास अच्छा नहीं रहा। उन्होंने बताया कि उन समय उन्हें कई परेशानियों से गुजरना पड़ा था। फातिमा सना शेख ने फिल्मफेयर की खास इंटरव्यू सीरीज इन द रिंग विद फिल्मफेयर में अपने दिल की बातें साझा कीं। इस दौरान फातिमा ने अपने बचपन और एक बाल कलाकार के तौर पर अपने अनुभवों को याद किया।

### याद किए संघर्ष के दिन

फातिमा ने कहा, जब मैं छोटी थी, तब मुझे 15-15 घंटे काम करना पड़ता था। सेट पर कई बार बड़ों की ऐसी बातें सुनने को मिलती थीं, जो मेरे लिए समझना मुश्किल था। वयस्कों के बीच की वो सब बातें सुनती थी, जो बच्चों के लिए सही नहीं था। उन्होंने आगे बताया कि उनके माता-पिता उनके साथ होते थे, लेकिन एक बार काम की जिम्मेदारी तय होने के बाद ज्यादा निगरानी नहीं होती थी। उन्होंने आज के समय की तारीफ की और कहा, अब बाल कलाकारों के लिए सख्त नियम हैं। उनके काम के घंटे सीमित हैं और अभिभावक की मौजूदगी जरूरी है। पहले ऐसा नहीं था।




## फिल्म इंडस्ट्री में कई प्रतिभाशाली लोगों को नहीं मिलते समान अवसर

टीवी एक्ट्रेस ईशा मालवीय ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में अपने करियर की शुरुआत के बाद से उन्हें सबसे ज्यादा हैरानी इस बात से हुई है कि कई बेहद प्रतिभाशाली लोगों को बराबर के अवसर नहीं मिलते। साल 2021 में रिलीज हुए टेलीविजन शो उड़ारियां से एक्टिंग की शुरुआत करने वालीं ईशा ने कहा, एक चीज जो मुझे हमेशा हैरान करती है और अब भी करती है, वह यह है कि कितने प्रतिभाशाली लोगों को बराबर के अवसर नहीं मिलते।

मैं यह नहीं कह रही कि भाई-भतीजावाद पूरी तरह से गलत है, लेकिन मुझे लगता है कि बाहरी लोगों को कम से कम अपनी काबिलियत साबित करने के लिए एक निष्पक्ष मौका तो मिलना चाहिए। अभिनेत्री ने जोर देकर कहा कि इंडस्ट्री को असली प्रतिभा पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, उन्हें स्टार किड्स के साथ प्रतिस्पर्धा करने दें और दर्शकों को फैसला करने दें कि कौन वास्तव में चमकने का हकदार है। इंडस्ट्री को किसी की पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना असली प्रतिभा पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए और बॉलीवुड का भविष्य योग्यता से तय होना चाहिए।

## केसरी 2 से अक्षय कुमार का नया लुक आया सामने



अभिनेता अक्षय कुमार जल्द ही फिल्म केसरी चैप्टर 2 में नजर आएंगे। यह फिल्म इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म की कहानी जलियांवाला बाग हत्याकांड पर आधारित है। अक्षय फिल्म में वरिष्ठ वकील सी शंकरन नायक की भूमिका निभा रहे हैं। अब केसरी-चैप्टर 2 से अक्षय का नया लुक सामने आ गया है, जिसे प्रशंसक खूब पसंद कर रहे हैं। अभिनेता का ऐसा अवतार आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। अक्षय ने लिखा, यह कोई पोशाक नहीं है। यह प्रतीक है- परंपरा का, प्रतिरोध का, सत्य का, मेरे राष्ट्र का। सी शंकरन नायर ने हथियार से लड़ाई नहीं की। उन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य से कानून से लड़ाई लड़ी। हम आपके लिए वह अदालती मुकदमा लेकर आ रहे हैं, जो आपने कभी पाठ्यपुस्तकों में नहीं पढ़ा।



## अच्छा रहा बाबिल के साथ अनुभव

अभिनेत्री रसिका दुग्गल बहुप्रतीक्षित ड्रामा लॉगआउट' में दिवंगत अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल खान के साथ पहली बार स्क्रीन स्पेस शेयर करती नजर आएंगी। रसिका ने बताया कि बाबिल के साथ काम करने का उनका अनुभव शानदार रहा। रसिका ने बताया, बाबिल के साथ काम करने का अनुभव खास रहा। वह दिलचस्प अभिनेता हैं और उन्हें काम में अपना सर्वश्रेष्ठ देते देखना दिल को छू लेने वाला था। उन्होंने कहा, मैं पहली बार बाबिल से तब मिली थी, जब मैंने उनके पिता इरफान के साथ किस्सा में काम किया था। अपने करियर की शुरुआत में इरफान के साथ काम करना मेरे लिए सम्मान की बात थी और बाबिल के करियर की शुरुआत में उनके साथ काम करना मेरे लिए बहुत खास है। यह एक चक्र की तरह लगा। अभिनेत्री ने लॉगआउट' की टीम के बारे में कहा, मैंने पहले भी निर्देशक अमित गोलानी, लेखक बिस्वपति सरकार, क्रिएटिव प्रोड्यूसर समीर सक्सेना के साथ काम किया है। वे बेहद प्रतिभाशाली हैं। मैं किस्सा के माध्यम से उस जुड़ाव को फिर से अनुभव करने के लिए उत्साहित हूं। अमित गोलानी के निर्देशन में बनी लॉगआउट की कहानी को बिस्वपति सरकार ने लिखा है।

Ministry of Cooperation | सहकारिता मंत्रालय
Government of India | भारत सरकार
राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड
International Year of Cooperatives 2025
Cooperatives Build a Better World



# सहकार से समृद्धि



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन

एवं

राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड तथा मध्यप्रदेश सरकार के मध्य

## सहकार्यता अनुबंध निष्पादन कार्यक्रम

**डेयरी किसानों से दूध की खरीदी सुनिश्चित कर उनकी आय में वृद्धि की अहम पहल**

मुख्य अतिथि
**अमित शाह**
केन्द्रीय मंत्री, गृह एवं सहकारिता मंत्रालय

गरिमामयी उपस्थिति
**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**13 अप्रैल, 2025 | दोपहर 1:00 बजे | रवीन्द्र भवन, भोपाल**



### हर ग्राम पंचायत में डेयरी सहकारी समिति एवं कलेक्शन सेंटर होंगे स्थापित

- दुग्ध उत्पादकों को उनके **द्वार पर ही दूध विक्रय** की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी
- 6 हजार दुग्ध समितियों को बढ़ाकर 9 हजार एवं दुग्ध संकलन 10 लाख से 20 लाख लीटर प्रतिदिन करने का लक्ष्य। **18 हजार गांव होंगे लाभान्वित**
- को-ऑपरेटिव-पब्लिक-प्राइवेट-पार्टनरशिप (सीपीपीपी) के माध्यम से सहकारी समितियों को उपलब्ध कराये जायेंगे व्यवसाय के नए अवसर

साँची Sanchi

### प्रदेश के साँची ब्रांड की पहचान को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में कदम...

- ₹ 2500 करोड़ के निवेश लक्ष्य से प्रत्येक जिले में **साँची डेयरी** के साथ **मिल्क कूलर, मिनी डेयरी** एवं **चिलिंग सेंटर** खोले जायेंगे
- साँची डेयरी संयंत्रों की क्षमता में वृद्धि करते हुए 18 लाख लीटर प्रतिदिन से बढ़ाकर 30 लाख लीटर किया जायेगा
- **आय में वृद्धि**, डेयरी किसानों की आय ₹ 1700 करोड़ से बढ़ाकर ₹ 3500 करोड़ करने का लक्ष्य



### ₹ 787 करोड़ के निवेश से दुग्ध प्रसंस्करण के लिए विकसित होगी बुनियादी अवसंरचना

- दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हेतु नवीन योजना **"डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना"** की स्वीकृति। योजना में 25 दुधारू पशुओं की ₹ 42 लाख तक लागत की डेयरी इकाई लगाने के लिए ऋण सहायता
- स्वावलंबी गौशालाओं की स्थापना की नीति - 2025 अंतर्गत प्रदेशभर में **पीपीपी मोड पर स्वावलंबी गौशाला** का निर्माण किया जाएगा
- गौशाला में प्रति गाय दी जाने वाली **₹ 20 की राशि बढ़ाकर ₹ 40** की गयी है

D11007/25
मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhypradesh @jansamparkMP
JansamparkMP

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2025

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा उषा प्रिंटर्स, तिलक मार्ग, अमला लाइन, अलीराजपुर से मुद्रित एवं 13/2, ब्लॉक सी, केशव नगर, अलीराजपुर ( म.प्र. ) से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, स्थानीय संपादक - श्रीमती दिव्या गुप्ता *,
फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, 8889766697, ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। RNI. Reg. MPHIN/2019/78560